हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

पेज : 12

**एशियाई खेलः मनु भाकर और तजिंदरपाल सिंह तूर होंगे उद्घाटन...**



www.naisochlive.com | पटना, शनिवार, 19 सितंबर 2026, वर्ष- 09, अंक- 205, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

## पीएम शनिवार को 20वें रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को 20वें रोजगार मेले के दौरान विभिन्न सरकारी संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रदान करने के साथ नवनियुक्त अभ्यर्थियों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, रोजगार मेले का आयोजन देशभर में 45 स्थानों पर किया जाएगा। इस दौरान नियुक्त होने वाले युवा केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार संभालेंगे। इनमें राजस्व विभाग, रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग और रक्षा मंत्रालय सहित अन्य विभाग शामिल हैं। सरकार के अनुसार, रोजगार मेला युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा उन्हें देश के विकास में अधिक भागीदारी का अवसर देने की दिशा में निरंतर प्रयास का हिस्सा है। 20वें रोजगार मेले के साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में अब तक करीब 12.75 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके होंगे।

## पीएम की 'चिंतन बैठक' से कैबिनेट फेरबदल की अटकलें तेज

### 23-24 सितंबर को होगी मंत्रियों की 'क्लास'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह केंद्रीय मंत्रियों के साथ दो दिवसीय विशेष 'चिंतन बैठक' करेंगे। यह बैठक 23 और 24 सितंबर को होगी, जिसे सरकार के कामकाज, नीतियों के क्रियान्वयन और भविष्य की प्राथमिकताओं को लेकर बेहद अहम माना जा रहा है। बैठक की टाइमिंग को देखते हुए राजनीतिक गलियारों में कैबिनेट फेरबदल की अटकलों ने भी जोर पकड़ लिया है, हालांकि सरकार की ओर से फेरबदल को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। इस दौरान केंद्रीय मंत्रियों के साथ सरकार के कामकाज की गहन समीक्षा की जाएगी, जिसमें खास तौर पर नीतियों को जमीन पर लागू करने की गति, सरकारी योजनाओं की प्रगति, मंत्रालयों के बीच बेहतर तालमेल और आम लोगों तक सरकारी सेवाओं की पहुंच जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक सामान्य कैबिनेट बैठक से अलग तरीके की होगी। इसमें मंत्रियों को अलग-अलग समूहों में बांटकर विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श कराया जा सकता है। रिपोर्टों के अनुसार, ऐसे कई समूह बनाए गए हैं, जिनमें मंत्री शासन व्यवस्था, संवाद, सुधार और सरकार के कामकाज को और प्रभावी बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बैठक में कुछ मंत्रालयों की ओर से अपने कामकाज और उपलब्धियों को लेकर प्रस्तुतीकरण भी दिए जाने की संभावना है। सरकार की मौजूदा योजनाओं की स्थिति, अब तक हासिल किए गए परिणाम और आने वाले महीनों के लिए प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा हो सकती है। इस चिंतन बैठक का एक बड़ा उद्देश्य नीति निर्माण की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और परिणामदायी बनाना है। सरकार यह देखना चाहती है कि नीतियां तैयार होने के बाद उनका वास्तविक असर जमीन पर कितना दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही समय प्रबंधन, मंत्रालयों के बीच समन्वय, योजनाओं की निगरानी और जनसेवा की डिलीवरी को बेहतर बनाने के उपायों पर भी चर्चा होने की संभावना है, यानी बैठक में केवल बीते समय के कामकाज की समीक्षा नहीं होगी, बल्कि आने वाले महीनों के लिए सरकार की कार्ययोजना पर भी मंथन होगा। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब केंद्र की मौजूदा सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के लगभग मध्य में पहुंच चुकी है। ऐसे में अगले चरण के लिए प्राथमिकताएं तय करने और मंत्रालयों के कामकाज की दिशा को लेकर यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सरकार के स्तर पर इसे मुख्य रूप से शासन और नीतियों की समीक्षा से जोड़कर देखा जा रहा है।


### प्रधानमंत्री शनिवार को पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता के भविष्य पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को विज्ञान भवन में 'पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। दो दिवसीय यह सम्मेलन 19 एवं 20 सितंबर को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की ओर से आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, सम्मेलन में पर्यावरण और जलवायु से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों पर विचार-विमर्श के साथ पर्यावरणीय शासन व्यवस्था को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा होगी। इसमें भारत के उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों, जिला न्यायालयों के न्यायाधीशों, विभिन्न मंत्रालयों के सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों सहित पर्यावरण विशेषज्ञ तथा अन्य संबंधित पक्ष हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में 17 देशों के प्रतिष्ठित न्यायाधीशों और न्यायिक प्रतिनिधियों की भी भागीदारी होगी।

## एचएएल ने वायु सेना को सौंपे एलसीए तेजस मार्क-1 के दो आखिरी ट्रेनर एयरक्राफ्ट

### एचएएल के सीएमडी ने इंजन की कमी को तेजस मार्क-1ए की आपूर्ति में देरी की वजह बताया


**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय वायु सेना को आज हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बेंगलुरु में लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-1 के दो आखिरी ट्रेनर एयरक्राफ्ट सौंप दिए, जिससे एचएएल को दिए गए पहले ऑर्डर के सभी 40 विमानों की आपूर्ति पूरी हो गई। इसके साथ एचएएल ने आज ही वायु सेना को एचटीटी 40 बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट और पवन हंस लिमिटेड को ध्रुव नेक्स्ट जेनरेशन (एनजी) हेलीकॉप्टर भी सौंपे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू की मौजूदगी में शुक्रवार को एचएएल ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस के दो ट्विन सीटर ट्रेनर्स वायु सेना को सौंपे। यह एलसीए मार्क-1 ट्रेनर विमान भारतीय वायु सेना के 40 विमानों के पुराने ऑर्डर की अंतिम खेप हैं। वायु सेना ने ये 40 विमान दो चरणों में मार्च, 2006 और दिसंबर, 2010 में ऑर्डर किए थे। इनमें से 38 विमान पहले ही वायु सेना को सौंपे जा चुके हैं। अब अंतिम दो ट्विन-सीट ट्रेनर विमानों की डिलीवरी के साथ इस शुरुआती एलसीए मार्क-1 ऑर्डर की आपूर्ति पूरी हो गई। इसके बाद एचएएल पर एलसीए मार्क-1ए की आपूर्ति का दबाव बढ़ गया है। वायु सेना ने एचएएल को दो किश्तों में 180 तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान के ऑर्डर दिए हैं। पहला ऑर्डर फरवरी, 2021 में 83 लड़ाकू विमानों के लिए और दूसरा ऑर्डर पिछले साल सितंबर में 97 विमानों के लिए दिया गया था। एचएएल से दोनों सौदों के तहत वायु सेना को 141 लड़ाकू और 39 ट्रेनर विमान मिलने हैं। लेकिन मिसाइल और रडार इंटीग्रेशन की दिक्कतों के साथ-साथ इंजन की कमी के कारण इसमें देरी हो रही है। एचएएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक रवि कुमार ने तेजस मार्क-1ए की आपूर्ति में देरी की वजह विमान में मिसाइल और रडार इंटीग्रेशन की दिक्कत और इंजन की कमी को बताया है। उन्होंने कहा कि हमें अगले चार से पांच साल में पूरे एयरक्राफ्ट की आपूर्ति होने की उम्मीद है। इनका उत्पादन बेंगलुरु और नासिक डिवीजन में किया जा रहा है। हम बड़े पैमाने पर प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी का इस्तेमाल कर रहे हैं, चाहे वह एलसीए हो, हेलीकॉप्टर हो, या एचटीटी-40 हो। हम इंटीग्रेशन का काम संभालते हैं, जबकि कई नॉन-कोर एक्टिविटी प्राइवेट इंडस्ट्री पार्टनर करते हैं। सीएमडी रवि कुमार ने यह भी कहा कि मिसाइल और रडार इंटीग्रेशन की दिक्कतों की वजह से तेजस मार्क-1ए में देरी हो रही है, लेकिन जल्द ही इसका हल निकलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 27 एयरफ्रेम बन चुके हैं और हमें 10 इंजन मिल गए हैं, इसलिए हम एयरक्राफ्ट की डिलीवरी शुरू कर पाएंगे। इसी कार्यक्रम में वायु सेना को पहली खेप में तीन एचटीटी 40 बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट सौंपे गए हैं। एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों की आपूर्ति लंबे समय से अटकी हुई थी। इसकी मुख्य वजह हनीवेल के टीपीई-331-12बी टर्बोप्रॉप इंजन की आपूर्ति में आई वैश्विक सप्लाई चेन की दिक्कत थी। इंजन की आपूर्ति को मंजूरी मिलने के बाद अब इन विमानों की डिलीवरी का रास्ता साफ हुआ है। ये तीन विमान मार्च, 2023 में रक्षा मंत्रालय के साथ 6,838 करोड़ रुपये के 70 एचटीटी-40 विमानों के अनुबंध का हिस्सा हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के पोस्ट पर भाजपा का पलटवार, सुधांशु त्रिवेदी ने राजनीतिक ज्ञान पर उठाए सवाल




**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को पलटवार किया। भाजपा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी के राजनीतिक ज्ञान पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिन राजनीतिक दलों का उदाहरण देकर वह भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं, उनके कांग्रेस से अलग होने के इतिहास की उन्हें जानकारी नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और तृणमूल कांग्रेस का जिक्र करते हुए भाजपा और निर्वाचन आयोग पर राजनीतिक दलों को विभाजित करने का आरोप लगाया था। भाजपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी को देश, समाज, संस्कृति और धर्म की जानकारी नहीं होने की धारणा तो पहले से रही है, लेकिन उनके ताजा बयान से लगता है कि उन्हें अपनी पार्टी के राजनीतिक इतिहास की भी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भाजपा पर शिवसेना, एनसीपी और तृणमूल कांग्रेस को खत्म करने का आरोप लगाया है, जबकि इन दलों के गठन की परिस्थितियों का संबंध कांग्रेस के अपने राजनीतिक इतिहास से रहा है। त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी को अपनी पार्टी की राजनीतिक विरासत और उससे अलग होकर बने दलों के इतिहास को भी देखना चाहिए।

### तृणमूल कांग्रेस का चुनाव चिह्न फ्रीज करने पर राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नाम और चुनाव चिह्न पर रोक लगाने के चुनाव आयोग के फैसले की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर विपक्षी दलों को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल ममता बनर्जी की नहीं बल्कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव चाहने वाले प्रत्येक राजनीतिक दल और मतदाता की है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पहले शिवसेना, फिर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और अब तृणमूल कांग्रेस के साथ ऐसा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर बार एक ही पैटर्न दोहराया जाता है, जिसमें पहले पार्टी को तोड़ा जाता है और फिर उसका चुनाव चिह्न छीन लिया जाता है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी जनादेश की रक्षा करना है लेकिन वह उन ताकतों की मदद कर रहा है जो जनता के फैसले को बदलना चाहती हैं। इससे पहले कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने एक्स पर चुनाव आयोग के फैसले की आलोचना करते हुए कहा था कि चुनाव आयोग विपक्षी दलों के खिलाफ कार्रवाई कर लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने भी चुनाव आयोग के फैसले पर सवाल उठाया।

## तृणमूल के दोनों गुटों ने चुनाव आयोग को सौंपे नए नाम और चुनाव चिह्न के विकल्प



**कोलकाता ।** तृणमूल कांग्रेस के दोनों गुटों ने चुनाव आयोग को अपने-अपने नए पार्टी नाम और चुनाव चिह्न के विकल्प सौंप दिए हैं। एक गुट पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व वाला 'मूल लेकिन अल्पमत' वाला गुट है, जबकि दूसरा पार्टी से निकाले गए विधायक रितब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाला 'बागी लेकिन बहुमत' वाला गुट है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने गुरुवार आधी रात के बाद नाम और चिह्न के लिए तीन-तीन विकल्प आयोग को भेजे। वहीं, रितब्रत बनर्जी के गुट ने शुक्रवार सुबह अपने विकल्प भेजे। चुनाव आयोग ने नए नाम और चिह्न जमा करने की अंतिम समय सीमा शुक्रवार सुबह 11 बजे तक तय की थी। अब आयोग दोनों गुटों के लिए नए नाम और चिह्न फाइनल करेगा, जिसका इस्तेमाल दोनों गुट 6 अक्टूबर को होने वाले नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा उपचुनाव में करेंगे। इन उपचुनावों के नतीजे 9 अक्टूबर को आएंगे। यह दोनों सीटें पूर्वी मेदिनीपुर और मुर्शिदाबाद जिले में हैं। हालांकि दोनों गुटों के नेताओं ने शुक्रवार को विकल्प भेजने की पुष्टि की लेकिन उन्होंने अपने चुने हुए नामों और चिह्नों के बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। दोनों गुटों के नेताओं का कहना है कि वे चुनाव आयोग के ऐलान का इंतजार करेंगे और उसके बाद ही इस पर कुछ कहेंगे। गुरुवार रात चुनाव आयोग ने ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस नाम और घास-फूल वाले चुनाव चिह्न को फिलहाल फ्रीज करने का ऐलान किया था। इसका मतलब है कि जब तक आयोग अंतिम फैसला नहीं लेता, तब तक कोई भी गुट किसी भी चुनाव में इस नाम और चिह्न का इस्तेमाल नहीं कर पाएगा।

## डूसू चुनावः सुरक्षा और हॉस्टल मुद्दों के बीच मतदान जारी, फर्जी पर्चियों के आरोप पर गरमाई राजनीति

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव 2026 के लिए शुक्रवार को जारी मतदान के दौरान नॉर्थ और साउथ कैंपस के कॉलेजों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच फर्जी पर्चियों बांटने के आरोप पर राजनीति गरमा गई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) पर फर्जी पर्चियां बांटने का आरोप लगाया है। डूसू के चार केंद्रीय पदों के लिए मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित अभाविप और कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के बीच है। अभाविप के पैनल में अध्यक्ष पद पर यश डबास, उपाध्यक्ष पद पर इशू मौर्य, सचिव पद पर रिया छाबड़ी और संयुक्त सचिव पद पर लक्ष्यराज सिंह मैदान में हैं। वहीं, एनएसयूआई ने अध्यक्ष पद के लिए विजय शंकर मीणा, उपाध्यक्ष पद के लिए वीर छत्रथ, सचिव पद के लिए नम्रता चौधरी और सह-सचिव पद के लिए गोपाल चौधरी को उतारा है। मतदान के दौरान अभाविप के अध्यक्ष पद प्रत्याशी यश डबास ने सभी चार सीटों पर जीत का दावा करते हुए मीडिया से कहा कि छात्र परिषद की पहली प्राथमिकता सभी कॉलेजों, हॉस्टलों और निजी पीजी का सघन 'सेफ्टी ऑडिट' कराकर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करना होगी।

उन्होंने सत्य निकेतन हादसे का हवाला देते हुए नगर निगम प्रशासन के खिलाफ कड़े कदम उठाने की बात कही। वहीं, निवर्तमान डूसू अध्यक्ष आर्यन मान ने 2300 बेड वाले महिला हॉस्टल प्रोजेक्ट, यूनिवर्सिटी क्षेत्र में किराया नियंत्रण अधिनियम लागू करने और 1000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने भी विवेकानंद कॉलेज पहुंचकर छात्रों से संवाद किया और राष्ट्रवादी सोच के आधार पर अभाविप की जीत का भरोसा जताया। मतदान के दौरान कैंपस लॉ सेंटर (सीएलसी), दयाल सिंह कॉलेज और किरोड़ीमल कॉलेज (केएमसी) सहित कई केंद्रों से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें सामने आईं। अभाविप ने आरोप लगाया कि एनएसयूआई समर्थित बाहरी तत्वों ने अभाविप के नाम से फर्जी पैनल पर्चियां छपवाकर छात्रों में बांटीं ताकि मतदाताओं को भ्रमित किया जा सके।

### महाराष्ट्र में मुकुटबन-गडचांदुर नई रेल लाइन को मंजूरी,493 करोड़ रुपये होंगे खर्च

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने महाराष्ट्र में मुकुटबन (आदिलाबाद) और गडचांदुर के बीच 38.21 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन बिछाने की परियोजना को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। 493 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना से क्षेत्र में रेल संपर्क मजबूत होने के साथ औद्योगिक एवं खनन क्षेत्रों से माल ढुलाई को गति मिलने की उम्मीद है। रेल मंत्रालय के अनुसार, मुकुटबन और गडचांदुर क्षेत्र सीमेंट उद्योग, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कोयला खदानों और चूना पत्थर खदानों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र हैं। नई रेल लाइन से इन औद्योगिक एवं खनन क्षेत्रों की रेल संपर्क व्यवस्था बेहतर होगी और माल परिवहन अधिक सुगम हो सकेगा। मंत्रालय ने बताया कि नई लाइन मौजूदा मार्ग की तुलना में छोटा और अधिक प्रभावी रेल मार्ग उपलब्ध कराएगी। इससे परिवहन दूरी, समय और लागत में कमी आएगी। साथ ही यह वर्धा-माणिकगढ़ रेलखंड के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में काम करेगी, जिससे इस मार्ग पर दबाव कम करने में मदद मिलेगी। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के अनुसार, रेल लाइन शुरू होने के बाद सालाना 6.08 मिलियन टन माल ढुलाई की क्षमता विकसित होगी। इसके अलावा दोनों दिशाओं में प्रतिदिन दो-दो मेमू ट्रेनें चलाने की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

### जेएससीबी घोटालाः झारखंड और ओडिशा के 7 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

#### कारोबारी संजय डालमिया से जुड़े परिसरों की तलाशी



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने झारखंड स्टेट कोऑपरेटिव बैंक (जेएससीबी) से जुड़े करोड़ों रुपये के घोटाले में शुक्रवार को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 17 के तहत बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी की टीमें झारखंड और ओडिशा में कुल सात ठिकानों पर एक साथ तलाशी और जब्ती अभियान चला रही हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई झारखंड स्टेट कोऑपरेटिव बैंक की सरायकेला शाखा में हुए बड़े वित्तीय फर्जीवाड़े की चल रही जांच के सिलसिले में की जा रही है। जांच में सामने आया है कि कारोबारी संजय कुमार डालमिया ने जेएससीबी के तत्कालीन बैंक अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर बैंक के साथ बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी को अंजाम दिया। ईडी की यह छापेमारी कारोबारी संजय डालमिया और तत्कालीन बैंक अधिकारियों से जुड़े आवासीय तथा व्यावसायिक परिसरों पर केंद्रित है। तलाशी के दौरान एजेंसी वित्तीय अनियमितताओं, अवैध लेनदेन, फंड डायवर्जन और संपत्तियों के अधिग्रहण से जुड़े अहम दस्तावेजों व डिजिटल साक्ष्यों को खंगाल रही है।

## लाल सागर क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति बिगड़ने पर भारत चिंतित, सऊदी अरब पर हमले निंदनीय : जायसवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**





भारत ने लाल सागर क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति बिगड़ने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सऊदी अरब के संप्रभु क्षेत्र पर हुए हमलों की निंदा करते हुए कहा कि नागरिकों और आर्थिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने वाले ऐसे हमले क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा को प्रभावित करते हैं और बाब-अल-मंदेब के रास्ते नौवहन की स्वतंत्रता के लिए खतरा पैदा करते हैं। जायसवाल ने शुक्रवार को विदेश मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग में कहा, "हम लाल सागर क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति बिगड़ने को लेकर बेहद चिंतित हैं।" उन्होंने कहा कि भारत ने सऊदी अरब के संप्रभु क्षेत्र पर हुए हमलों की निंदा की है, जिसमें नागरिकों और आर्थिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया। प्रवक्ता ने कहा कि मक्का के पवित्र शहर पर किए गए हमले के प्रयास के बाद भारत ने अपना बयान भी जारी किया था। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को प्रभावित करते हैं तथा क्षेत्रीय सुरक्षा को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि ये हमले बाब-अल-मंदेब के रास्ते नौवहन की स्वतंत्रता के लिए भी खतरा पैदा करते हैं। विभिन्न कारणों से यह हमारे लिए पूरी तरह अस्वीकार्य है। जायसवाल ने उम्मीद जताई कि क्षेत्र में जल्द शांति और स्थिरता बहाल होगी। उल्लेखनीय है कि यमन के हूती विद्रोहियों और सऊदी अरब के सैन्य गठबंधन के बीच एक दशक से जारी संघर्ष वर्ष 2022 में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता के बाद शांत हुआ था, लेकिन पिछले सप्ताह हूती विद्रोहियों ने लाल सागर तट के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया। हूती विद्रोहियों के ऐसा करने से इस अहम समुद्री रास्ते पर जहाजों की सुरक्षा को लेकर खतरा पैदा हो गया। हूती विद्रोहियों के लगातार हमलों ने पूरे इलाके की चिंता बढ़ा दी है, जिसका असर सिर्फ अरब देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के तेल बाजारों पर भी पड़ सकता है।

## स्पैम कॉल और अनचाहे संदेशों पर सख्ती, ट्राई ने नियमों में किए बदलाव

**एजेंसी। नई दिल्ली**





दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने स्पैम कॉल और अनचाहे व्यावसायिक संदेशों (यूसीसी) पर रोक लगाने के लिए नियमों में व्यापक बदलाव किए हैं। नए प्रावधानों के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित निगरानी, स्पैम कॉल करने वालों पर त्वरित कार्रवाई, उपभोक्ताओं के लिए अपील की व्यवस्था और रोबो कॉल पर नियंत्रण जैसे कदम उठाए गए हैं। दूरसंचार मंत्रालय के अनुसार, ट्राई ने टेलीकॉम कमर्शियल कम्युनिकेशंस कस्टमर प्रेफरेंस (तीसरा संशोधन) विनियम, 2026 लागू कर दिया है। इसके तहत दूरसंचार कंपनियों को एआई और मशीन लर्निंग की मदद से स्पैम कॉल करने वाले नंबरों की पहचान कर उन्हें आपस में साझा करना होगा। यदि किसी प्रेषक से जुड़े पांच या अधिक नंबर दस दिनों के भीतर संदिग्ध पाए जाते हैं तो उसके खिलाफ जांच और चरणबद्ध कार्रवाई की जाएगी। संशोधित नियमों में एप्लीकेशन-टू-पर्सन (ए2पी) कॉल को भी विनियमित किया गया है। अब ऑटो डायलर, रोबो कॉल और रिकॉर्डेड आवाज के जरिए की जाने वाली कॉल के लिए पहले से घोषणा करना अनिवार्य होगा। बिना पूर्व सूचना की गई ऐसी कॉल को अनचाहा व्यावसायिक संचार माना जाएगा।ट्राई ने स्पैम संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई की प्रक्रिया को भी और सख्त बनाया है। अब यदि किसी नंबर के खिलाफ दस दिनों के भीतर तीन या अधिक शिकायतें मिलती हैं और एआई प्रणाली भी उसे संदिग्ध मानती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू की जा सकेगी। पहले इसके लिए पांच शिकायतों की जरूरत होती थी। उपभोक्ताओं को पहली बार शिकायतों के निस्तारण के खिलाफ अपील का अधिकार भी दिया गया है। शिकायतकर्ता ट्राई डीएनडी ऐप, सेवा प्रदाता के पोर्टल, या 1909 नंबर के माध्यम से अपील कर सकेंगे। नए नियमों में पुराने सहमति पत्रों को भी मान्यता देने का प्रावधान किया गया है, बशर्ते उन्हें सत्यापन योग्य तरीके से प्राप्त किया गया हो और दूरसंचार कंपनियों के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत किया गया हो।

### अपार आईडी की प्राइवेसी पॉलिसी बदली, अब नौकरी में भी काम आएगी

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने 'अपार आईडी' की प्राइवेसी पॉलिसी में बदलाव किया है। अब छात्रों की यह डिजिटल आईडी पढ़ाई तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि नौकरी के दौरान शैक्षणिक दस्तावेजों के सत्यापन में भी इस्तेमाल की जा सकेगी। अपडेटेड नीति के मुताबिक, अधिकृत नियोक्ता छात्र की सहमति मिलने के बाद उसके डिग्री, मार्कशीट, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों का डिजिटल सत्यापन कर सकेंगे। अपार यानी ऑटोमेटेड पर्मानेंट एकेड्मिक एकाउंट रजिस्ट्री में छात्र का शैक्षणिक रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहता है। हालांकि, केवल अपार आईडी उपलब्ध होने से कोई नियोक्ता छात्र का पूरा रिकॉर्ड नहीं देख सकेगा।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तनूख्वा में मस्जिद में धमाका, 15 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक मस्जिद के करीब जोरदार धमाका हुआ। इसमें कम-से-कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया। घायलों में कुछ पुलिसकर्मी भी हैं। पाकिस्तान के जिओ न्यूज के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा के कोहाट जिले के पुलिस लाइंस इलाके में एक मस्जिद के पास हुए धमाके में कम-से-कम 15 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। जिला मुख्यालय अस्पताल के एमएस ताहिर अली शाह ने जियो न्यूज को बताया कि धमाके के बाद 15 शव और 50 से ज्यादा घायल लोगों को अस्पताल लाया गया।पुलिस के मुताबिक, धमाका शुक्रवार की नमाज के दौरान हुआ और इससे मस्जिद के बाहर एक गड्ढा बन गया; घायलों में पुलिसकर्मी भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि धमाके के बाद पुलिस लाइंस में अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई। बचाव कर्मियों के मुताबिक धमाके से मस्जिद का बाहरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और एक दीवार भी गिर गई। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इलाज के लिए कम-से-कम 25 घायलों को अस्पताल लाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी युग का भारत' पुस्तक का लोकार्पण



**पटना।** विकास भवन स्थित मदन मोहन सभागार में गुरुवार को शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव की पुस्तक 'मोदी युग का भारत' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन और प्राथमिक शिक्षा निदेशक कुमार निशांत विवेक सहित विभागीय पदाधिकारी, शिक्षाविद् व गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पुस्तक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को एक जगह समाहित किया गया है। यह पुस्तक देश की विकास यात्रा को समझने में सहायक होगी। लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने बताया कि पुस्तक राजनीतिक-सामाजिक विषयों में रुचि रखने वालों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी है। पुस्तक का प्रकाशन पैनग्राम पब्लिसर्स, दिल्ली ने किया है।

### देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर 76 दीप प्रज्ज्वलित कर दीर्घायु की कामना



**पटना।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर बिहार की राजधानी पटना में एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रोफेसर रणबीर नंदन ने अपने आवास पर 76 दीप प्रज्ज्वलित कर देश के प्रधानमंत्री के मंगलमय, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर प्रोफेसर रणबीर नंदन ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने अथक परिश्रम, दूरदर्शी सोच और राष्ट्र प्रथम की भावना से भारत को विश्व पटल पर एक नई पहचान दिलाई है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। 76 दीप उनके 76वें जन्मदिन के प्रतीक के रूप में राष्ट्र की मंगलकामना का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि प्रधानमंत्री जी को उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु प्रदान करें, ताकि वे राष्ट्र सेवा के अपने संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाते रहें। इस अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे और सभी ने प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु जीवन के लिए प्रार्थना की।

### 'यूथ बोले तो' कार्यक्रम की सफलता को लेकर लोजपा (रामविलास) की बैठक



**फुलवारीशरीफ।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से आगामी 24 सितंबर 2026 को पटना के वेटरिनरी कॉलेज मैदान में सुबह 11 बजे आयोजित होने वाले 'यूथ बोले तो' कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को फुलवारी प्रखंड के ग्राम महुआ बाग में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रोशन कुमार ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने और अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'यूथ बोले तो' कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं की भागीदारी और उनकी बातों को प्रमुखता से सामने रखने का प्रयास किया जाएगा।बैठक में कार्यक्रम की जिम्मेदारियों को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम संयोजन की जिम्मेदारी वेद प्रकाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व कोषाध्यक्ष को दी गई है। वहीं कार्यक्रम प्रभारी के रूप में माननीय मंत्री संजय पासवान, कुश संग्रहालय प्रभारी माननीय विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता तथा जिला समन्वय एवं छात्रावास जनसंपर्क प्रभारी माननीय हुलाश पांडेय के दायित्वों पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर सूर्य पासवान, बिहार प्रदेश सचिव, रंजू पासवान, पटना जिला उपाध्यक्ष सह सदस्या प्रभारी सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ काम करने का संकल्प लिया।

### इमारत शरिया फुलवारीशरीफ के तत्कालीन अध्यक्ष फैसल रहमानी पर देशद्रोह का केस दर्ज हो:-मोहम्मद फैसल



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेता मोहम्मद फैसल ने कहा कि इमारत शरिया फुलवारीशरीफ के तत्कालीन अध्यक्ष फैसल रहमानी के द्वारा करोड़ों रुपए का हेर फेर किया गया है। एक अमेरिकी नागरिक होते हुए फैसल रहमानी को किस आधार पर इमारत शरिया का अध्यक्ष बनाया गया यह उच्च स्तरीय जांच का विषय है। देश के गृह मंत्री अमित शाह तथा बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मै मांग करता हूं कि एक विदेशी नागरिक किस आधार पर इमारतें शरिया के ट्रस्ट के पैसों का बंदर बांट कर रहा है। अमेरिकी नागरिक होने के साथ-साथ मुंगेर में वोटर लिस्ट बनवाया गया है जो जांच का विषय है, इस विदेशी नागरिक पर देशद्रोह का मुकदमा दायर होनी चाहिए। फैसल रहमानी के साथ रहमानी 30 कोचिंग सेंटर के संचालक फहद रहमानी को इमरती सरिया तथा विदेशों से करोड़ों रुपए मिल रहे हैं ऐसे लोगों की संपत्ति की जांच की जाए क्योंकि हो सकता है कि यह दोनों व्यक्ति राज्य तथा देश सुरक्षा को खतरे में डाल दे। यह भी हो सकता है कि देश का गोपनीय कागजात तथा इमारत शरिया ट्रस्ट का पैसा दहशतगर्द को दे रहे हो। रहमानी 30 कोचिंग सेंटर को विदेश से फैसल रहमानी फंडिंग कर रहा है तथा कई ट्रस्टों में इसके द्वारा तरह-तरह के रुपए मांगे जा रहे हैं। इमारत सरिया बिहार झारखंड उड़ीसा पश्चिम बंगाल के मुसलमान के भलाई के लिए 100 साल पहले निर्माण हुआ था लेकिन फैसल रहमानी के द्वारा इमारत सरिया संस्था को बर्बाद कर दिया गया है।

# मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का किया शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'कायाकल्प' पोर्टल का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव एच०आर० श्रीनिवास ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से 'कायाकल्प' पोर्टल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान की शुरूआत की गयी है। साथ ही कायाकल्प पोर्टल का भी लोकार्पण किया गया है। इस अभियान का मूल उद्देश्य है- सार्वजनिक सुविधाओं एवं परिसंपतियों को बेहतर एवं स्वच्छ बनाना तथा नई आधारभूत संरचनाओं का निर्माण करना। उन्होंने कहा कि अभियान के दो प्रमुख अवयव हैं। पहला, पूर्व से अवस्थित परिसंपतियों का उन्नयन, सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मती, जिसे हर हाल में 30 नवम्बर तक पूर्ण किया जाना है। हमारा सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से आग्रह है कि इसे दीपावली के पहले ही पूर्ण कर लें। दूसरा, नई आधारभूत संरचना एवं परिसंपतियों का निर्माण जिसे 31 मार्च 2027 तक पूर्ण किया जायेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिये सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें। पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों के प्रतिनिधियों का सहयोग लें। छोटी-छोटी चीजों पर गौर करें और उसका सफल क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि पंचायत विकास दिवस के अवसर पर होनेवाले कार्यक्रम में इस अभियान के अवयवों को शामिल कर बेहतर ढंग से कार्यों को संपादित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी 'कायाकल्प' पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। योजनाओं की प्रगति, अब तक हुए कार्य, पूर्ण हो चुकी योजनाओं सहित अन्य आवश्यक जानकारियां पोर्टल पर दर्ज रहेंगी। कायाकल्प पोर्टल के साथ-साथ कायाकल्प मोबाइल ऐप के माध्यम से भी योजनाओं के संबंध में जानकारी मिल सकेगी। कायाकल्प पोर्टल के द्वारा योजनाओं की प्रगति की निगरानी करना आसान होगा तथा लंबित कार्यों में तेजी लाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी-छोटी योजनाओं के माध्यम से आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना अभियान का मकसद है। सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत छोटी-छोटी योजनाओं के माध्यम से समाज को जोड़ना तथा आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। जहां आम लोगों को दिक्कत हो रही है अथवा इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक करने की आवश्यकता है, वहीं आवश्यकतानुसार कार्य कराना इस अभियान का उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 नवंबर तक किसी भी हाल में पंचायत स्तर पर सभी छोटे-छोटे विकास कार्यों को पूर्ण किया जाए। विद्यालयों की रंगाई-पुताई, जहां आवश्यक हो वहां सामुदायिक भवनों का निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण सहित अन्य आवश्यक कार्य निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि अंबेडकर छात्रावास, कर्पूरी ठाकुर छात्रावास सहित अन्य छात्रावासों में आवश्यक सुविधाओं को पूर्ण करें। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक भवनों एवं अन्य सार्वजनिक संस्थानों में बचे हुए छोटे-छोटे कार्यों को भी 30 नवंबर तक हर हाल में पूरा करें।

» पंचायत स्तर पर 30 नवंबर तक सार्वजनिक सुविधाओं एवं परिसंपतियों को बेहतर एवं स्वच्छ बनाने का दिया निर्देश

# नितिन नवीन ने तीन माह का 6.35 लाख रुपये वेतन भी किया अंशदान



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार में बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए भाजपा ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 51 लाख रुपये का अंशदान दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर 51 लाख रुपये का चेक सौंपा। संजय सरावगी ने कहा कि बाढ़ की आपदा में प्रभावित परिवारों की मदद करना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने घोषणा की कि भाजपा के सभी सांसद, विधायक और विधान पार्षद अपने एक माह के वेतन की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में देंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नवीन ने भी अपने तीन माह के वेतन की 6.35 लाख रुपये की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान की है। सरावगी ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन के साथ मिलकर जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में भाजपा कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बिहार के मठ मंदिरों में मना दीपोत्सव , की गई विशेष पूजा अर्चना

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** 17 सितंबर को सनातन सम्राट माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को बिहार के हजारों मठ मंदिरों में दीपोत्सव के रूप में धूम धाम से मनाया गया।इस अवसर पर राज्य के प्रमुख मठ मंदिर धर्मशाला आदि में दीपोत्सव, सतनारायण पूजा ,हनुमान चालीसा पाठ ,कबीर वाणी पाठ गरीब बच्चों के बीच पाठ सामग्री का वितरण प्रसाद वितरण सहित आदि सामाजिक कार्य किया गया। इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन इस बार बिहार में धार्मिक आस्था, जनसेवा और युवा सहभागिता से जोड़कर मना है। और मठ मंदिरों से जुड़े साधु संतों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए विशेष पूजा अर्चना की।बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन को "सेवा और संकल्प दिवस" के रूप में मना है। इसके तहत राज्य के मठ-मंदिरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और देश की सुख-समृद्धि की कामना के लिए विशेष पूजा-अर्चना और सामूहिक प्रार्थना की अपील की । वहीं युवाओं से इस अवसर पर किसी एक सामाजिक सेवा कार्य को अपनाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाया है।बिहार के मठ-मंदिरों में महामृत्युंजय जाप, सुंदरकांड पाठ, विशेष पूजा अथवा सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई है। साथ ही मंदिर परिसरों और आसपास के क्षेत्रों में सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाए। इसके तहत "एक युवा–एक सेवा संकल्प" की भावना के साथ युवाओं से रक्तदान, जरूरतमंदों को भोजन, वृद्धजनों की सहायता, पौधारोपण, मंदिर परिसर की स्वच्छता, गरीब बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने और अस्पतालों में मरीजों के परिजनों की सहायता की गई। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद से संबद्ध बाबा हरिहर नाथ मंदिर सोनपुर सारण,पंचरूपी हनुमान मंदिर बेली रोड, बड़ी पटन देवी मंदिर पटना सिटी, गौरी शंकर मंदिर गायघाट, नागा बाबा संगत, पटना सिटी, श्री गौरीशंकर बैकुंठ धाम मंदिर, बैकुंठपुर पटना, मां मुंडेश्वरी मंदिर कैमूर, सूर्य मंदिर उलाड़ बिहटा, बाबा गणिनाथ मंदिर रामरेखा घाट बक्सर, कुशेश्वरस्थान दरभंगा, राम जानकी मंदिर कुशेश्वरस्थान दरभंगा, अहिल्या स्थान धार्मिक नया समिति दरभंगा, कबीरपंथी मठ गोपालगंज, बाबा गंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर रतनपुर बांका, राम जानकी ठाकुरबाड़ी चांदपुर पटोरी समस्तीपुर, सिंघेश्वर मंदिर न्यास समिति मधेपुरा, राम जानकी ठाकुरबाड़ी न्यास समिति सिंहेश्वर मधेपुरा, करू खीरहरी स्थान सहरसा, तिल्हेश्वर मंदिर सुखपुर सुपौल, पिपरा विष्णुपुर मठ सीतामढ़ी, गढ़ देवी मंदिर मढौरा सारणण, चामुंडा देवी मंदिर मुजफ्फरपुर, सिल्हौरी शिव मंदिर सारण, कबीरपंथी मठ दरपा पूर्वी चंपारण, लक्ष्मी नारायण मंदिर बांका, चंडी स्थान मुजफ्फरपुर, सिद्धेश्वरी कली स्थान बांस घाट पटना सहित सभी 38 जिले से मठ मंदिरों में दीपोत्सव मना।

# जक्कनपुर में श्री गणेश उत्सव का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं की जुटी भीड़

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** जक्कनपुर क्षेत्र के बटुकेश्वर दत्त लेन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ श्री गणेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया और भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की । आयोजन का माहौल पूरे क्षेत्र में भक्तिमय बना रहा। इस भव्य गणेश उत्सव का आयोजन समाजसेवी एवं युवा नेता गोपाल जयसवाल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव, दिलीप जयसवाल, अशोक चौधरी, विधायक संजय गुप्ता, पूर्व विधायक समीर महासेठ, भाजपा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी संजय मयूख, पटना की महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी, डॉ. अभिषेक सिंह, संजीव टोनी, पी के चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को गणेश उत्सव की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम आयोजक गोपाल जयसवाल ने कहा कि श्री गणेश उत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और आपसी सद्भाव का पर्व है। भगवान श्री गणेश को विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता के रूप में पूजा जाता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि जक्कनपुर में हर वर्ष गणेश उत्सव को और भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने का प्रयास किया जाता है। हमारा उद्देश्य है कि इस आयोजन में सभी वर्गों के लोग एक साथ शामिल हों और समाज में प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश मजबूत हो। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मोकामा विधायक अनंत सिंह विधान परिषद चुनाव में नीरज कुमार का समर्थन नहीं करेंगे

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार में विधान परिषद की पटना स्नातक सीट के चुनाव को लेकर जेडीयू के अंदर विवाद खुलकर सामने आ गया है। मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह ने पार्टी के एमएलसी उम्मीदवार नीरज कुमार के खिलाफ अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा है कि वह इस चुनाव में उनका समर्थन नहीं करेंगे और उन्हें चुनाव में हराने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। अनंत सिंह ने आरोप लगाया कि नीरज कुमार ने पहले भी कई चुनावों में उनका विरोध किया है। अनंत सिंह ने अपने खिलाफ पूर्व में हुई कार्रवाई में भी नीरज कुमार की भूमिका होने का आरोप लगाया। हालांकि, इन आरोपों के समर्थन में उन्होंने कोई दस्तावेजी साक्ष्य सार्वजनिक नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके घर में एके-47 रखकर उन्हें फंसाया गया और जेल भेजा गया। अनंत सिंह ने अपने और नीरज कुमार दोनों का नार्को टेस्ट कराने की बात भी कही है। ये सभी आरोप अनंत सिंह के बयान हैं। अपने ताजा बयान में विधायक ने कहा कि विधान परिषद का चुनाव सीधे पार्टी के चुनाव चिह्न पर नहीं होता, इसलिए उनका रुख पार्टी विरोधी नहीं माना जाना चाहिए। दूसरी ओर, जेडीयू के मौजूदा एमएलसी नीरज कुमार ने कहा है कि पार्टी ने अभी उन्हें औपचारिक रूप से प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। अनंत सिंह समर्थित डॉ. अनुज सिंह के संभावित निर्दलीय मुकाबले पर नीरज कुमार ने कहा कि दलगत चुनाव में पार्टी संगठन और पोलिंग एजेंट जैसी व्यवस्थाएं महत्वपूर्ण होती हैं। नीरज कुमार ने इन आरोपों पर जवाब देते हुए कहा कि वह इस तरह के आरोपों से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने राजनीति का अपना प्लेटफॉर्म नहीं बदला है। विवाद के बाद जदयू नेतृत्व ने दोनों नेताओं के बीच मतभेद दूर करने की कोशिश की। निशांत कुमार की मौजूदगी में बैठक आयोजित हुई, जिसके बाद जदयू नेताओं ने सुलह होने का दावा किया। फिलहाल पटना स्नातक सीट पर नीरज कुमार के नाम की चर्चा और अनुज सिंह को अनंत सिंह के समर्थन के कारण राजनीतिक गतिविधियां बढ़ी हुई हैं।

# बिहार में ऑयल पाम की खेती को मिलेगा बढ़ावा, किसानों को दीर्घकालिक आय का अवसर

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** किसानों की आय बढ़ाने और खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार में 'नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल–ऑयल पाम' (NMEO-OP) योजना का विस्तार किया जा रहा है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि ऑयल पाम की खेती से उपयुक्त क्षेत्रों के किसानों को दीर्घकालिक और स्थिर आय का अवसर मिल सकता है। योजना के प्रथम चरण में अररिया, पूर्णिया, किशनगंज, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिलों को ऑयल पाम की खेती के लिए चिन्हित किया गया है। योजना के तहत किसानों को पौध सामग्री की खरीद के लिए प्रति हेक्टेयर 29 हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। वहीं, पौधरोपण के बाद शुरुआती चार वर्षों में फसल के रखरखाव तथा अंतरवर्ती फसलों की खेती के लिए 10,500 रुपये प्रति हेक्टेयर का विशेष अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे पाम तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से किसानों को सुरक्षा देने के लिए 'वायबिलिटी प्राइस' की व्यवस्था की गई है। बाजार मूल्य में गिरावट होने पर निर्धारित प्रावधानों के तहत केंद्र सरकार द्वारा अंतर राशि की भरपाई की जाएगी। इसके अलावा ड्रिप सिंचाई तथा कटाई एवं प्रसंस्करण से जुड़े कृषि यंत्रों पर निर्धारित मानदंडों के अनुसार अनुदान दिया जाएगा। किसानों की उपज यानी फ्रेश फ्रूट बंचेज (FFBs) की खरीद के लिए संबंधित उद्योगों और प्रसंस्करण इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। इससे उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण तक मूल्य श्रृंखला विकसित करने में मदद मिलेगी। सिन्हा ने कहा कि ऑयल पाम एक दीर्घकालिक फसल है, जो शुरुआती स्थापना और देखभाल के बाद लगभग 25 से 30 वर्षों तक उत्पादन देने में सक्षम होती है। उन्होंने अनुकूल भूमि और जलवायु वाले किसानों से पारंपरिक फसलों के साथ ऑयल पाम की खेती अपनाने पर विचार करने की अपील की। योजना की जानकारी और आवेदन के लिए किसान नजदीकी जिला उद्यान कार्यालय अथवा प्रखंड उद्यान पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। विभागीय DBT पोर्टल और बिहार कृषि ऐप के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# प्रधानमन्त्री के जन्मदिन पर लखनी विगहा शिव मंदिर तालाब पर 5100 आशीर्वाद का दीया जलाया गया

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर लखनी विगहा शिव मंदिर तालाब पर 5100 आशीर्वाद का दीया सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने दीप प्रज्वलित किया 1 श्री यादव ने कहा कि पीएम मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्षों का कार्यकाल विकासपरक और भ्रष्टाचारमुक्त रहा है। गरीब और किसान कल्याण की योजनाओं ने भारत के गांवों की तकदीर और तस्वीर बदल गई है। भारत के तेज विकास में आज गांव आर्थिक ग्रोथ इंजन बने हुए हैं। गांवों का विकास ही विकसित भारत 2047 का नींव है। भारत अब चिप से शिप के निर्माण की तरफ तेजी से कदम बढ़ा चुका है।



» सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने दीप प्रज्वलित किया

हर खबर पर पैनी नज़र
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### टाटा एआईए ने पेश किया 'शुभ एसआईपी', निवेश, सुरक्षा और रिटायरमेंट की योजना एक साथ

**पटना।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने बदलती वित्तीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 'टाटा एआईए शुभ एसआईपी' नामक यूनिट-लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) पेश किया है। कंपनी के अनुसार यह योजना धन संचय, परिवार की वित्तीय सुरक्षा और रिटायरमेंट प्लानिंग को एक ही समाधान के तहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार की गई है। कंपनी के चीफ बिजनेस ऑफिसर-जिलानी बाशा ने कहा कि जीवन के अलग-अलग चरणों में लोगों की वित्तीय प्राथमिकताएं बदलती रहती हैं। शुभ एसआईपी इन्हीं बदलती जरूरतों के अनुरूप वित्तीय यात्रा को जारी रखने के लिए डिजाइन किया गया है। योजना में बाजार से जुड़े फंड में निवेश के साथ लॉयल्टी एडिशन और मैच्योरिटी बूस्टर जैसे प्रावधान बताए गए हैं। वहीं, पॉलिसी की शर्तों के अनुसार 1, 2 और 3 गुना प्रीमियम वेवर विकल्प उपलब्ध हैं। इसके तहत अनहोनी की स्थिति में भविष्य के प्रीमियम का भुगतान योजना के प्रावधानों के अनुसार जारी रखने की सुविधा मिलती है। कंपनी के मुताबिक रिटायरमेंट/होल लाइफ विकल्प के तहत 60 वर्ष की आयु से ऑटोमैटिक सिस्टमैटिक विड्रॉल की सुविधा भी दी गई है। आंशिक निकासी और ऑटोमैटिक आंशिक निकासी का विकल्प भी इसमें शामिल है। टाटा एआईए ने इस योजना को डिजिटल रूप से उपलब्ध कराने के लिए पॉलिसीबाजार के साथ साझेदारी की है।

### यूपीआई एमडीआर : ग्राहकों और दुकानदारों के लिए आसान जानकारी

**पटना।** एनपीसीआई द्वारा जारी सूचना के अनुसार यूपीआई ग्राहक के लिए फ्री रहेगा। और एमडीआर, जो दुकानदार द्वारा ग्राहक से कार्ड या डिजिटल पेमेंट स्वीकार करने पर दी जाने वाली फीस है, उसे चुनिंदा यूपीआई ट्रांजैक्शन पर लागू किया गया है। यूपीआई ग्राहकों के लिए फ्री बना रहेगा। यूपीआई के जरिए परिवार और दोस्तों को पैसे भेजना पूरी तरह फ्री रहेगा। यूपीआई के जरिए किसी भी दुकानदार को कोई भी रकम चुकाना फ्री रहेगा। चाहे आप किसी स्टोर पर खरीदारी कर रहे हों, लोकल मार्केट में पेमेंट कर रहे हों या किसी स्ट्रीट वेंडर के पास क्यूआर कोड स्कैन कर रहे हों, यह फ्री रहेगा। दुकानदार एमडीआर का खर्च ग्राहकों से नहीं ले सकते। 2000 तक के सभी यूपीआई पेमेंट पर कोई एमडीआर या फीस नहीं होगी, यानी 96 प्रतिशत यूपीआई ट्रांजैक्शन फ्री रहेंगे। स्ट्रीट वेंडर, आसपास की छोटी दुकानें और छोटे कारोबार जैसे छोटे दुकानदार, जिन्हें यूपीआई क्यूआर कोड के जरिए अपने बैंक खाते में हर महीने 1 लाख तक मिलते हैं, उन्हें एमडीआर पर कोई फीस नहीं देनी होगी। 2000 से ज़्यादा के यूपीआई पेमेंट पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगेगा 75000 या उससे ज़्यादा के ट्रांजैक्शन पर एमडीआर अधिकतम 300 प्रति ट्रांजैक्शन होगा। 2000 से कम के पेमेंट पर एमडीआर नहीं लगेगा। ईंधन, शिक्षा, बीमा, रेलवे, टेलीकॉम और बिजली, पानी व पाइप वाली प्राकृतिक गैस जैसी जरूरी सेवाओं के लिए 2000 से ज्यादा के पेमेंट पर हर ट्रांजेक्शन के लिए 5 एमडीआर लगेगा।

### 16.481 किलो ग्राम गांजा के साथ पंडित जी गिरफ्तार




**दानापुर।** पुलिस ने मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दानापुर थाना अन्तर्गत पाचुचक स्थित एक घर से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। सिटी एसपी पश्चिमी संकेत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर दानापुर थाना अन्तर्गत पाचुचक से एक व्यक्ति को उसके किराये के मकान से 16.481 किलो ग्राम गांजा, 1 बड़ा इलेक्ट्रॉनिक तराजु, 3 छोटा इलेक्ट्रॉनिक तराजु, 1 कलकुलेटर, 2 मोबाईल बरामद करते हुए उक्त व्यक्ति अखिलेश मिश्रा उर्फ पंडित जी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित शहबाजपुर, बिहटा का मूल निवासी है। आरोपित के ऊपर एन०डी०पी०एस० एक्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### दानापुर के दो स्कूल में बम से उड़ाने की मिली धमकी, स्कूल परिसर खाली कराया, बम निरोधक दस्ते एवं पुलिस बल तैनात



**दानापुर।** शुक्रवार को दानापुर अनुमंडल अंतर्गत में दो स्कूल में बम की धमकी भरा ईमेल सामने आते ही पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर पूरे स्कूल परिसर को तत्काल खाली करा दिया गया और सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। नगर स्थित रेडियंट स्कूल के अलावा अन्य स्कूलों में आए ईमेल के बाद पुलिस इस संदेश की सत्यता और स्रोत की जांच कर रही है। आशंका है कि यह किसी सरफरी की करतूत हो सकती है। धमकी मिलने के तुरंत बाद दानापुर डीएसपी, पटना बम निरोधक दस्ते, खगौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर पूरे स्कूल परिसर को खाली करा दिया। वहां मौजूद कर्मचारियों और आम लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद पूरे परिसर की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया गया। घटना की सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को बुलाया गया। स्कूल परिसर की गहन जांच की जा रही है ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके। पुलिस आसपास के क्षेत्र में भी सतर्कता बरत रही है। दानापुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि दानापुर के दो स्कूल में बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ई-मेल प्राप्त होने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस द्वारा त्वरित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप आवश्यक सुरक्षा एवं जांच संबंधी कार्रवाई सुनिश्चित की गई। मामले के सभी पहलुओं की जांच एवं अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी के उपस्थिति में पोषण मेला का आयोजन किया गया



**पुनपुन।** मध्याह्न भोजन निदेशालय के निर्देशानुसार , राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत् मध्य विद्यालय लखना में पोषण मेला का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी,पुनपुन के उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी ने फीता काट कर कियें। मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, पुनपुन एवं प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, पुनपुन उपस्थित रहें। साथ ही विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव व अन्य सदस्य और अभिभावक सम्मिलित हुए । विद्यालय के प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुलेखा कुमारी जी व अन्य शिक्षकों ने बच्चों को " बच्चा और शिक्षा " ( पोषण आधारित ) विषय पर विभिन्न गतिविधि कराया। स्वास्थ्य और पोषण के अन्योन्याश्रय संबंध के महत्ता पर चर्चा की।संतुलित आहार संबंधित पोषण का जीवन में कितना महत्व है, इसकी जानकारी सभी बच्चों को बताया।बच्चों ने पोषण मेला में संतुलित आहार के विभिन्न अवयवों पर स्टाल लगाये जैसे कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, वसा व अन्य पोषण संबंधित अवयव।पोषण मेला में पोषण के जीवन में महत्व पर निबंध, पोस्टर, स्लोगन व क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़ - चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में संतोष कुमार, नरेश, रंजीत, मोहसिन व अवधेश प्रजापति का विशेष योगदान रहा।

# नाटक 'दिल्ली की दीवार' ने दिखाया आम आदमी की जद्दोजहद और व्यवस्था की दरार

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** प्रांगण, पटना की ओर से रंगगुरू सतीश आनंद को समर्पित, उदय प्रकाश द्वारा लिखित, विभांशु वैभव द्वारा रूपांतरित प्रसिद्ध नाटक 'दिल्ली की दीवार' का सफल मंचन नाट्य निर्देशक अभय सिन्हा के द्वारा प्रेमचंद रंगशाला, पटना (बिहार) में किया गया। नाटक ने दर्शकों को दिल्ली के बदलते सामाजिक परिवेश, आम आदमी के संघर्ष, आर्थिक विषमता और व्यवस्था के अंतर्विरोधों से रुरू-ब-रू कराया। प्रस्तुति के दौरान दर्शकों की गहरी रुचि और सराहना ने कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। नाटक 'दिल्ली की दीवार' एक मार्मिक एवं व्यग्यात्मक कथा है, जिसमें दिल्ली शहर को केवल सत्ता और वैभव के केंद्र के रूप में न दिखाकर गरीब, मजदूर और वंचित वर्ग के संघर्षों के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुति में दतात्रेय की भूमिका संजय सिंह, आजाद , गोविन्द चायवाला आशुतोष कुमार, राम निवास संटू कुमार, स्नेही (भिखारी) कार्तिकेय राज, राजवती (कपड़ा बेचने वाली) अर्पिता घोष, सुषमा नेहा, बबिया (पत्नी) सुरभि सिंह, फूलो (फूल बेचने वाली) गजाला शबब, तथा (सफाईकर्मी) (प्रेमिका) बाई (माँ) सोमा चक्रवर्ती ने निभाई। अन्य भूमिकाओं में संजय कुमार, रतन कुमार, ओम प्रकाश, अतीश कुमार, राजेश कुमार पाण्डेय, हरिकृष्ण सिंह (मुन्ना), अनिल वर्मा, प्रकाश भारती एवं दिनेश कुमार सहित कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय किया। मंच सज्जा एवं निर्माण में सुनील शर्मा और प्रकाश भारती का योगदान रहा। सहयोगी के रूप में दीपक कुमार एवं विनय कुमार रहे। नाट्य सामग्री प्रकाश भारती ने तैयार की। वेशभूषा की जिम्मेदारी अभय सिन्हा एवं सोमा चक्रवर्ती ने संभाली। प्रकाश परिकल्पना रोशन कुमार की, जबकि ध्वनि व्यवस्था मनीष कुमार एवं सगीत व मुख्य गायक रामकृष्ण सिंह (मंटू) ने की तथा सहयोगी समीर कुमार (बांसुरी), दिनेश कुमार (ढोलक) पर रहे। मंच व्यवस्था एवं अन्य तकनीकी सहयोग में पूरी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका सफलता पूर्वक निमाई 'दिल्ली की दीवार के मंचन के अवसर पर प्रांगण, पटना के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्याम रजक सहित शहर के अनेक वरिष्ठ रंगदर्शक एवं कला-संस्कृति से जुड़े व्यक्तित्व उपस्थित रहे। इनमें सुमन कुमार, काका ओंकारनाथ, रत्नाकर कुमार, गिरीश मोहन, रविकांत, सनत कुमार, मनीष महिवाल सहित अनेक रंगप्रेमी एवं दर्शक प्रमुख थे। सभी ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए कलाकारों और पूरी टीम का उत्साहवर्धन कि

## एडवांस न्यूरो एंड मल्टी हॉस्पिटैलिटी हॉस्पिटल द्वारा 20 सितंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** एडवांस न्यूरो एंड मल्टी हॉस्पिटैलिटी हॉस्पिटल पटना द्वारा आम लोगों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य परामर्श एवं समय पर स्वास्थ्य जाँच की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 सितंबर 2026, रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है।यह शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में मुख्य रूप से जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी तथा यूरोलॉजी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के लिए विशेषज्ञ परामर्श एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी शिविर में हर्निया, फिशर, फिस्टुला,पित्त की पथरी,अपेंडिसाइटिस, से संबंधित मरीज विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। यूरोलॉजी से संबंधित सुविधा जैसेकिडनी स्टोन,यूरिनरी स्टोन, प्रोस्टेट, हाइड्रोसील, यूरेथ्रल स्ट्रिक्चर, समस्याओं के लिए भी विशेषज्ञ सलाह उपलब्ध होगी।अस्पताल की ओर से लोगों से अपील की गई है कि शरीर में दिखाई देने वाले लक्षणों या लंबे समय से चली आ रही स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज न करें और समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह लें। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें उचित विशेषज्ञ परामर्श तक पहुँच उपलब्ध कराना है।

## मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के स्थापना दिवस पर 20 सितंबर को सदस्यों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, पटना के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आगामी 20 सितंबर 2026, रविवार को सदस्यों के लिए विशेष "सदस्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते जुए अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि शिविर का आयोजन सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जाएगा। सोसाइटी के सदस्यों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस विशेष शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि स्वास्थ्य जांच के लिए गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के डॉ. अमित बंका, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कुमार एवं डॉ. शिल्पी अग्रवाल, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विनीत कुमार, ऑर्थोपेडिक्स विशेषज्ञ डॉ. अभिनव एवं डॉ. राजेश कुमार, डायबिटीज एवं ओबेसिटी विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु माधव, डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. गौरव सिंह, फिजिशियन डॉ. पूनम नंदन एवं डॉ. मुकेश कुमार, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. श्रवण कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चारू मोदी, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. देवेश, डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. निकिता वर्धन, डेंटिस्ट डॉ. कनिष्का एवं डॉ. किसलय सांथालिया, आई कॉन्टैक्ट लेंस विशेषज्ञ परवीन कुमार तथा डाइटीशियन रुपाली सिंह अपनी सेवाएं देंगे। महासचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर में सदस्यों के लिए बीएमडी, फाईब्रो स्कैन, ईसीजी, एक्सरे, पैथ लैब टेस्ट, तथा ईको एवं अल्ट्रा साउंड जैसी स्वास्थ्य जांच सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। सोसाइटी की ओर से सदस्यों से अपील की गई है कि वे इस विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर में आवश्यक रूप से शामिल होकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाएं। पैथ लैब टेस्ट(ब्लड) समय बचाने और रिपोर्ट समय पर प्राप्त करने के लिए 19 सितंबर को भी कराया जा सकता है। यह स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम श्री गोपाल कृष्ण कानोड़िया जी की स्मृति में बालमुकुंद टीएमटी के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। **स्थानः** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, राजेंद्र नगर रोड नंबर-7, पटना **समयः** सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक **दिनांकः** 20 सितंबर 2026, रविवार केवल सोसाइटी के सदस्यों के लिए

## हार्ट अटैक और स्ट्रोक से 85% मौतें, एम्स पटना में राष्ट्रीय पोषण माह पर चेतावनी और जागरूकता

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** स्वस्थ दिल की शुरुआत केवल अस्पताल से नहीं हमारी थाली से भी होती है। इसी संदेश के साथ एम्स पटना के डायटेटिक्स विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 17 सितंबर 2026 को कार्डियक ओपीडी में पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हृदय को स्वस्थ रखने के लिए सही खान-पान और बेहतर जीवनशैली के महत्व पर चर्चा की गई। हृदय रोग आज दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य संकटों में शामिल हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2022 में हृदय एवं रक्तवाहिका संबंधी रोगों से लगभग 1.98 करोड़ लोगों की मृत्यु हुई जो दुनिया भर में हुई कुल मौतों का करीब 32 प्रतिशत था। इनमें लगभग 85 प्रतिशत मौतें हार्ट अटैक और स्ट्रोक के कारण हुईं। भारत में भी हृदय रोगों का बोझ महत्वपूर्ण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में गैर संचारी रोगों से होने वाली मौतों में हृदय रोगों की बड़ी हिस्सेदारी है और 40 से 69 वर्ष की आयु वर्ग में हृदय संबंधी बीमारियाँ विशेष चिंता का विषय हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एम्स पटना के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) प्रशांत कुमार सिंह ने पोषण को स्वस्थ जीवन और रोगों की रोकथाम का महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने कहा कि खान-पान में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लंबे समय में स्वास्थ्य पर बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अनुपम भम्बानी ने हृदय स्वास्थ्य और खान-पान के बीच के संबंध पर प्रकाश डाला तथा हृदय रोगों से बचाव और उनके बेहतर प्रबंधन के लिए संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया।

> » कार्डियक ओपीडी में विशेषज्ञों ने बताया स्वस्थ दिल की शुरुआत सही खान पान से

इस अवसर पर डॉ. स्वर्णिम, डीएमएस (डाइट एंड किचन सर्विसेज) तथा डॉ. ऋचा जायसवाल, चीफ डायटीशियन ने भी पोषण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं और मरीजों के लिए व्यक्तिगत आहार संबंधी सलाह के महत्व की जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम के बाद 'न्यूट्रिशन डायलॉग' का आयोजन किया गया जिसमें डायटेटिक्स विभाग के डायटीशियनों ने मरीजों और उनके परिजनों से संवाद किया।

# दिगम्बर जैन पर्युषण पर्व के दूसरे दिन मार्दव एवं तीसरे दिन आर्जव धर्म की हुई पूजा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** दिगम्बर जैन समाज का दस दिवसीय पर्युषण (दशलक्षण) पर्व बुधवार 16 सितम्बर से प्रारम्भ हुआ। गुरुवार 17 सितम्बर को पटना के मीठापुर, कदमकुआँ, मुरादपुर, कमलदह मंदिर, कालीबीबी का कटरा, गुरारा दिगम्बर जैन मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में मार्दव धर्म की एवं शुक्रवार 18 सितम्बर को आर्जव धर्म की पूजा की गई। भगवान् का अभिषेक एवं शान्तिधारा की गयी. मौके पर अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महासमिति, बिहार - झारखंड के महामंत्री एम पी जैन ने बताया कि कदमकुआं स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दसलक्षण पर्व सम्पन्न कराने भोपाल से प्रतिष्ठाचार्य पंडित अनिल शास्त्री भैयाजी एवं सागर से भजनकर्ता एवं संगीतकार रवि जैन पधारें हैं। यहां सम्पूर्ण दशलक्षण पूजा ऐलक 105 गोसल सागर जी के सानिध्य में हो रही है। उधर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि कमिटी के अंतर्गत आनेवाले सभी तीर्थ क्षेत्रों के मंदिरों में भक्ति भाव से पर्युषण के दूसरे एवं तीसरे दिन की पूजा हुई। एम पी जैन ने बताया कि श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पधारे जैन ऐलक मुनि 105 गोसल सागर जी महाराज ने मार्दव धर्म के सम्बन्ध में कहा कि नम्रता ही सच्चे धर्म की पहचान है... **उत्तम मार्दव धर्म का अर्थ है** - अहंकार, अभिमान और दंभ का त्याग कर सदा विनम्र, नम्र और सरल बने रहना। यह हमें दूसरों के प्रति सम्मान, प्रेम और सहिष्णुता की भावना सिखाता है। मार्दव धर्म से मन में शीतलता आती है, संबंधों में मधुरता बढ़ती है और जीवन में शांति व सद्भाव की स्थापना होती है। ऐलक श्री ने श्रावकों को बताया कि दसलक्षण पर्व में मनुष्य की आत्मा के दस गुणों की पूजा की जाती है - जैन पर्युषण पर्व में आत्मा के दस स्वभाव पर कैसे विजय पाया जाए इसी को बताया जाता है। पर्युषण पर्व का तृतीय दिवस 'उत्तम आर्जव' नामक दिवस है जो अहंकार पर विजय प्राप्त करने की कला को समझने एवं सीखने का दिन होता है। पर्युषण पर्व का तृतीय दिवस 'उत्तम आर्जव ' नामक दिवस है जो खुद को सरल रहने को कहता है . सरल व्यक्ति के भीतर किसी तरह का छल-कपट नहीं होता है. ऐलक श्री गोसल सागर जी ने बताया कि आत्मा का आर्जव धर्म अपने भीतर मौजूद छल कपट पर विजय प्राप्त करने की कला को समझने एवं सीखने का दिन होता है। उत्तम आर्जव धर्म अपनाने से मन एकदम निष्कपट तथा राग-द्वेष से रहित हो जाता है। जिस व्यक्ति के हृदय में छल कपट, कुटिलता होती है उसका जीवन कृत्रिम हो जाता है। वह जो बोलता है उसके विपरीत आचरण करता है। ऐलक श्री ने बताया कि मानव धर्म ऐसा होना चाहिय की जो वह बोले वही करे। मुंह में राम बगल में छूरी नहीं होनी चाहिए। इससे व्यक्ति का एक दूसरे पर भरोसा बढ़ता है। छल - कपट के कारण परस्पर के मैत्री सम्बन्ध नष्ट हो रहे है। दूसरे को धोखा देने की , ठगने की , ऊपर से मित्र बनकर अंदर से घात करने की प्रवृति के कारण हीं मनुष्य का एक दूसरे पर विश्वास कम हो रहा है। ऐलक श्री ने कहा कि जैन धर्म का मानना है की मनुष्य अपने मन से छल-कपट बेईमानी को आर्जव धर्म के द्वारा हटा दे। ऐसा करने से हमारा जीवन सरल बन सकेगा, हम तनाव से मुक्त होंगे तथा परस्पर एक दूसरे पर विश्वास करने लगेंगे। आर्जव व्यक्ति के चरित्र एवं व्यवहार को निष्कपट बनाता है। सरल बनने की कला सिखाता है उत्तम आर्जव धर्म। एम पी जैन ने बताया कि कल पर्युषण पर्व के चौथे दिन सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में उत्तम शौच धर्म की पूजा होगी. उत्तम शौच धर्म पवित्रता का प्रतीक है। यह पवित्रता संतोष के माध्यम से आती है। शौच धर्म का अर्थ शरीर की शुद्धता नहीं बल्कि आत्मा की शुद्धता होती है।

## 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान की शुरूआत महाप्रबंधक, डिंपी गर्ग द्वारा अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में की गई। यह अभियान पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों, कारखानों तथा अन्य इकाइयों में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2026 तक चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम यथा ठोस अपशिश्ट प्रबंधन नियमावली-2026 तथा स्रोत पर अपशिष्ट का 4 धाराओं में पृथक्करण के प्रति जागरूकता, स्वच्छता लक्षित इकाइयों (Cleanliness Target Units) का चिन्हिकरण तथा समुचित निस्तारण, नुक्कड़ नाटक, ज्ञान यात्रा, हेरिटेज स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान, कवाड़ से जुगाड़, कवाड़ से कला, रेलवे कॉलोनियों में घर-घर जाकर जागरूकता फैलाना, सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर इत्यादि आयोजित किये जाएंगें। इसी क्रम में 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक स्वच्छता पखवाड़ा का भी आयोजन किया जाएगा। रेलवे बोर्ड के द्वारा इस अभियान के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल के लिए कुल 6300 स्वच्छता लक्षित इकाइयों को चिन्हित करने तथा समुचित निस्तारण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# बाढ़ राहत राशि नहीं मिलने पर ग्रामीणों का अंचल कार्यालय में हंगामा

नई सोच एक्सप्रेस



**पुनपुन।** पुनपुन प्रखंड के पैमार पंचायत के वार्ड संख्या-6 के बड़हियाकोल गांव में बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत राशि नहीं मिलने से नाराज ग्रामीण गुरुवार को अंचल कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि वार्ड में करीब 170 बाढ़ प्रभावित लोगों में से केवल 20 लोगों को ही राहत राशि मिली है, जबकि लगभग 150 लोगों को अब तक राशि नहीं मिल पाई है।ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने सूची की जांच की तो कई प्रभावित लोगों के नाम सूची में नहीं थे। इसको लेकर ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में करीब दो घंटे तक हंगामा किया और अपनी समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी।वार्ड सदस्य के पति विनीत कुमार ने बताया कि बाढ़ प्रभावित लोगों के आवेदन फॉर्म भरकर जमा किए गए थे, लेकिन आरोप है कि मुखिया मुकेश कुमार द्वारा कई लोगों के नाम सूची से कटवा दिए गए, जिसके कारण उन्हें राहत राशि नहीं मिल सकी। वहीं, उपमुखिया अखिलेश शाह ने आरोप लगाया कि कई जीवित लोगों को सूची में मृत दिखाया गया तथा पक्के मकान होने के आधार पर भी कुछ लोगों के नाम हटाए गए। बाद में उपमुखिया अखिलेश शाह और वार्ड सदस्य के पति विनीत कुमार ने अंचल अधिकारी से मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्या रखी। अंचल अधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि करीब 10 दिनों के अंदर पोर्टल खुलने के बाद जिन पात्र बाढ़ प्रभावित लोगों के नाम सूची से छूट गए हैं, उनके नाम जोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।अंचल अधिकारी के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और अपने-अपने घर लौट गए। इस दौरान उपमुखिया अखिलेश शाह, विनीत कुमार, सत्यजीत कुमार, दिवाकर, शशि भूषण सिंह, पिंटू कुमार, राम नारायण पासवान, कालीचरण राम, सोनू कुमार, राजकिशोर, उमेश सिंह, बबीता देवी, बीना देवी, शीला कुमारी, अखिल देवी, मीना देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## चाहे कोई भी सरकार हो बीएमसी बैंक कर्मियों के हित की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखेगाः गिरीश चंद्र आर्या

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** भारतीय मजदूर संघ के सचिव सा बैंकों के प्रभारी गिरीश चंद्र आर्य ने कहा कि उनका संगठन चाहे किसी की भी सरकार हो वह बैंक कर्मियों के हित की रक्षा के लिए आंदोलन रथ रहेगा और उनका मांग है कि बैंक कर्मियों का बैंकिंग अवर बैलेंस हो सभी बैंकों का बैंक क्लोजिंग समय तय हो और बैंक में 5 दिन का सेवा लागू हो। गिरीश चंद्र आर्य शुक्रवार को राजधानी के पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ संगठन बैंक प्रबंधन के साथ मिलकर बैंक कर्मियों के साथ धोखा कर रहे हैं जब तक बैंक में आने का समय तो तय है मगर जाने का समय तय नहीं होगा तब तभी बैंक कर में भी समय पर घर जा सकेंगे। उन्होंने कहा बैंकों में समान पल को लागू करने का हम पक्षधर हैं लेकिन पीएलआई का जो वर्तमान स्वरूप है उसका हम लोग विरोध करते हैं। उन्होंने कहा ब्रिक्स समेत चल रहा था इसके विरोध के लिए एक सूची समझी साजिश के तहत 11 तारीख का हड़ताल रखा गया था 11 तारीख के हड़ताल में बीएमसी से जुड़े बैंक कर्मी शामिल नहीं थे। उन्होंने कहा 5 डेज बैंकिंग लागू करने की कोशिश को कुछ संगठनों ने विरोध किया था जिससे 5 डेज बैंकिंग योजना लटक गई थी। उन्होंने कहा 5 डेज बैंकिंग लागू करने तथा पीएलआई को वर्तमान स्वरूप में लागू नहीं करने पर वित्त मंत्रालय ने सहमति दे दी है और जल्द ही बैंक हित में यह बड़ा फैसला लागू हो जाएगा। इस मौके पर नोबो बिहार के अध्यक्ष अभिषेक सिंह,महासचिव नोबो बिहार कुमार अभिनव, उप महासचिव पंजाब नेशनल बैंक अरुण कुमार, सचिव नोबो केनरा बैंक अभिनव सत्यजीत, केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव चंद्र मोहन कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में बैंक अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार की युवा महिलाओं की बदलती हेयर केयर आकांक्षाओं पर निहार नेचुरल्स का फोकस

**गयाजी**। बिहार में हेयर केयर के बदलते मायने को निहार नेचुरल्स ने अपने नए संदेश पोषण भरे, खिल-खिलाते, निखरे-संवरे बाल के जरिए पेश किया है। युवा महिलाएं बालों में पोषण के साथ खूबसूरत लुक की आकांक्षा रखती हैं। निहार नेचुरल्स नारियल तेल और मेथी प्रोटीन की खूबियों के साथ इन आकांक्षाओं को जोड़ता है। बिहार के लिए जारी फिल्म काला टीका में मां और बेटी के प्रेम व सुरक्षा की भावना को स्थानीय परंपरा के जरिए दिखाया गया है। फिल्म इस परंपरा को खूबसूरत बालों से जोड़ते हुए नया अर्थ देती है। मारिको लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विक्रम करवाल ने कहा कि बिहार निहार नेचुरल्स के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है और उपभोक्ताओं की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और आकांक्षाओं को समझना महत्वपूर्ण है।

### बिहार में निहार नेचुरल्स का नया संदेश पोषण भरे, खिल-खिलाते, निखरे-संवरे बाल

**भागलपुर**। निहार नेचुरल्स ने बिहार में हेयर केयर की बदलती आकांक्षाओं को नए संदेश के साथ पेश किया है। युवा महिलाएं बालों में पोषण के साथ खूबसूरत बाल चाहती हैं। निहार नेचुरल्स नारियल तेल और मेथी प्रोटीन की खूबियों के साथ इन दोनों पहलुओं को जोड़ता है। बिहार में नंबर 1 हेयर ऑयल ब्रांड के रूप में निहार नेचुरल्स माताओं और बेटियों की जरूरतों के लिए उपयुक्त है। बिहार के लिए जारी फिल्म काला टीका में स्थानीय परंपरा के जरिए मां और बेटी के प्रेम व सुरक्षा को दिखाया गया है। मारिको लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विक्रम करवाल विक्रम करवाल ने कहा कि बिहार निहार नेचुरल्स के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है और स्थानीय कहानियों के जरिए उपभोक्ताओं के साथ गहरा जुड़ाव बनाने का अवसर है। यह अभियान उपभोक्ताओं की गहरी समझ, सांस्कृतिक प्रासंगिकता और एक प्रभावशाली उत्पाद प्रस्ताव को एक साथ जोड़कर उपभोक्ताओं के साथ सार्थक जुड़ाव बनाने तथा सतत विकास को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### काला टीका प्रिय स्थानीय परंपरा से प्रेरित है : विक्रम करवाल

**समस्तीपुर**।निहार नेचुरल्स ने बिहार में हेयर केयर के बदलते मायने को पोषण भरे, खिल-खिलाते, निखरे-संवरे बाल संदेश के साथ पेश किया है। ब्रांड नारियल तेल और मेथी प्रोटीन की खूबियों के साथ पोषण और खूबसूरत बालों की नई आकांक्षाओं को जोड़ता है। बिहार के लिए जारी फिल्म काला टीका स्थानीय परंपरा से प्रेरित है। इसमें मां और बेटी के प्रेम व सुरक्षा की भावना को दिखाते हुए खूबसूरत बालों के लिए एक और काला टीका लगाने की बात कही गई है। मारिको लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विक्रम करवाल ने कहा कि बिहार निहार नेचुरल्स के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है। उन्होंने कहा कि काला टीका प्रिय स्थानीय परंपरा से प्रेरित है और इसे आधुनिक हेयर ब्यूटी के नजरिए से प्रस्तुत किया गया है। निहार नेचुरल्स का उद्देश्य परंपराओं के करीब रहते हुए उपभोक्ताओं से अपना जुड़ाव मजबूत करना है।


### निहार नेचुरल्स ने काला टीका के जरिए बिहार में पेश किया हेयर केयर का नया अंदाज

**औरंगाबाद**। निहार नेचुरल्स ने बिहार में हेयर केयर के बदलते मायने को अपने नए संदेश पोषण भरे, खिल-खिलाते, निखरे-संवरे बाल के साथ पेश किया है। बिहार की युवा महिलाएं बालों के लिए पोषण का भरोसा बनाए रखते हुए ऐसे बाल चाहती हैं, जो खूबसूरत भी दिखें। नारियल तेल और मेथी प्रोटीन की खूबियों के साथ निहार नेचुरल्स पोषण को खूबसूरती की नई आकांक्षाओं से जोड़ता है। बिहार के लिए विशेष रूप से जारी नवीनतम फिल्म काला टीका में मां द्वारा बेटी को काला टीका लगाना प्रेम और सुरक्षा की भावना का प्रतीक है। निहार नेचुरल्स इस परंपरा को नया अर्थ देते हुए कहता है कि अगर एक काला टीका बेटी के लिए है, तो उसके खूबसूरत बालों के लिए एक और काला टीका क्यों नहीं। मारिको लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विक्रम करवाल ने कहा कि बिहार निहार नेचुरल्स के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है, जहां ब्रांड की घर-घर तक मजबूत पहुंच और महत्वपूर्ण रणनीतिक भूमिका है। बिहार के लिए तैयार पहला अभियान काला टीका प्रिय स्थानीय परंपरा से प्रेरित है, जिसे आधुनिक हेयर ब्यूटी के नजरिए से नए रूप में प्रस्तुत किया गया है।

### काला टीका के जरिए बिहार में निहार नेचुरल्स की नई पहल

**मुजफ्फरपुर**। निहार नेचुरल्स का नया संदेश पोषण भरे, खिल-खिलाते, निखरे-संवरे बाल बिहार की युवा महिलाओं की बदलती हेयर केयर आकांक्षाओं को दर्शाता है। नारियल तेल और मेथी प्रोटीन की खूबियों के साथ निहार नेचुरल्स पोषण को खूबसूरती की नई आकांक्षाओं से जोड़ता है। बिहार में नंबर 1 हेयर ऑयल ब्रांड के रूप में निहार नेचुरल्स माताओं और बेटियों, दोनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है। बिहार के लिए विशेष रूप से जारी की गई नवीनतम फिल्म काला टीका में मां द्वारा अपनी बेटी को काला टीका लगाना प्रेम और सुरक्षा की भावना का प्रतीक है। निहार नेचुरल्स इस परंपरा को नया और चंचल अर्थ देते हुए कहता है अगर एक काला टीका बेटी के लिए है, तो उसके खूबसूरत बालों के लिए एक और काला टीका क्यों नहीं। मारिको लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विक्रम करवाल ने कहा कि बिहार निहार नेचुरल्स के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है, जहां ब्रांड की घर-घर तक मजबूत पहुंच और महत्वपूर्ण रणनीतिक भूमिका है। बिहार के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया हमारा पहला अभियान काला टीका एक प्रिय स्थानीय परंपरा से प्रेरित है, जिसे आधुनिक हेयर ब्यूटी के नजरिए से नए रूप में प्रस्तुत किया गया है।

### बासोपट्टी में देशी कट्टा व प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार



**मधुबनी/बिहार**।बासोपट्टी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छतौनी वार्ड संख्या-13 में छापेमारी कर एक व्यक्ति को अवैध देशी कट्टा एवं प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 17 सितंबर की रात गश्ती के दौरान मिली सूचना के आधार पर वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम ने राम सेवक यादव के घर की घेराबंदी कर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान घर में सो रहे राम सेवक यादव, पिता स्व. अक्षय लाल यादव, निवासी छतौनी, थाना बासोपट्टी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के क्रम में उसके बिस्तर के नीचे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। वहीं, घर के कमरे में रखे बक्से के अंदर झोले से 100 एमएल की 13 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप भी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी हथियार से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने कट्टा नेपाल से लाने की बात बताई। बरामद हथियार एवं कफ सिरप को जब्त कर लिया गया है।इस संबंध में बासोपट्टी थाना कांड संख्या 318/26, दिनांक 18 सितंबर 2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए एवं अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## जमुई में मेगा ऋण वितरण शिविर, 21 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण राशि की निकासी

नई सोच एक्सप्रेस



» जीविका दीदियों को स्वरोजगार और आजीविका गतिविधियों के विस्तार के लिए उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता

**जमुई**।जीविका दीदियों को जीविकोपार्जन गतिविधियों से जोड़ने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से जीविका एवं विभिन्न बैंकों के संयुक्त समन्वय से जिले में मेगा ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिले के सभी दस प्रखंडों में संचालित विभिन्न बैंकों की शाखाओं में जीविका दीदियों ने ऋण राशि की निकासी में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम पांच बजे तक जमुई जिले में 21 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण राशि की निकासी दर्ज की गई। मेगा ऋण वितरण शिविर को सफल बनाने के लिए जीविका और जिले में कार्यरत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के बीच पूर्व में समन्वय बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में योग्य जीविका दीदियों तक ऋण सुविधा पहुंचाने और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति तैयार की गई थी। इसके बाद जीविका और बैंक की टीमों ने आपसी समन्वय के साथ ऋण निकासी की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए लगातार प्रयास किया। जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार, कृषि, पशुपालन, लघु उद्यम और अन्य जीविकोपार्जन गतिविधियों के लिए बैंकिंग माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि ऋण राशि का उपयोग जीविका दीदियां अपनी मौजूदा आर्थिक गतिविधियों का विस्तार करने के साथ-साथ नई आजीविका शुरू करने में कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की वित्तीय सहायता से महिलाओं और उनके परिवारों की आय बढ़ाने तथा उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे स्तर के उद्यम और स्वरोजगार को भी गति मिलने की उम्मीद है। मेगा ऋण वितरण शिविर को सफल बनाने में जीविका के प्रबंधक-सूक्ष्म वित्त वीरेंद्र कुमार शर्मा, एफआई-नोडल सुनील कुमार, सभी दस प्रखंडों के बीपीएम जीविका, क्षेत्रीय एवं सामुदायिक समन्वयकों तथा विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रखंड स्तर पर जीविका कर्मियों ने संबंधित बैंक शाखाओं के साथ लगातार समन्वय कर ऋण निकासी की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने का प्रयास किया। अभियान के दौरान बैंक मित्रों, जीविका कैडर्स और बड़ी संख्या में जीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी रही। जिले में एक ही दिन आयोजित इस व्यापक ऋण वितरण अभियान से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों को और गति मिलने की उम्मीद जताई गई।

## कांटी थर्मल में 800 मेगावाट की नई यूनिट स्थापित कराने की मांग मुख्यमंत्री से मिले विधायक ई.अजीत कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**कांटी/मुज़ाफ़रपुर**। कांटी थर्मल पावर में 800 मेगावाट क्षमता की नई यूनिट स्थापित करने समेत क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान और महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने पटना स्थित लोक सेवक आवास पहुंच कर मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कांटी विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की। विधायक ने कांटी थर्मल पावर की क्षमता विस्तार तथा नई यूनिट की स्थापना को क्षेत्र के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख सड़कों के निर्माण एवं जर्जर सड़कों के जीर्णोद्धार की आवश्यकता भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर लोगों को हो रही विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। ई. अजीत कुमार ने कहा कि कांटी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र की जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं हो और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो, इसके लिए वे हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांटी में विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सरकार के समक्ष रखा जा रहा है।

## संसार पोखर में चला स्वच्छता अभियान, मशाल रैली से दिया जलस्रोत संरक्षण का संदेश

नई सोच एक्सप्रेस



**मधुबनी/बिहार**।बेनीपट्टी स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जिला गंगा समिति एवं नमामि गंगे, मधुबनी के तत्वावधान में नगर पंचायत बेनीपट्टी के सहयोग से शुक्रवार को बेनीपट्टी स्थित संसार पोखर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान तालाब से गंदगी, जलकुंभी, विसर्जित प्रतिमाओं के अवशेष सहित अन्य कचरे को बाहर निकालकर साफ-सफाई की गई।अभियान के दौरान स्थानीय लोगों को जलस्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। लोगों से तालाब, नदी सहित अन्य जलस्रोतों में कूड़ा-कचरा नहीं डालने तथा इनके संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।मौके पर डीपीओ नमामि गंगे आनंद अंकित ने कहा कि नदियों एवं अन्य जलस्रोतों की स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। जलस्रोतों की निर्मलता, अविरलता एवं पवित्रता बनाए रखना पर्यावरण संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी आवश्यक है। कार्यक्रम के तहत शाम को जलस्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को लेकर मशाल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने, जलस्रोतों में कचरा नहीं डालने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया गया। मशाल रैली में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कर्मियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस दौरान जलस्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण को जनभागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने ईवीएम,वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम,वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, फायर ऑडिट कराने का निर्देश दिया। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं बिहार के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया ने जिले के ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वेयर हाउस परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध व्यवस्थाओं पर ने संतोष व्यक्त किया। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के दृष्टिकोण से जिला अग्निशमन पदाधिकारी को ईवीएम,वीवीपैट वेयर हाउस का फायर ऑडिट करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक, जहानाबाद श्री के.किरण कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा रोहित कुमार मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, कार्यपालक अभियंता, विद्युत, ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस के प्रभारी पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, सदर, आईटी मैनेजर कृष्ण कुमार साहनी सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के संबंधित कर्मी उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। जिनमें आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी), इंडियन नेशनल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल (यूनाइटेड) और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (एमएल) के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## अमित ने 18 हजार फीट की ऊंचाई पर 72 किलोमीटर की चुनौती, 11 घंटे 35 मिनट में पूरी की

नई सोच एक्सप्रेस




**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। जिले के नोनही गांव निवासी अमित सिन्हा ने लद्दाख में आयोजित करीब 72 किलोमीटर लंबी खार्दुंग ला चैलेंज रेस को 11 घंटे 35 मिनट में पूरा कर जिले का नाम रोशन किया है। रेस का सबसे ऊंचा बिंदु करीब 18 हजार फीट की ऊंचाई पर था। बेहद कम ऑक्सीजन, ठंड और कठिन पहाड़ी परिस्थितियों के बीच आयोजित इस रेस में प्रतिभागियों की शारीरिक क्षमता के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता की भी कड़ी परीक्षा होती है। खार्दुंग ला चैलेंज को देश की कठिन अल्ट्रा रनिंग प्रतियोगिताओं में गिना जाता है। इसमें भारत समेत दुनिया के अलग अलग हिस्सों से चयनित करीब 300 प्रतिभागियों को ही हिस्सा लेने का अवसर मिलता है। हर वर्ष लगभग 40 से 50 प्रतिभागी रेस पूरी नहीं कर पाते। ऐसे में अमित का पूरी दूरी को तय कर निर्धारित समय में रेस पूरी करना उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है।अमित की प्रारंभिक शिक्षा प्रतिष्ठित नेतरहाट विद्यालय में हुई। इसके बाद उन्होंने बीटेक और एग्जीक्यूटिव एमबीए की पढ़ाई पूरी की। साहित्य, रनिंग और फाइनेंस में उनकी विशेष रुचि रही है। शिक्षा और पेशेवर जीवन के साथ उन्होंने रनिंग को भी अपनी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया और लगातार अभ्यास के जरिए लंबी दूरी की दौड़ के लिए खुद को तैयार किया। अमित अपनी इस उपलब्धि को केवल अपनी व्यक्तिगत मेहनत का परिणाम नहीं मानते। वे इसके पीछे परिवार और दोस्तों के सहयोग को अहम बताते हैं। उनके पिता और भाई, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं, हमेशा उन्हें यह विश्वास दिलाते थे कि व्यक्ति चाहे कितनी भी छोटी जगह से आया हो, उसके सपने छोटे नहीं होने चाहिए। उनकी बहनों, पत्नी और बेटी का निरंतर सहयोग भी उनके लिए बड़ी ताकत बनी है। अमित के अनुसार, परिवार ने उन्हें अपने सपनों और लक्ष्यों की ओर बढ़ने की पूरी स्वतंत्रता दी और हर चुनौती में उनका हौसला बढ़ाया। वहीं, उनके रनिंग पार्टनर्स और दोस्तों ने नियमित अभ्यास और कठिन ट्रेनिंग के दौरान उनका साथ दिया। अमित ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की सफलता केवल उसकी अपनी मेहनत का परिणाम नहीं होती। उनके माता-पिता और भाई ने उन्हें बड़े सपने देखने का विश्वास दिया, परिवार ने उन सपनों को पूरा करने की आजादी दी और दोस्तों ने हर कदम पर उनका उत्साह बढ़ाया। उनके लिए यह पूरा सपोर्ट सिस्टम ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। अमित की यात्रा नोनही गांव से शुरू होकर नेतरहाट विद्यालय, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की शिक्षा से गुजरते हुए लद्दाख की करीब 18 हजार फीट ऊंची पहाड़ियों तक पहुंची है। उनकी उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा का उदाहरण है। उनका मानना है कि सपनों का आकार व्यक्ति की जगह या परिस्थितियों से तय नहीं होता। स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर मेहनत और परिवार व दोस्तों के सहयोग से कठिन से कठिन चुनौती को भी पार किया जा सकता है। अमित के लिए खार्दुंग ला चैलेंज केवल 72 किलोमीटर की रेस पूरी करना नहीं थी, बल्कि वर्षों से भीतर कायम उस विश्वास की जीत थी कि शुरुआत चाहे कहीं से भी हो, यदि लक्ष्य ऊंचा हो और प्रयास लगातार जारी रहे तो मंजिल तक पहुंचा जा सकता है।

## डीएम ने सुनी आमजनो की समस्याए 47 आवेदन प्राप्त



नई सोच एक्सप्रेस

**मधुबनी/बिहार**।जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा ने शुक्रवार को समाहरणालय में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम में आमजनों की समस्याएं सुनीं। विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे लोगों ने कुल 47 आवेदन दिए। इनमें बैंक खाते से राशि भुगतान में देरी, सरकारी पोखर से अतिक्रमण हटाने, कृषि बिजली कनेक्शन, जमीन विवाद, रास्ता, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आईटीआई नामांकन एवं बकाया राशि के भुगतान से संबंधित मामले शामिल थे। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने बताया कि सहयोग शिविर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाता है। आमजन घर बैठे आरटीएमएस (सहयोग शिविर) पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

## छपरा में शाद अजीमाबादी की साहित्यिक विरासत पर हुई चर्चा

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा**।जिला उर्दू भाषा कोषांग के तत्वावधान में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक शाम शाद अजीमाबादी के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाद अजीमाबादी के व्यक्तित्व, कृतित्व और उर्दू साहित्य में उनके योगदान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के संयोजक उप निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला उर्दू भाषा कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी जावेद इकबाल ने शाद अजीमाबादी का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि उनकी शायरी में वैचारिक गहराई, सांस्कृतिक चेतना और मानवीय भावनाओं की प्रभावी अभिव्यक्ति मिलती है। उनकी साहित्यिक सेवाएं उर्दू भाषा और साहित्य की महत्वपूर्ण धरोहर हैं। नई पीढ़ी को उनके साहित्य से परिचित कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शाद केवल शायर ही नहीं, बल्कि उर्दू की साहित्यिक परंपरा के महत्वपूर्ण संरक्षक भी थे। उनकी रचनाओं में तत्कालीन सामाजिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों की झलक मिलती है। उन्होंने शाद की पुस्तक 'तजकिरा-ए-बलीग' का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें मरसिया-निगारों के जीवन और उनकी साहित्यिक सेवाओं का महत्वपूर्ण संकलन है। राजेंद्र कॉलेज के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. अलाउद्दीन खान ने कहा कि 'तजकिरा-ए-बलीग' उर्दू अदब की महत्वपूर्ण कृति है। जिला स्कूल के प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद वलीउल्लाह कादरी ने शाद की नातिया शायरी की चर्चा की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी हुई। शकील अनवर, जुनैद मीर, अमीन अंजुम, सुहैल हाशमी, दक्ष निरंजन शंभू, अब्दुस्समद भयंकर, बैतुल्लाह बैत, ऐनुल बरौलवी, शिशिर कुमार और सैयद अफरोज ने उर्दू, हिंदी व भोजपुरी में कलाम पेश किया। इस मौके पर मो. हारून रशीद, मो. तारिक, कमर आलम, शफारत हुसैन, बबलू भाई और वसीम अकरम राजा समेत कई लोग मौजूद थे।

## ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने निक्सा शील्ड 6 केए एमसीबी रेंज लॉन्च की

नई सोच एक्सप्रेस



**गयाजी**। 3 अरब अमेरिकी डॉलर के सी. के. ए बिरला ग्रुप का हिस्सा, ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने निक्सा शील्ड 6 केए एमसीबी रेंज लॉन्च करते हुए अपने स्विचगियर पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। आवासीय और हल्के व्यावसायिक अनुप्रयोगों के लिए डिज़ाइन की गई यह रेंज विश्वसनीय सर्किट सुरक्षा, इंस्टॉलेशन में फ्लेक्सिबिलिटी और बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है। निक्सा शील्ड 6 केए एमसीबी में 35 वर्ग मिमी के डुअल-फंक्शन टर्मिनल, 13-प्लेट आर्क शूट डिज़ाइन, दो-स्थिति वाला डीन क्लिप और लाइन-लोड रिवर्सिबिलिटी दी गई है। यह रेंज 240 या 415वी एसी, बी और सी कर्व ट्रिपिंग विशेषताओं में 6ए से 63ए तक उपलब्ध है और आईएस या आईइसी 60898-1 के अनुरूप है। यह 5 साल की वारंटी के साथ सीइ और आईएसआई प्रमाणन के साथ आती है। ओरिएंट इलेक्ट्रिक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, रविंद्र सिंह नेगी ने कहा, निक्सा शील्ड के साथ, हम एक ऐसा समाधान लेकर आ रहे हैं जिसे रोजमर्रा के इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो रिलायबिलिटी, परफॉरमेंस और वैल्यू का सही संतुलन प्रदान करता है। ओरिएंट इलेक्ट्रिक का स्विचगियर पोर्टफोलियो बाजार की विविध जरूरतों के लिए उत्पादों की व्यापक श्रृंखला पेश करता है। प्रीमियम यूरोटेक रेंज एसडीबी तकनीक और उन्नत हीट-सेंसिंग क्षमताओं के साथ-साथ आरसीसीबी और आइसोलेटर्स की पूरी श्रृंखला के साथ अलग पहचान रखती है। पोर्टफोलियो में स्टेला नियो एमसीबी रेंज भी शामिल है, जो विभिन्न अनुप्रयोगों में विश्वसनीय ओवरलोड और शॉर्ट-सर्किट सुरक्षा प्रदान करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### वंचित बेटियों के लिए शिक्षा की बड़ी पहल, 3000 बालिकाओं को स्कूल से जोड़ने का संकल्प



**गया जी।** दखिनगांव बाईपास स्थित सुखदेव सभागार भवन में शुक्रवार को समग्र सेवा संस्था का 26वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बालिका शिक्षा संकल्प सह सम्मान समारोह आयोजित कर वंचित समुदाय की बेटियों को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प दोहराया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन उप श्रमायुक्त पूनम कुमारी, बीडीओ प्रभाकर सिंह, मगध विश्वविद्यालय के प्रो. प्यारे मांझी और जिला पार्षद छोटू दास ने संयुक्त रूप से किया। स्वागत भाषण महेश कुशवाहा ने दिया।उप श्रमायुक्त पूनम कुमारी ने कहा कि वंचित समुदाय की बेटियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास सराहनीय है। बेटियों की पढ़ाई बढ़ने से बाल श्रम और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। प्रो. प्यारे मांझी ने कहा कि बेटियों को शिक्षित करना समाज को मजबूत बनाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। वहीं मुखिया अशोक पासवान ने आरटीई के तहत शिक्षा सेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। बीडीओ प्रभाकर सिंह और मुखिया ठाकुर राजा रंजीत ने संस्था को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।संस्था के मकेश्वर रावत ने बताया कि एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से अतरी, मोहरा और वजीरगंज प्रखंडों में स्कूल से बाहर रह रही करीब 3000 बच्चियों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है।

### समस्तीपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाईः मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार



**समस्तीपुर।** जिले की मुफ्फसिल थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास मामले के एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम द्वारा यह सफलता मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में चलाए गए एक विशेष छापामारी अभियान के दौरान मिली।गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर गांव निवासी अजीत कुमार उर्फ पंडित जी के रूप में हुई है, जो शिवचन्द्र राम उर्फ फौजी का पुत्र है। आरोपी अजीत कुमार मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-416/26 में दर्ज हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले में वांछित था और काफी समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा। इस कामयाबी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है।

### चोरी के मोबाइल के साथ समस्तीपुर पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**समस्तीपुर।**समस्तीपुर के मुफ्फसिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी के दौरान चोरी के मोबाइल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मिली सटीक जानकारी के बाद मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भुईधारा ग्राम में त्वरित छापेमारी की गई, जहां से अमित कुमार (पिता रमन दास) और शिवम कुमार (पिता राजेश शर्मा) को धर-दबोचा गया। पुलिस ने इन दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए दोनों युवक भुईधारा गांव के ही रहने वाले हैं, जिनसे पुलिस फिलहाल पूछताछ कर रही है ताकि मोबाइल चोरी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य मामलों का खुलासा किया जा सके।

### ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने निक्सा शील्ड 6 केए एमसीबी रेंज लॉन्च की



**गयाजी।** 3 अरब अमेरिकी डॉलर के सी. के. ए बिरला ग्रुप का हिस्सा, ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने निक्सा शील्ड 6 केए एमसीबी रेंज लॉन्च करते हुए अपने स्विचगियर पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। आवासीय और हल्के व्यावसायिक अनुप्रयोगों के लिए डिज़ाइन की गई यह रेंज विश्वसनीय सर्किट सुरक्षा, इंस्टॉलेशन में फ्लेक्सिबिलिटी और बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है। निक्सा शील्ड 6 केए एमसीबी में 35 वर्ग मिमी के डुअल-फंक्शन टर्मिनल, 13-प्लेट आर्क शूट डिज़ाइन, दो-स्थिति वाला डीन क्लिप और लाइन-लोड रिवर्सिबिलिटी दी गई है। यह रेंज 240 या 415वी एसी, बी और सी कर्व ट्रिपिंग विशेषताओं में 6ए से 63ए तक उपलब्ध है और आईएस या आईईसी 60898-1 के अनुरूप है। यह 5 साल की वारंटी के साथ सीइ और आईएसआई प्रमाणन के साथ आती है। ओरिएंट इलेक्ट्रिक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, रविंद्र सिंह नेगी ने कहा, निक्सा शील्ड के साथ, हम एक ऐसा समाधान लेकर आ रहे हैं जिसे रोजमर्रा के इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो रिलायबिलिटी, परफॉरमेंस और वैल्यू का सही संतुलन प्रदान करता है। ओरिएंट इलेक्ट्रिक का स्विचगियर पोर्टफोलियो बाजार की विविध जरूरतों के लिए उत्पादों की व्यापक श्रृंखला पेश करता है। प्रीमियम यूरोटेक रेंज एसडीबी तकनीक और उन्नत हीट-सेंसिंग क्षमताओं के साथ-साथ आरसीसीबी और आइसोलेटर्स की पूरी श्रृंखला के साथ अलग पहचान रखती है। पोर्टफोलियो में स्टेला नियो एमसीबी रेंज भी शामिल है, जो विभिन्न अनुप्रयोगों में विश्वसनीय ओवरलोड और शॉर्ट-सर्किट सुरक्षा प्रदान करती है।

# जमालपुर में पहली बार गूंजेगी अंतरराष्ट्रीय पत्रकारिता की आवाज

नई सोच एक्सप्रेस



**जमालपुर (मुंगेर)।**जमालपुर की धरती पर पहली बार आयोजित होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सम्मेलन की सफलता और व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुंगेर जिला मुख्यालय में पत्रकार साथियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया जर्नलिस्ट यूनियन भारत के जिला अध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार मिश्रा ने की।बैठक में पत्रकारों ने आगामी 20 सितंबर को जमालपुर में आयोजित होने वाले सम्मेलन को सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की। उपस्थित पत्रकारों के साथ जिले के समाजसेवियों ने भी सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने का भरोसा दिलाया।बैठक में बताया गया कि जमालपुर में होने वाला यह सम्मेलन पत्रकारिता के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद और विचारों के आदान-प्रदान का मंच बनेगा। सम्मेलन में बांग्लादेश, नेपाल और भूटान के पत्रकारों के अलावा दिल्ली, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड और पंजाब सहित देश के विभिन्न राज्यों के प्रेस प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। बिहार के लगभग सभी जिलों से भी पत्रकार प्रतिनिधियों के पहुंचने की बात कही गई।सम्मेलन को लेकर पत्रकारों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन पत्रकारों को एक-दूसरे के अनुभव साझा करने, पत्रकारिता से जुड़े मुद्दों पर संवाद करने और संगठनात्मक स्तर पर आपसी समन्वय मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं।बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत सम्राट, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष


» 20 सितंबर को होने वाले सम्मेलन को लेकर मुंगेर में जुटे पत्रकार
» बांग्लादेश-नेपाल-भूटान समेत कई राज्यों के प्रतिनिधियों के पहुंचने की संभावना

अरुण कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष केएम राज, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार, दीपक विश्वास, मो. इम्तियाज खां, आदित्य कुमार विकास, दीपक कुमार, मो. अतहर खान सहित कई पत्रकार एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक के.किरण कुमार ने हुलासगंज थाना का निरीक्षण किया

नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** पुलिस अधीक्षक के.किरण कुमार ने हुलासगंज थाना का निरीक्षण किया। जहां पुलिस बल ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। निरीक्षण के दौरान दैनिक कार्यों, अभिलेखों ,लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, अपराधियों की गिरफ्तारी, वाहन जांच और रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने के निर्देश दिया गया। इसके साथ ही पुलिस पदाधिकारियों को जनता के साथ शालीन व संवेदनशील व्यवहार रखने तथा थाना परिसर की साफ-सफाई, अनुशासन और पूरी निष्ठा व जवाबदेही के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने पर उन्होंने विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 घोषी एवं अंचल पुलिस निरीक्षक उपस्थित थे। दूसरी ओर पुलिसअधीक्षक ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रशिक्षु पुलिस पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त



प्रशिक्षण के संबंध में समीक्षा की गई। इस समीक्षा के दौरान प्रशिक्षण से संबंधित विषयों, प्रशिक्षण की उपयोगिता एवं पुलिस कार्यों में उसके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की गई। पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का उपयोग अपने दैनिक कार्यों में प्रभावी रूप से करने तथा कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं जवाबदेही के साथ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब के निर्माण एवं कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत काको थाना क्षेत्र में ALTF के सहयोग से काको (महादलित बस्ती) में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान लगभग 570 लीटर जावा महुआ को विनष्ट, 45 लीटर चुलाई शराब एवं उपकरण भी बरामद किया गया। एसपी के निर्देशन में पुलिस दीदी की टीम बाइक एवं स्कूटी से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन पेट्रोलिंग जारी है। स्कूलों, बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखते हुए महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है तथा छात्राओं एवं बच्चों को सुरक्षा एवं जागरूकता के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ साथ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस केंद्र में 'लाइन डे' के अवसर पर अनुरोध कक्ष का संचालन कर पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की समस्याएं सुनी गईं और उनके त्वरित समाधान के लिये आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके उपरांत पुलिस केंद्र की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की गई एवं समयबद्ध निष्पादन, अनुशासन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

# समस्तीपुर समाहरणालय में DM रोशन कुशवाहा ने किया स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान का शुभारंभ, 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा-2026 कार्यक्रम का शुभारंभ आज समाहरणालय परिसर मे जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा स्वच्छता कर्मियों के साथ समाहरणालय परिसर मे स्वच्छता स्पथ करा के जिला मे अभियान की शुरुआत की गई।इस अभियान में सूर्य प्रताप सिंह उप विकास आयुक्त,निदेशक डीआरडीए,जिला समन्वयक, सलाहकार एवं प्रखंड स्तरीय कर्मीगण मौजूद थे। यह स्वच्छता ही सेवा का कार्यक्रम समस्तीपुर जिला के सभी पंचायतों में 02 अक्टूबर 2026 तक चलाया जाएगा। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा का आयोजन दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2026 तक एक अभियान के रूप में मनाया जाएगा। जिसका थीम स्वच्छता में सहभागिता स्वच्छ भारत विकसित भारत निर्धारित है।जिसमें मुख्य रूप से गंदगी के छोटे-बड़े विन्दुओं स्वच्छता लक्षित इकाईयों (Cleanliness Target Units) को गंदगी मुक्त किया जायेगा जिसके तहत समस्तीपुर जिला के सभी पंचायत एवं सभी प्रखंडों में सार्वजनिक स्थलों की सफाई का अभियान चलाया जायेगा। सफाई कर्मीयों के लिए सुरक्षा शिविर लगाकर उनकी स्वास्थ्य जाँच, बीमा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा।स्वच्छता को व्यवहार का अंग बनाने के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु विविध जन-जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जायेगा।जूट एवं कपड़े,कागज या इको-फ्रेंडली सामग्री से निर्मित थैले का उपयोग करने तथा कचरा नहीं फैलाने एवं परिसर को स्वच्छ बनाने में बल दिया जाना है। स्वच्छता ही सेवा के तहत अपने घर परिवेश गांव एवं मोहल्ला को स्वच्छ बनाया जाना है तथा प्लास्टिक कचरा से मुक्त बनाने के लिए अभियान एवं श्रमदान किया जाना है। सभी सार्वजनिक स्थल, सरकारी एवं निजी कार्यालय,स्कूल, आंगनबाड़ी,स्वास्थ्य केन्द्र, पंचायत भवन, धार्मिक स्थल, पर्यटन स्थल, हाट बाजार, जलस्रोतों इत्यादि को स्वच्छ बनाने के लिए इन निर्धारित समय सीमा में अभियान चलाया जाना है। सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक स्थल की साफ-सफाई कराते हुए स्वच्छता ही सेवा पोर्टल पर फोटो अपलोड किया जाना है। इस कार्य हेतु जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/प्रखंड समन्वयक जिला स्वच्छता कार्यालय से समन्वय स्थापित कर कार्य को तय समय-सीमा में सुनिश्चित करने का निर्देश जिला पदाधिकारी समस्तीपुर द्वारा दिया गया है।

## युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने सीखा प्राथमिक उपचार व बचाव तकनीक



नई सोच एक्सप्रेस

**दरभंगा।**ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय (लनामिवि) के एनएसएस कोषांग द्वारा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना के सौजन्य से आयोजित सात दिवसीय युवा आपदा मित्र आवासीय प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन विभिन्न आपदा प्रबंधन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विश्वविद्यालय परिसर स्थित जुबिली हॉल में आयोजित प्रशिक्षण में दरभंगा, मधुबनी और समस्तीपुर के विभिन्न कॉलेजों के 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर संयोजक डॉ. आरएन चौरसिया ने कहा कि छात्र जीवन व्यक्तित्व, व्यवहार, विचार, चरित्र और भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण काल है। उन्होंने परिश्रम और अनुशासन को सफलता की आधारशिला बताया। प्रशिक्षक सच्चिदानंद कुमार ने विभिन्न प्रकार की चोटों में खपची बांधने और सुरक्षित तरीके से घायल को अस्पताल पहुंचाने की जानकारी दी। उन्होंने टी-शर्ट की मदद से स्ट्रेचर बनाने का भी प्रशिक्षण दिया। राजू कुमार ने हृदय गति रुकने की स्थिति में सीपीआर देने की व्यावहारिक जानकारी दी। पंकज कुमार ने भूकंप के दौरान बचाव के उपाय बताते हुए 'झुको, ढको और पकड़ो' के सिद्धांत को अपनाने पर जोर दिया। शाम को स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# समस्तीपुर जिलाधिकारी ने जन संवाद में आमजनों की समस्याओं को सुना, अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।**जिलाधिकारी समस्तीपुर रोशन कुशवाहा द्वारा आज समाहरणालय सभागार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को स्वयं सुना गया। जन संवाद के दौरान आमजनों द्वारा भूमि एवं राजस्व, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण विकास, विद्युत, आपूर्ति सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा नियमानुसार मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन संवाद में प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शिकायतों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं हो तथा प्रत्येक आवेदक को की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जन संवाद के माध्यम से प्रशासन एवं आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करते हुए पात्र लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा शिकायतों का नियमानुसार समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है मौके पर अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल, राजस्व प्रभारी धर्मराज सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# पितृपक्ष से पहले गया जंक्शन की 'फुल ड्रेस रिहर्सल',चप्पे-चप्पे पर रहेगी प्रशासन की नजर

नई सोच एक्सप्रेस



**गयाजी।** पितृपक्ष मेला 2026 में देश-विदेश से आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए गया जंक्शन पर प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया गया है। शुक्रवार को डीएम शशांक शुभंकर और एसएसपी सुशील कुमार ने रेलवे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा पंडा-पुरोहितों के साथ गया जंक्शन का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्लेटफॉर्म, फुट ओवरब्रिज, प्रतीक्षालय, रिटायरिंग रूम और स्टेशन के बाहरी परिसर में व्यवस्थाओं की पड़ताल की।निरीक्षण में सबसे ज्यादा जोर भीड़ नियंत्रण और प्रवेश-निकास व्यवस्था पर रहा। संभावित भीड़ वाले स्थानों को चिह्नित कर वहां पर्याप्त सुरक्षाकर्मी तैनात करने, जरूरत के अनुसार बैरिकेडिंग लगाने और फुट ओवरब्रिज पर भीड़ का दबाव नहीं बनने देने का निर्देश दिया गया। साथ ही रेलवे पुलिस, आरपीएफ और जिला पुलिस को आपसी समन्वय से लगातार निगरानी व पेट्रोलिंग करने को कहा गया।गया जंक्शन के बाहरी परिसर में ऑटो, यात्री वाहनों, पैदल यात्रियों और वाहनों के आवागमन की स्थिति को भी देखी गई। डीएम ने अवैध पार्किंग और अनावश्यक वाहन ठहराव पर रोक लगाने तथा स्टेशन के बाहर जाम की स्थिति नहीं बनने देने का निर्देश दिया। यातायात पुलिस, परिवहन विभाग, नगर निगम और रेलवे को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने को कहा गया।अधिकारियों ने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को प्लेटफॉर्म, ट्रेन, निकास और जरूरी सुविधाओं की जानकारी आसानी से मिले, इसके लिए पर्याप्त साइनेज लगाए जाएं।अलग अलग राज्यों और विदेशों से आने वाले यात्रियों को भाषा एवं स्थान संबंधी जानकारी देने पर भी जोर दिया गया।

# समान कार्य के लिए समान वेतन आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय की बुनियाद है : प्राचार्य

नई सोच एक्सप्रेस



**जमुई।**विश्व समान वेतन दिवस के अवसर पर राजकीय डिग्री महाविद्यालय, इस्लामनगर, अलीगंज में "स्त्री-पुरुष के समान कार्य के लिए समान वेतन" विषय पर एक लघु गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गौरी शंकर पासवान ने की।अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. पासवान ने कहा कि महिला और पुरुष को समान कार्य के लिए समान वेतन मिलना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। लैंगिक वेतन अंतर को समाप्त करने से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।उन्होंने बताया कि विश्व समान वेतन दिवस हर वर्ष संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूएन वीमेन और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन इलो द्वारा मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य समान मूल्य के कार्य के लिए महिला और पुरुष को समान पारिश्रमिक सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता और कार्रवाई को बढ़ाना है।डॉ. पासवान ने कहा कि समान वेतन सुनिश्चित करने के लिए सरकार को कारगर कानून बनाने के साथ-साथ उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना होगा। इसके लिए प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था और निरंतर जागरूकता अभियान जरूरी है।जब कानून, संस्थागत व्यवस्था और सामाजिक सोच तीनों एक साथ चलेंगे, तभी समान वेतन का लक्ष्य साकार हो सकेगा।राजनीति विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर प्रिया कुमारी ने कहा कि "समान परिश्रम के लिए समान पारिश्रमिक" होना चाहिए और नियमित रूप से वेतन अंतर की समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समान वेतन का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। जब महिलाओं को उनके श्रम का उचित आर्थिक मूल्य मिलता है, तो उनकी व्यक्तिगत आय और आर्थिक स्वतंत्रता बढ़ती है। इसका लाभ केवल महिला तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार की आय बढ़ने से शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आवास और बचत पर खर्च भी बढ़ता है। गोष्ठी में डॉ. राकेश कुमार, प्रो. कामेश्वर प्रसाद, प्रो. अभिषेक कुमार, प्रो. श्रेय शेखर और प्रो. अंजली सार्थक ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि वेतन में लैंगिक भेदभाव नहीं होना चाहिए। यदि वेतन में अंतर वरिष्ठता, अनुभव या प्रदर्शन के आधार पर है, तो उसे लैंगिक भेदभाव नहीं माना जाएगा। काम की पहचान योग्यता से होनी चाहिए, लिंग से नहीं। महिला और पुरुष दोनों की क्षमता का मूल्यांकन समान कसौटी पर होना चाहिए। इस अवसर पर कार्यालय सहायक रूपेश कुमार सिंह, मिर्जागंज के पूर्व मुखिया सरवन कुमार पासवान सहित महाविद्यालय की छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गुम हुए मोबाइल मिले तो खिले चेहरे, ऑपरेशन मुस्कान के तहत 10 मोबाइल बरामद



नई सोच एक्सप्रेस

**मधुबनी/बिहार।**अंधराठाढ़ी बिहार पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान के तहत अंधराठाढ़ी थाना पुलिस ने चोरी एवं गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी कर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौटाने का काम किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र से चोरी या गुम हुए कुल 10 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत करीब 1.50 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस की ओर से बरामद किए गए मोबाइल फोन के वास्तविक धारकों की पहचान की गई। इसके बाद 18 सितंबर 2026 को सभी 10 मोबाइल फोन उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द कर दिए गए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर संबंधित धारकों ने खुशी जताई।पुलिस के अनुसार, ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य चोरी या गुम हुए मोबाइल फोन को तकनीकी एवं पुलिस कार्रवाई के माध्यम से बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाना है। इस अभियान के तहत मोबाइल बरामदगी से आम लोगों को राहत मिल रही है तथा पुलिस के प्रति लोगों का भरोसा भी मजबूत हो रहा है।

# तेल के रास्तों पर जंग, दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा पर संकट



आरती कुमारी

**मध्यपूर्व का संघर्ष अब सीमाओं और सैन्य ठिकानों से निकलकर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की नसों तक पहुंच गया है**

मध्यपूर्व में जारी संघर्ष को यदि केवल मिसाइलों, ड्रोन हमलों, सैन्य ठिकानों और क्षेत्रीय वर्चस्व की लड़ाई के रूप में देखा जाए तो तस्वीर अधूरी रह जाएगी। इस युद्ध का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मोर्चा ऊर्जा सुरक्षा है। सऊदी अरब की ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन पर ड्रोन हमले ने एक बार फिर यह सवाल दुनिया के सामने खड़ा कर दिया है कि वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था आखिर कितनी सुरक्षित है। जिस पाइपलाइन को फारस की खाड़ी और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर निर्भरता कम करने के महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में देखा जाता रहा है, उसका बाधित होना केवल सऊदी अरब की समस्या नहीं है। इसका असर वैश्विक तेल बाजार, समुद्री व्यापार, बीमा लागत, महंगाई और उन देशों पर पड़ सकता है जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर हैं। करीब 1200 किलोमीटर लंबी ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन सऊदी अरब के पूर्वी तेल क्षेत्रों को पश्चिमी तट पर स्थित यानबू बंदरगाह से जोड़ती है। इसकी अधिकतम क्षमता करीब 70 लाख बैरल प्रतिदिन बताई जाती है। इसका रणनीतिक महत्व इसलिए है क्योंकि इसके जरिए सऊदी अरब फारस की खाड़ी से निकलने वाले तेल का एक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किए बिना लाल सागर के रास्ते वैश्विक बाजार तक पहुंचा सकता है। यही कारण है कि इस पाइपलाइन पर हमला सामान्य ऊर्जा ढांचे पर हमला नहीं माना जा सकता। यह उस वैकल्पिक व्यवस्था पर चोट है जिसे समुद्री मार्गों पर बढ़ते जोखिम के बीच तैयार किया गया था।

**होर्मुज के बाद दूसरा रास्ता भी दबाव में-** दुनिया के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज लंबे समय से ऊर्जा आपूर्ति का सबसे संवेदनशील समुद्री मार्ग रहा है। सामान्य परिस्थितियों में इसके जरिए प्रतिदिन बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद वैश्विक बाजार तक पहुंचते हैं। फारस की खाड़ी के प्रमुख तेल उत्पादक देशों की अर्थव्यवस्था इस समुद्री मार्ग की सुरक्षा से गहराई से जुड़ी है। ईरान और अमेरिका तथा उसके सहयोगियों के बीच तनाव बढ़ने पर होर्मुज की सुरक्षा को लेकर आशंकाएं स्वाभाविक रूप से बढ़ती हैं। बाजार में केवल वास्तविक आपूर्ति में कमी ही कीमतें नहीं बढ़ातीं, बल्कि भविष्य में आपूर्ति बाधित होने की आशंका भी कीमतों को ऊपर ले जाती है। तेल बाजार में जोखिम की कीमत पहले लगती है और वास्तविक संकट बाद में दिखाई देता है। ऐसे समय में सऊदी अरब की ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन का बाधित होना समस्या को और जटिल बनाता है। एक तरफ होर्मुज में तनाव है, दूसरी तरफ लाल सागर और बाब अल-मंदब के समुद्री मार्ग पहले से सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और अब वैकल्पिक स्थलीय ऊर्जा मार्ग भी हमले की जद में आ गया है। यह स्थिति बताती है कि आधुनिक युद्ध में किसी देश की ऊर्जा सुरक्षा केवल उसके तेल भंडार या उत्पादन क्षमता पर निर्भर नहीं करती। तेल को सुरक्षित तरीके से बाजार तक पहुंचाना उतना ही महत्वपूर्ण है।

**तेल की कीमत सिर्फ तेल की नहीं होती-** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत को केवल उत्पादन और मांग के पारंपरिक समीकरण से समझना अब पर्याप्त नहीं है। परिवहन, समुद्री बीमा, भंडारण, पाइपलाइन सुरक्षा और भू-राजनीतिक जोखिम भी कीमत तय करते हैं। पाइपलाइन के बंद होने का अर्थयह नहीं कि दुनिया से उतनी मात्रा में तेल अचानक गायब हो गई। असली समस्या यह है कि उपलब्ध तेल को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के विकल्प सीमित हो जाते हैं। जब विकल्प कम होते हैं और जोखिम बढ़ता है तो बाजार भविष्य की संभावित कमी को आज की कीमत में शामिल कर लेता है। यही कारण है कि कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंचने की आशंका या वास्तविक स्थिति अपने आप में बड़ा आर्थिक संकेत है। यदि आपूर्ति मार्ग लंबे समय तक बाधित रहते हैं तो कीमतों पर अतिरिक्त दबाव बन सकता है। इसका असर केवल पेट्रोल और डीजल तक सीमित नहीं रहेगा। तेल महंगा होने का अर्थ है परिवहन महंगा होना, उत्पादन लागत बढ़ना और अंततः उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ना। विमानन से लेकर उर्वरक, प्लास्टिक, रसायन और लॉजिस्टिक्स तक अनेक क्षेत्र ऊर्जा कीमतों से प्रभावित होते हैं।

**भारत के लिए चुनौती ज्यादा गंभीर-** भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मध्यपूर्व का ऊर्जा संकट विशेष महत्व रखता है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंबे समय तक ऊंची तेल कीमतें भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कई स्तरों पर चुनौती पैदा कर सकती हैं। घरेलू पेट्रोल और डीजल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की हर दैनिक हलचल को तुरंत प्रतिबिंबित नहीं करतीं। तेल कंपनियों के पास पुराने स्टॉक होते हैं और सरकार के पास कर तथा मूल्य निर्धारण से जुड़े कुछ नीतिगत विकल्प भी होते हैं। लेकिन यदि अंतरराष्ट्रीय कीमतें लंबे समय तक ऊंची रहती हैं तो दबाव को स्थायी रूप से रोकना कठिन होता है। सबसे पहले भारत के आयात बिल पर असर पड़ता है। तेल के लिए ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। इससे चालू खाते और रुपये पर दबाव बढ़ सकता है। रुपये पर दबाव बढ़ने से आयातित वस्तुओं की लागत भी बढ़ सकती है। दूसरी ओर परिवहन लागत बढ़ने का असर खाद्य पदार्थों और औद्योगिक वस्तुओं पर पड़ सकता है।

इसलिए तेल का संकट केवल पेट्रोल पंप पर दिखाई देने वाला संकट नहीं है। इसका असर परिवार के बजट से लेकर सरकारी वित्त और उद्योग की लागत तक फैल सकता है।

**सऊदी अरब के सामने बहुस्तरीय सुरक्षा चुनौती-** सऊदी अरब के लिए मौजूदा परिस्थिति इसलिए भी कठिन है क्योंकि उसके सामने एक नहीं, कई ऊर्जा मार्गों की सुरक्षा का प्रश्न है। फारस की खाड़ी और होर्मुज एक तरफ हैं। लाल सागर और बाब अल-मंदब दूसरी तरफ हैं। इनके बीच ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन को वैकल्पिक रास्ते के रूप में विकसित किया गया था। यदि समुद्री मार्गों पर जोखिम बढ़े और स्थलीय पाइपलाइन भी निशाने पर आने लगे तो किसी भी ऊर्जा उत्पादक देश के लिए चुनौती कई गुना बढ़ जाती है। आधुनिक ड्रोन तकनीक ने इस चुनौती को और गंभीर बना दिया है। एक महंगे सैन्य अड्डे को सुरक्षा देने और हजारों किलोमीटर लंबी पाइपलाइन की सुरक्षा करने में जमीन-आसमान का अंतर है। पाइपलाइन की पूरी लंबाई पर भारी सैन्य सुरक्षा तैनात करना व्यावहारिक नहीं है। निगरानी, रडार, ड्रोन रोधी प्रणाली और त्वरित मरम्मत व्यवस्था की जरूरत बढ़ जाती है। इस लिहाज से छोटा ड्रोन भी रणनीतिक रूप से बड़ा प्रभाव पैदा कर सकता है।

**सऊदी-हूती संघर्ष का पुराना इतिहास-** सऊदी अरब और हूती आंदोलन के बीच आज का संघर्ष अचानक पैदा हुई स्थिति नहीं है। इसके पीछे यमन का लंबा राजनीतिक और क्षेत्रीय इतिहास है। 1934 के सऊदी-यमन युद्ध के बाद सीमा से जुड़े कई क्षेत्रों पर सऊदी नियंत्रण स्थापित हुआ। 1962 में यमन की राजशाही के खिलाफ गणतांत्रिक क्रांति के बाद मिस्र के राष्ट्रपति गमाल अब्दुल नासिर ने गणतांत्रिक पक्ष का समर्थन किया। इसके जवाब में सऊदी अरब ने राजशाही समर्थक शक्तियों को सहायता दी। आगे चलकर उत्तरी यमन की जैदी परंपरा से जुड़े राजनीतिक-सामाजिक आंदोलन ने नए रूप में आकार लिया और हूती आंदोलन के रूप में सामने आया। 2000 के दशक में सऊदी अरब और हूतियों के बीच सैन्य संघर्ष बढ़ा। 2009 में सऊदी सेना सीधे संघर्ष में शामिल हुई। 2019 में भी हूती हमलों में सऊदी अरब के महत्वपूर्ण तेल प्रतिष्ठानों और ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन के पंपिंग स्टेशनों को निशाना बनाया गया था। इससे स्पष्ट है कि ऊर्जा ढांचा लंबे समय से इस संघर्ष का महत्वपूर्ण लक्ष्य रहा है।

**ईरान की भूमिका और परोक्ष संघर्ष-** इस पूरे संकट का एक बड़ा सवाल ईरान की भूमिका से जुड़ा है। ईरान और हूती आंदोलन के संबंधों को लेकर लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा होती रही है। ईरान हूतियों को किस स्तर तक सहायता देता है और उनके निर्णयों पर उसका कितना प्रभाव है, इस पर अलग-अलग आकलन मौजूद हैं। इसलिए किसी भी हमले को सीधे ईरान का आदेश मान लेना उतना ही गलत होगा जितना क्षेत्रीय शक्ति समीकरण में ईरान की भूमिका को नजरअंदाज करना। लेकिन रणनीतिक स्तर पर एक तथ्य महत्वपूर्ण है। यदि क्षेत्र में अलग-अलग सशस्त्र समूह ऊर्जा ढांचे, समुद्री मार्गों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हैं, तो संघर्ष का आर्थिक प्रभाव कहीं अधिक व्यापक हो जाता है। युद्ध की यही परोक्ष प्रकृति आधुनिक भू-राजनीति को जटिल बनाती है। प्रत्यक्ष युद्ध में दो पक्षों की सीमा अपेक्षाकृत स्पष्ट होती है, लेकिन प्रॉक्सी संघर्ष में जिम्मेदारी, प्रतिक्रिया और प्रतिशोध की सीमाएं धुंधली हो जाती हैं।

**पाकिस्तान-तुर्की और सऊदी सुरक्षा समीकरण-** सऊदी अरब की सुरक्षा व्यवस्था का एक और महत्वपूर्ण पहलू पाकिस्तान और तुर्की के साथ उसके संबंध हैं। मक्का की सुरक्षा को लेकर हुए समझौते और व्यापक रक्षा सहयोग इस बात की ओर संकेत करते हैं कि सऊदी अरब अपनी सुरक्षा को केवल पारंपरिक गठबंधनों तक सीमित नहीं रखना चाहता। लेकिन किसी भी सुरक्षा साझेदारी की वास्तविक परीक्षा संकट के समय होती है। राजनीतिक समर्थन, कूटनीतिक समर्थन, हथियारों की आपूर्ति, वायु रक्षा और प्रत्यक्ष सैन्य सहयोग इन सबके बीच अंतर है। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्षेत्रीय देश ऊर्जा प्रतिष्ठानों और समुद्री मार्गों की सुरक्षा के लिए किस स्तर का सहयोग करते हैं।

**क्या 120 डॉलर का तेल संभव है-** तेल की कीमतों को लेकर किसी निश्चित स्तर की भविष्यवाणी करना कठिन है। कीमत इस बात पर निर्भर करेगी कि पाइपलाइन कितनी जल्दी बहाल होती है, होर्मुज में जहाजरानी की स्थिति क्या रहती है, लाल सागर का जोखिम कितना बढ़ता है और प्रमुख तेल उत्पादक देश अतिरिक्त उत्पादन या वैकल्पिक मार्गों के जरिए कितनी आपूर्ति बनाए रखते हैं। यदि एक साथ कई प्रमुख मार्ग लंबे समय तक बाधित रहते हैं तो बाजार में जोखिम प्रीमियम बढ़ना स्वाभाविक है। लेकिन रणनीतिक भंडार, वैकल्पिक आपूर्ति, उत्पादन बढ़ाने की क्षमता और मांग में बदलाव कीमतों पर कुछ हद तक अंकुश भी लगा सकते हैं। इसलिए 120 डॉलर या उससे ऊपर की कीमत को निश्चित परिणाम के रूप में नहीं, बल्कि गंभीर आपूर्ति व्यवधान की स्थिति में पैदा हो सकने वाले जोखिम के रूप में देखना चाहिए।

**ऊर्जा सुरक्षा की नई परिभाषा-** मध्यपूर्व का मौजूदा संकट एक बड़ा सबक दे रहा है— ऊर्जा सुरक्षा का अर्थ केवल पर्याप्त तेल उपलब्ध होना नहीं है। सुरक्षित उत्पादन, सुरक्षित परिवहन, विविध आपूर्ति स्रोत और वैकल्पिक मार्ग भी उतने ही जरूरी हैं। भारत जैसे देशों के लिए इसका मतलब है कि ऊर्जा आयात को अधिक विविध बनाना, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार मजबूत करना, नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ाना तथा घरेलू ऊर्जा स्रोतों की क्षमता बढ़ाना दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा होना चाहिए।

# दंडनीय अपराध है स्कूली बच्चों के साथ अमानवीयता भरा व्यवहार

मनोज कुमार अग्रवाल

भारत में शिक्षा का अधिकार कानून की धारा 17 स्कूलों में बच्चों को किसी भी तरह के शारीरिक दंड या मानसिक उत्पीड़न से पूरी तरह सुरक्षित रखती है।स्कूलों में शिक्षकों द्वारा बच्चों की पिटाई और शारीरिक दंड एक गंभीर और गैर-कानूनी समस्या है, जिसपर विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी वैश्विक संस्थाएं भी चिंता जता चुकी हैं। हाल ही में ऐसी की घटनाएं सामने आई है जिनमें शिक्षकों की अमानवीयता और निर्दयता भरी पिटाई के कारण मासूम बच्चों की मौत हो गई अथवा वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हाल ही में आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम के लिटिल गार्डन स्कूल में 20 अगस्त 2026 को होमवर्क पूरा न करने पर एक 6 साल के छात्र प्रणय तेजा की टीचर की कथित पिटाई और थप्पड़ मारने के बाद क्लासरूम में गिरकर मौत हो गई।दरअसल बच्चे ने होमवर्क पूरा नहीं किया था, जिसके बाद टीचर ने उसे डांटा और थप्पड़ मारा। क्लासरूम में लगे सीसीटीवी फुटेज में सामने आया कि थप्पड़ मारने और प्रताड़ित करने के कुछ ही पलों बाद बच्चा बेहोश होकर गिर पड़ा। बच्चे को तुरंत किंग जॉर्ज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार का आरोप है कि डर और दहशत की वजह से उसे हार्ट अटैक आया। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम का इस घटना से सम्बद्ध वीडियो पूरे देश में वायरल हुआ, जिसमें एक प्राइवेट स्कूल की शिक्षिका बच्चे को डांटती और थप्पड़ मारती नज़र आ रही थी। उसके बाद बच्चे को कटे पेड़ की तरह गिरते देखा गया। बताते हैं कि होमवर्क पूरा न करने पर टीचर ने एलकेजी के छह वर्षीय छात्र प्रणय तेजा को पहले बुरी तरह डांटा और फिर उसे जोर से थप्पड़ मारा, जो उसे एक शॉक की तरह लगा। सीसीटीवी कैमरे की पुलिस द्वारा हासिल रिकॉर्डिंग में बच्चे की पिटाई और जमीन पर गिरने का दृश्य स्पष्ट दिखाई दे रहा था। बच्चे को अस्पताल ले जाया गया। जहां बताया गया है कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। इस घटना के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन भी हुए। अभिभावकों का आरोप है कि बच्चा घर से स्वस्थ स्थिति में स्कूल के लिए निकला था। उसे कोई रोग भी नहीं था। बाकायदा उसने स्कूल जाने की खुद जिद की। उसके पिता के अनुसार उनका परिवार एक तीर्थयात्रा पर गया था, जिसकी वजह से वह होमवर्क नहीं कर सका। इसके बाद टीचर के खिलाफ कार्रवाई और निजी स्कूलों में छात्रों की सुरक्षा बढ़ाने और संवेदनशील व्यवहार की मांग तेज हुई। वहीं दूसरी ओर स्कूल प्रशासन ने दलील दी कि खेल के मैदान में गिरने की वजह से बच्चे की जान गई। बताया जाता है कि स्कूल में कोई खेल का मैदान था ही नहीं। पूरी दुनिया में ऐसे तमाम अध्ययन व शोध निष्कर्ष सामने आ चुके हैं कि स्कूली बच्चों का किसी भी तरह शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए। यह न केवल शिक्षकों का शैक्षिक दायित्व है बल्कि वे इसके लिये कानूनी रूप से भी बाध्य हैं। लेकिन विडंबना यह है कि शिक्षकों ने जाने क्यों मान लिया है कि किसी छात्र की गलती को दंडित या प्रताड़ित करके ही सुधारा जा सकता है। कहीं न कहीं यह शिक्षकों में धैर्य व तार्किक सोच की कमी को भी दर्शाता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी पिछले दिनों ऐसी ही घटना सामने आई। वहां विनोद नगर में एक सरकारी स्कूल की ग्यारह साल की छात्रा की सजा दिए जाने के बाद मौत हो गई। उसका कसूर सिर्फ इतना था कि वह क्लास में किताब लाना भूल गई। शिक्षिका ने उसे क्लास के पीछे हाथ ऊपर करके खड़े होने की सजा दी। कक्षा में इस तरह काफी देर तक खड़े रहने और अपमान से आहत होने के बाद उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई। मौजपुर जाफराबाद दिल्ली में एक प्ले स्कूल में 3 साल के मासूम बच्चे को एप्रन की डोरी से 3 घंटे तक कुर्सी से बांधकर बेरहमी से पीटा गया, थप्पड़ मारे गए और कान खींचे गए, जिससे बच्चे के कान के पर्दे सूज गए। अमरोहा में हाल ही में दसवीं कक्षा के एक छात्र को स्कूल यूनिफॉर्म न पहनने और बेंच न उठाने पर शिक्षक ने डंडे से बेरहमी से पीटा इसी तरह की अन्य घटना में फरीदाबाद के एक स्कूल में मामूली बात पर छात्रा को चार घंटे खड़े होने की सजा दी गई। घटना से आहत व अपमानित महसूस करके छात्रा ने स्कूल की छत से कूदकर जान दे दी। जालौन उत्तर प्रदेश में तीसरी कक्षा के 8 वर्षीय बच्चे को शिक्षक ने बेरहमी से पीटने के बाद दो घंटे तक बाथरूम में बंद रखा। मध्यप्रदेश संस्कार पब्लिक स्कूल में मामूली कहासुनी के बाद प्रिंसिपल ने 8वीं कक्षा के छात्र को लात-घूंसों से पीटा और जमीन पर लिटाकर बेरहमी से प्रताड़ित किया। विचारणीय प्रश्न है कि प्रशिक्षित शिक्षक इस बात को समझने का प्रयास क्यों नहीं करते कि उन्हें छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। वे क्यों नहीं समझते कि क्लास में सबके सामने दंडित किए जाने से बच्चे के कोमल मन-मस्तिष्क पर कैसा नकारात्मक असर पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने सभी स्कूलों के शिक्षकों के लिए इस बाबत सभी दिशा-निर्देश स्पष्ट रूप से दे रखे हैं, लेकिन इसके बावजूद अप्रिय हो रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कई शिक्षक इन कानूनी व नैतिक मापदंडों को ताक पर रखकर बच्चों को प्रताड़ित करते हैं। निस्संदेह, कोई भी शैक्षिक व्यवस्था किसी भी शिक्षक को निरंकुश व्यवहार करने और अपनी भड़ास निकालने की इजाजत नहीं देती। दरअसल, समय के साथ-साथ बच्चों में ऐसे भाव विकसित हो गए हैं कि वे कक्षा में सार्वजनिक रूप से अपमान व प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं करते। समाज में एकल परिवार परंपरा के प्रचलन के बाद बच्चे अभिभावकों के ध्यान के केंद्र में आ गए हैं। संयुक्त परिवारों में बच्चे मान-अपमान के प्रति इतने ज्यादा संवेदनशील नहीं होते थे। लेकिन आज घर में अकेले होने के नाते मिलने वाले विशिष्ट व्यवहार की अपेक्षा बच्चा स्कूल में भी करता है। फलतः किसी दंड या ताड़ना को वह बेहद गंभीरता से लेता है। आपको पुनः बता दें कानूनन राइट आफ एजुकेशन एक्ट की धारा 17 के तहत भी स्कूलों में किसी भी प्रकार का शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद, ऐसी घटनाएं बच्चों के विकास और शिक्षा व्यवस्था के काले चेहरे को उजागर करती हैं। बच्चों पर हाथ उठाने वाले शिक्षकों पर भारतीय न्याय संहिता /भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम के तहत कानूनी और फौजदारी कार्रवाई की जा सकती है।क्या कदम उठाए जा सकते हैं?घटना की तुरंत स्थानीय पुलिस थाने में लिखित शिकायत या एफआईआर दर्ज कराई जानी चाहिए।ऐसी घटनाओं की शिकायत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग या चाइल्डलाइन (नंबरः 1098) पर की जा सकती है।

# निवेशकों का विश्वास

**जगदीशन के तीसरा कार्यकाल ना लेने के फैसले को एचडीएफसी बैंक में संस्थागत पुनर्गठन की जरूरत से जोड़ कर देखा गया है। अब बैंक के सामने कॉरपोरेट गवर्नेंस के उच्च मानकों की बहाली की कठिन चुनौती है। सामान्य स्थितियों में फिर नियुक्ति ना मांगने के एचडीएसी बैंक के महाप्रबंधक और सीईओ शशिधर जगदीशन की घोषणा को उनका निजी फैसला समझा जाता। मगर, जो हालिया पृष्ठभूमि है, उस कारण इस घटना से भारत के इस प्रमुख बैंक के बारे में चर्चित सवालों पर फिर ध्यान गया है। जगदीशन ने अक्टूबर 2026 में अपनी सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्नियुक्ति ना मांगने का निर्णय लिया है। इस कदम को बैंक में संचालन संबंधी अनसुलझे मसलों और एचडीएफसी हाउजिंग फाइनेंस कंपनी के साथ उसके विलय के बाद की चुनौतियों के बरकरार रहने का संकेत समझा गया है। उल्लेखनीय है कि जगदीशन का कार्यकाल बैंक में कॉरपोरेट गवर्नेंस से जुड़े विवादों से प्रभावित रहा। पूर्व गैर-कार्यकारी अध्यक्ष अतनु चक्रवर्ती के "नैतिक चिंताओं" का हवाला देते हुए अचानक इस्तीफा देने, और महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन से संबंधित डिपॉजिट प्रोक्योरमेंट विवाद से बैंक की साख को झटका लगा। क्रेडिट सुइस एटी-1 बॉन्ड सहित विदेशी संपत्तियों की बिक्री के मामले में जोखिम संभालने संबंधी बैंक के मानकों पर सवाल उठे। हालांकि वित्तीय मोर्चे पर बैंक में स्थिरता रही, लेकिन विलय के बाद उसके मुनाफे में आई कमी आई। उससे निवेशकों में उपजे संदेह के कारण शेयर बाजार में बैंक का प्रदर्शन कई वर्षों के निम्नतम स्तर पर पहुंच गया। लंबे समय तक भारतीय रिटेल बैंकिंग का गोल्ड स्टैंडर्ड माने जाने वाले इस बैंक के लिए ये रुझान चिंता का कारण बने हुए हैं।**

# भगवान विश्वकर्मा में निहित है निर्माण की अनंत शक्ति



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

सृष्टि में सृजन की प्रक्रिया अनादि से अनंत तक अनवरत जारी रहती है। सृजन केवल किसी वस्तु को आकार देने का नाम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी चेतन प्रक्रिया है, जिसमें नए विचार, नए उपाय, नई कल्पना और नई अवधारणाओं का आविर्भाव होता है। सृजन में मौलिकता होती है, सम्यकता होती है और भविष्य को बेहतर बनाने की आकांक्षा भी होती है। मनुष्य ने जब पहली बार प्रकृति को समझने का प्रयास किया, तभी से सृजन की यात्रा प्रारंभ हो गई। पत्थर को औजार का रूप देना, लकड़ी से घर बनाना, धातु को उपयोगी वस्तुओं में ढालना, पहिए का निर्माण करना और धीरे-धीरे आधुनिक मशीनों तथा तकनीक तक पहुंचना, यह सब मानव सृजनशीलता की ही कहानी है। इसीलिए सृजन केवल कलाकार की कूची, शिल्पी की छेनी या इंजीनियर की मशीन तक सीमित नहीं है। जहां भी कल्पना को आकार मिलता है, जहां विचार कर्म में बदलता है और जहां श्रम किसी उपयोगी परिणाम को जन्म देता है, वहां सृजन उपस्थित होता है। भगवान विश्वकर्मा की आराधना का दिन इसी सृजन-चेतना को नमन करने का अवसर है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि निर्माण करने वाला हाथ समाज की वास्तविक शक्ति है। खेत में औजार चलाने वाला किसान हो, मशीन चलाने वाला श्रमिक, भवन बनाने वाला राजमिस्त्री, धातु को आकार देने वाला कारीगर, वाहन और उपकरण बनाने वाला तकनीशियन अथवा नई तकनीक विकसित करने वाला इंजीनियर, हर हाथ किसी न किसी रूप में विश्वकर्मा की सृजन परंपरा को आगे बढ़ाता है। विश्वकर्मा पूजा इसलिए केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि श्रम, कौशल, तकनीक और निर्माण के प्रति सम्मान की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति भी है। आज के दिन सृजन, पुनर्सृजन, सृजनशीलता, सृजनहार, सृजनात्मकता और निर्माण जैसी अवधारणाएं एक-दूसरे से जुड़कर एक व्यापक भावभूमि तैयार करती हैं। यह भावभूमि हमें बताती है कि संसार केवल विचारों से नहीं चलता है। विचार जब श्रम से जुड़ता है, तभी वह वास्तविकता का रूप ग्रहण करता है। भारतीय परंपरा में भगवान विश्वकर्मा को शिल्प, वास्तु, निर्माण और तकनीकी कौशल से जोड़ा जाता है। उन्हें देवताओं के दिव्य शिल्पकार और निर्माण-कला का प्रतीक माना जाता है। शिल्पशास्त्रों की परंपरा में विश्वकर्मा का विशेष स्थान है। लोकमान्यता और धार्मिक परंपराओं में उन्हें ऐसे दिव्य सृजनहार के रूप में स्मरण किया जाता है, जिनके माध्यम से निर्माण और कौशल की अवधारणा को आध्यात्मिक आधार मिलता है। भगवान विश्वकर्मा का विराट स्वरूप इस बात का प्रतीक माना जा सकता है कि निर्माण की कोई एक सीमा नहीं होती है। मनुष्य जितना सीखता है, उतना ही उसके सामने सृजन के नए द्वार खुलते जाते हैं। उनका स्मरण हमें यह संदेश देता है कि संसार में कोई भी निर्माण अचानक नहीं होता है। उसके पीछे कल्पना, योजना, ज्ञान, कौशल, श्रम और धैर्य का समन्वय होता है। भारतीय परंपरा में विश्वकर्मा के पंचमुखी स्वरूप का उल्लेख मिलता है। विभिन्न परंपराओं में इसकी अलग-अलग व्याख्याएं मिलती हैं। अयस, काष्ठ, ताम्र, शिला और हिरण्य जैसे पदार्थों से जुड़ा यह प्रतीकात्मक स्वरूप निर्माण की विविधता और शिल्प की व्यापकता का बोध कराता है। धातु हो या लकड़ी, पत्थर हो या अन्य निर्माण सामग्री, मनुष्य ने प्रकृति से प्राप्त संसाधनों को अपनी बुद्धि और कौशल के माध्यम से उपयोगी रूप दिया। यही मानव सभ्यता के विकास की आधारभूत प्रक्रिया रही है। इस दृष्टि से विश्वकर्मा केवल किसी एक कला के देवता नहीं है, बल्कि मानव की उस रचनात्मक शक्ति के प्रतीक हैं, जिसने प्रकृति के साथ संवाद करते हुए जीवन को सुविधाजनक और सुंदर बनाने का प्रयास किया है। किसी भी निर्माण की शुरुआत वस्तु से नहीं, विचार से होती है। एक भवन बनने से पहले उसका नक्शा बनता है। मशीन बनने से पहले उसका डिजाइन तैयार होता है। कोई पुल अस्तित्व में आने से पहले इंजीनियर के मस्तिष्क में एक कल्पना के रूप में जन्म लेता है। कोई मूर्ति पत्थर में दिखाई देने से पहले कलाकार की दृष्टि में आकार ग्रहण करती है। इसलिए सृजन की पहली प्रयोगशाला मनुष्य का मस्तिष्क है। विचार जब कल्पना से जुड़ता है, कल्पना जब योजना बनती है और योजना जब श्रम एवं कौशल के माध्यम से धरातल पर उतरती है, तब सृजन पूर्णता की ओर बढ़ता है। भगवान विश्वकर्मा की आराधना इसी यात्रा का सम्मान है। हम अक्सर किसी तैयार वस्तु को देखकर उसके पीछे लगे श्रम को भूल जाते हैं। सुंदर भवन दिखाई देता है, लेकिन उसके निर्माण में लगे मजदूरों का परिश्रम नजर नहीं आता है। चमकदार मशीन दिखाई देती है, लेकिन उसे बनाने वाले इंजीनियर, तकनीशियन और श्रमिकों की साधना पर हमारा ध्यान कम जाता है। विश्वकर्मा पूजा हमें इसी भूल को सुधारने का अवसर देती है। श्रम केवल आजीविका का साधन नहीं है। श्रम मनुष्य की सृजनशील शक्ति की अभिव्यक्ति है। जिस हाथ में औजार है, वह हाथ निर्माण कर रहा है। जिस मस्तिष्क में नई तकनीक का विचार है, वह भी निर्माण कर रहा है। इसलिए श्रमिक और वैज्ञानिक, कारीगर और इंजीनियर, कलाकार और वास्तुकार, सभी सृजन की एक ही विराट परंपरा के अलग-अलग अंग हैं। सृजन के साथ पुनर्सृजन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। समय बदलता है, आवश्यकताएं बदलती हैं और तकनीक बदलती है। जो व्यवस्था कभी उपयोगी थी, वह भविष्य में अपर्याप्त हो सकती है। इसलिए समाज को लगातार स्वयं को पुनर्सृजित करना पड़ता है। पुरानी मशीन का आधुनिक रूप लेना, पारंपरिक शिल्प का नए बाजार से जुड़ना, पुराने भवन का संरक्षण करते हुए उसे नई आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ना, पुनर्सृजन के उदाहरण हैं। भारतीय सभ्यता की विशेषता भी यही रही है कि उसने परंपरा को स्थिर वस्तु न मानकर समय के साथ उसका पुनर्पाठ किया है। विश्वकर्मा का संदेश भी इसी भाव में देखा जा सकता है कि निर्माण रुके नहीं, कौशल जड़ न बने और ज्ञान निरंतर आगे बढ़ता रहे। आज हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, अंतरिक्ष विज्ञान, स्वचालन, डिजिटल तकनीक और अत्याधुनिक इंजीनियरिंग के युग में प्रवेश कर चुके हैं। कारखानों में मशीनें पहले से अधिक सक्षम हो रही हैं। निर्माण क्षेत्र में नई तकनीकें आ रही हैं। ऊर्जा, परिवहन और संचार के क्षेत्र में लगातार नए प्रयोग हो रहे हैं। लेकिन तकनीक चाहे कितनी भी विकसित क्यों न हो जाए, उसकी शुरुआत मानवीय कल्पना से ही होती है। मशीन स्वयं अपने उद्देश्य का निर्धारण नहीं करती। उसके पीछे मनुष्य का विचार, ज्ञान और कौशल होता है। इसलिए आधुनिक तकनीकी युग में भगवान विश्वकर्मा की अवधारणा और भी व्यापक प्रतीत होती है। यह हमें याद दिलाती है कि तकनीक का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं है, बल्कि मानव जीवन को अधिक सुरक्षित, सुगम और सार्थक बनाना भी होना चाहिए। सृजन की सुंदरता इसी में है कि इसमें विज्ञान और कला दोनों का समावेश होता है। एक वास्तुकार को गणित भी चाहिए और सौंदर्यबोध भी। एक इंजीनियर को विज्ञान का ज्ञान चाहिए और कल्पनाशक्ति भी। एक कारीगर को तकनीकी दक्षता चाहिए और हाथों की संवेदनशीलता भी। यही कारण है कि शिल्प केवल तकनीक नहीं है और कला केवल सौंदर्य नहीं। दोनों के बीच एक गहरा संबंध है। भगवान विश्वकर्मा की परंपरा इसी समन्वय का प्रतीक बनती है, जहां ज्ञान, कौशल, सौंदर्य और उपयोगिता एक साथ मिलकर निर्माण को पूर्णता प्रदान करते हैं। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर मशीनों, औजारों और उपकरणों की पूजा करने की परंपरा है। पहली दृष्टि में यह केवल धार्मिक कर्मकांड लग सकता है, लेकिन इसके भीतर श्रम-सम्मान का गहरा संदेश भी देखा जा सकता है। औजार स्वयं कुछ नहीं करते। उन्हें चलाने वाला हाथ और दिशा देने वाला मस्तिष्क ही उन्हें उपयोगी बनाता है। औजार की पूजा वास्तव में उस श्रम की पूजा है, जिसके माध्यम से समाज आगे बढ़ता है। यह भावना हमें अपने कार्यस्थल, अपने उपकरण और अपने व्यवसाय के प्रति जिम्मेदारी का बोध भी कराती है। जिस साधन से हमारी आजीविका जुड़ी है, उसकी देखभाल करना और उसका सम्मान करना भी कार्य-संस्कृति का हिस्सा है। विश्वकर्मा पूजा का सबसे महत्वपूर्ण संदेश शायद यही है कि निर्माण केवल बाहरी दुनिया में नहीं होना चाहिए। मनुष्य को अपने भीतर भी लगातार सृजन करना चाहिए। विचारों में सकारात्मकता का सृजन हो। व्यवहार में विनम्रता का सृजन हो। परिवार में विश्वास का सृजन हो। समाज में सहयोग का सृजन हो। राष्ट्र में विकास और आत्मनिर्भरता का सृजन हो। यदि बाहर विशाल भवन खड़े हो जाएं, लेकिन भीतर संवेदना समाप्त हो जाए, तो वह विकास अधूरा है। सच्चा सृजन वही है जो मनुष्य को अधिक मानवीय बनाए। भगवान विश्वकर्मा का स्मरण हमें अपने भीतर छिपी सृजनशील शक्ति को पहचानने की प्रेरणा देता है। प्रत्येक मनुष्य के भीतर कुछ नया करने की क्षमता होती है। कोई अपने हाथों से रचना करता है, कोई बुद्धि से, कोई कला से और कोई सेवा से। इसलिए विश्वकर्मा पूजा किसी एक वर्ग या पेशे तक सीमित भाव नहीं है। यह उस विराट मानवीय चेतना का उत्सव है, जिसने शून्य से संसार को आकार देने का प्रयास किया है। सृष्टि का चक्र चलता रहेगा। पुराना बनेगा, नया जन्म लेगा, नया भी कभी पुराना होगा और फिर उसके भीतर से पुनर्सृजन की संभावना निकलेगी। यही अनादि से अनंत तक चलने वाली सृजन की यात्रा है। आज आवश्यकता है कि हम इस यात्रा में अपनी भूमिका पहचानें। हम केवल उपभोक्ता न बनें, सृजनकर्ता भी बनें। केवल शिकायत न करें, समाधान खोजें। केवल परंपरा पर गर्व न करें, उसे आगे बढ़ाने का प्रयास भी करें। केवल तकनीक का उपयोग न करें, नई तकनीक विकसित करने की क्षमता भी पैदा करें। भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा का सबसे सुंदर रूप यही हो सकता है कि हम अपने कर्म, कौशल और सृजनशीलता को ईमानदारी से समाज के हित में लगाएं। क्योंकि सृजन में ही विकास है। सृजन में ही संभावना है। सृजन में ही भविष्य है और जहां निर्माण के प्रति श्रद्धा, श्रम के प्रति सम्मान तथा ज्ञान के प्रति समर्पण है, वहीं विश्वकर्मा की सृजन-चेतना जीवंत रहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड SIR: 5.59 लाख से अधिक फॉर्म-6 आवेदन प्राप्त, 30 सितंबर तक दावा-आपत्ति

**रांची।** झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के तहत मतदाता सूची में नाम शामिल कराने, संशोधन और आपत्तियों को लेकर प्राप्त आवेदनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से 18 सितंबर को जारी बुलेटिन के अनुसार, 17 सितंबर तक फॉर्म-6 के माध्यम से कुल 5,59,230 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 17 सितंबर को प्राप्त 5,955 आवेदन भी शामिल हैं। वहीं, फॉर्म-6A के माध्यम से कुल 96 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि 17 सितंबर को दो आवेदन मिले। फॉर्म-7 के जरिए मतदाता सूची को लेकर कुल 7,029 आवेदन/आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। इनमें 17 सितंबर को 202 आवेदन शामिल हैं। फॉर्म-8 के माध्यम से नाम, पता या अन्य विवरण में संशोधन के लिए कुल 3,62,186 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अकेले 17 सितंबर को फॉर्म-8 के 5,882 आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार, SIR के तहत दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। इसके बाद 19 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

### बाबा गणिनाथ बोरवेल में धूमधाम से हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा



**देवघर।** स्थानीय रामपुर स्थित बाबा गणिनाथ बोरवेल परिसर में संचालक कृष्ण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ की गई। इस दौरान शिल्प, वास्तु, तकनीक एवं सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की पुष्प, अक्षत, धूप, दीप और गंध आदि से विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद आगंतुकों के बीच प्रसाद स्वरूप तेहरी और खीर का वितरण किया गया। देर रात तक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में समाजसेवी कन्हैया झा, प्रभाष गुप्ता, नेताजी सुभाष जागृति मंच के सदस्य, गणमान्य नागरिक, मित्र, शुभचिंतक, नाते-रिश्तेदार एवं नगरवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू परिषद (भारत) के जिला अध्यक्ष प्रभाष गुप्ता ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के महान शिल्पकार हैं। मान्यता है कि उन्होंने सतयुग में स्वर्ग लोक, त्रेतायुग में लंका और द्वापर युग में द्वारका का निर्माण किया। सुदर्शन चक्र, त्रिशूल सहित विभिन्न दिव्य अस्त्रों के निर्माण का श्रेय भी भगवान विश्वकर्मा को दिया जाता है।

### भाजपाइयों ने नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जलाए आशीर्वाद के दिए,किया लंबी और स्वस्थ्य जीवन की मांग



**टाटीझरिया(हजारीबाग)।** देश के प्रधानमंत्री भाजपा के सर्वमान्य नेता नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भाजपाइयों ने यादगार बना दिया। प्रखंड क्षेत्र में उनकी लंबी आयु, स्वस्थ्य जीवन की कामना को लेकर कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मंदिरों,सार्वजनिक पूजा स्थलों और अपने घरों में घी के दिए जलाए। विश्वकर्मा भगवान ,गणपति बप्पा के दरबार में ,शिव मंदिरों में,देवी मंदिरों में दिए प्रज्वलित किए गए। मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह,महामंत्री संतोष मंडल,राजू यादव,रजनीकांत चौधरी,परमेश्वर यादव,कृष्णा साव,अनिल प्रसाद, होपन सिंह,पिंगला देवी जीतन यादव समेत अन्य ने दिए जलाने में कार्यकर्ताओं को जागरूक करने का काम किया। नेताओं ने कहा कि 17 सितम्बर को शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा होती है,वहीं देश के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जन्मदिन है। उनके जन्मदिन पर हम सब भगवान से उनकी दीर्घायु और स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में 'नमामि भारतम्-वंदे मातरम्' का अभ्यास सत्र संपन्न

**गिरिडीह।** अमर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150वें वर्ष पूर्ण होने पर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के आह्वान पर 'नमामि भारतम्-वंदे मातरम्' एक साथ गायन कार्यक्रम का आयोजन 25 सितंबर को किया गया है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर दिन के 11 बजे देशभर में 'नमामि भारतम्-वंदे मातरम्' का गायन एक समय, एक लय, एक स्वर में होगा। इसी ऐतिहासिक क्षण की तैयारी को लेकर शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा, गिरिडीह में विशेष सामूहिक अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य आनंद कमल के निर्देशन में विद्यालय के आचार्य, दीदी समेत भैया-बहनों ने वंदे मातरम् के शुद्ध उच्चारण व लयबद्ध गायन का अभ्यास किया। यह गायन केवल विद्यालय परिसर में ही नहीं, बल्कि पोषित ग्राम व वार्ड, सार्वजनिक मैदान, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, जिलाधीश कार्यालय सहित सभी सार्वजनिक स्थलों पर एक साथ होगा।

### मानगो निगम की कार्यप्रणाली पर सरयू राय ने प्रधान सचिव से की कार्रवाई की मांग

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम में योजनाओं के क्रियान्वयन व निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर नगर विकास व आवास विभाग के प्रधान सचिव को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने वर्तमान अपर नगर आयुक्त के कामकाज पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की जांच व विधिसम्मत कार्रवाई करने का आग्रह किया है। सरयू राय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया है कि उनकी ओर से लिखे पत्र में विभागीय पदाधिकारी को बताया गया है कि अप्रैल 2026 में छह योजनाओं के लिए जारी टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। इन योजनाओं की कुल लागत करीब 3.58 करोड़ रुपये थी व तुलनात्मक वित्तीय विवरणी तैयार होने के बाद भी वर्तमान अपर नगर आयुक्त ने टेंडर रद्द कर दी। उन्होंने सितंबर 2025 व जनवरी 2026 में जारी 22 योजनाओं वाली दो अन्य टेंडर को रद्द किए जाने पर भी आपत्ति जताई है। उनके अनुसार, इन योजनाओं की कुल लागत करीब 2.06 करोड़ रुपये थी व चयनित संवेदकों से अग्रधन भी जमा कराया जा चुका था। विधायक ने नई निर्धारित दर-सूची जारी होने के बावजूद पुरानी दर-सूची के आधार पर 55 योजनाओं की निविदा निकालने पर भी सवाल उठाया है। इन योजनाओं की अनुमानित लागत करीब 5.58 करोड़ रुपये बताई गई है। सरयू राय ने निगम बोर्ड की नियमित बैठक नहीं बुलाए जाने, पिछली बैठक की कार्यवाही उपलब्ध नहीं कराने व योजनाओं के चयन में कथित भेदभाव का भी आरोप लगाया है। उन्होंने अधिकारियों की पदस्थापना में वरीयता संबंधी विसंगति का मुद्दा उठाते हुए सरकार से निर्णय लेने का आग्रह किया है।

# एसआईआर सुनवाई प्रक्रिया का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**गुमला।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को गुमला जिले के सिसई, गुमला और बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत चल रही दावा-आपत्ति और सुनवाई प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाताओं को भेजे गए दस्तावेज सत्यापन संबंधी नोटिस, सुनवाई के दौरान जमा किए जा रहे दस्तावेजों तथा उनके सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया को जीरो एरर के लक्ष्य के अनुरूप तैयार किया गया है। प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी और दस्तावेजों के सत्यापन की व्यवस्था तय की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एसआईआर के तहत तैयार किए जा रहे दस्तावेजों को भविष्य के लिए सुरक्षित रखा जाए और मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जनजातीय समूह के मतदाताओं से भी मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि जनजातीय मतदाताओं से संबंधित कई दस्तावेजी विवरण विभिन्न सरकारी विभागों और कार्यालयों के अभिलेखों में उपलब्ध हैं। इन सरकारी अभिलेखों का नियमानुसार उपयोग कर दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया को आसान बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र भारतीय नागरिकों को सुनवाई के दौरान पर्याप्त अवसर मिले। मतदाताओं को आवश्यक दस्तावेज और निर्धारित प्रपत्रों की स्पष्ट जानकारी देने के साथ हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाए। सुनवाई केंद्रों पर टोकन व्यवस्था लागू करने और भीड़ को नियंत्रित रखने का भी निर्देश दिया गया, ताकि प्रत्येक मतदाता अपना पक्ष उचित रूप से रख सके। के. रवि कुमार ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य शुद्ध और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना है। इसके लिए अधिकारियों को क्षेत्र स्तर पर मतदाताओं के साथ समन्वय बनाए रखने तथा विशेष रूप से दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों के मतदाताओं को आवश्यक जानकारी और सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## बाढ़ संकट के बीच पीएम के जन्मदिन समारोह पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने देश के विभिन्न राज्यों में बाढ़ और भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा समेत कई राज्यों में लाखों लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। ऐसे समय में सरकार की प्राथमिकता प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाना होनी चाहिए। नायक ने दावा किया कि बिहार के 15 जिलों में करीब 49.36 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। उन्होंने बाढ़ प्रभावित किसानों को फसल मुआवजा, क्षतिग्रस्त मकानों के लिए सहायता, मृतकों के परिजनों को अनुग्रह राशि तथा पशुधन गंवाने वाले परिवारों को आर्थिक मदद देने की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिन से जुड़े सरकारी कार्यक्रमों में सरकारी तंत्र या सार्वजनिक धन के इस्तेमाल का विभागवार विवरण सार्वजनिक करने की भी मांग की। नायक ने केंद्र सरकार से बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा सहित प्रभावित राज्यों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करने की मांग की। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे लोगों को इस समय प्रचार और समारोह से अधिक राहत, भोजन, दवा, मुआवजा और पुनर्वास की जरूरत है।

## 26 सितंबर को लोक भवन मार्च की तैयारी को लेकर कांग्रेस की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** चंदा चोरी और झारखंड के हितों को प्रभावित करने वाले MMDR संशोधन बिल के खिलाफ 26 सितंबर को प्रस्तावित लोक भवन मार्च की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र की नीतियों से झारखंड के हित प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि MMDR संशोधन बिल के माध्यम से राज्य के खनिज संसाधनों और उनसे मिलने वाले राजस्व पर झारखंड के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेगी। बैठक में 26 सितंबर के मार्च को सफल बनाने के लिए विभागों एवं प्रकोष्ठों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जिला और प्रखंड स्तर पर कार्यकर्ताओं से संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि लोक भवन मार्च झारखंड के अधिकारों और हितों की आवाज को मजबूती से उठाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मार्च की तैयारियों में जुट गई है। बैठक में राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, गजेंद्र सिंह, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रामा खलखो, सेवादल अध्यक्ष नवीन सिंह, निशांत जायसवाल, किसान कांग्रेस के सुभाष कुमार, सरयू केवट, ओमकार नाथ पांडेय, अजहर रब्बानी पप्पू, प्रसाद पासवान, सर्वर पोल, तारिक अनवर और पी. नयार समेत अन्य उपस्थित थे।

## पेयजल योजनाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए IIT-ISM, निर्मला कॉलेज और रांची विश्वविद्यालय से होगा तकनीकी सहयोग

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अपनी योजनाओं के बेहतर संचालन एवं रख-रखाव (O&M) के लिए प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों को नॉलेज पार्टनर बनाएगा। इस संबंध में विभाग के सचिव अबू इमरान की अध्यक्षता में शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में IIT (ISM) धनबाद, निर्मला कॉलेज रांची और रांची विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों के साथ विभागीय संचालन एवं रख-रखाव नीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सचिव अबू इमरान ने कहा कि अकादमिक संस्थानों के जुड़ने से पेयजल योजनाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और लोगों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि तीनों संस्थानों के साथ जल्द ही समझौता ज्ञापन (MoU) किया जाएगा। बैठक में पाइपलाइनों में लीकेज का पता लगाने, जलापूर्ति योजनाओं की डिजाइन तथा संचालन एवं रख-रखाव से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के समाधान पर IIT और विश्वविद्यालयों से तकनीकी सहयोग लेने पर चर्चा हुई। वहीं, झारखंड के विभिन्न जिलों में पानी में आयरन, फ्लोराइड और टीडीएस की समस्या को लेकर संयुक्त शोध करने पर भी विचार किया गया। खनन क्षेत्रों, विशेषकर धनबाद-झरिया में पर्यावरणीय क्षरण के कारण जल स्रोतों पर पड़ रहे प्रभाव तथा जल स्रोतों की दीर्घकालीन स्थिरता को लेकर भी कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा हुई।

# करम अखरा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संकल्प : सुदेश महतो

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** कांके के भाट बोड़या मैदान में शुक्रवार को कांके विधानसभा स्तरीय करम अखरा महोत्सव-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया और कलाकारों व कलाप्रेमियों के साथ सामूहिक नृत्य में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर सुदेश महतो ने कहा कि करम अखरा केवल उत्सव नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और सुरक्षित रखने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति उसकी पहचान और सामूहिक चेतना की बुनियाद है। प्रकृति, लोकगीत, लोकनृत्य, मांदर की थाप और अखरा की सामूहिकता झारखंडी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा हैं। आधुनिकता के दौर में विकास के साथ अपनी जड़ों और सांस्कृतिक पहचान को भी बचाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी भाषा, लोकगीत, लोकनृत्य, परंपराओं और प्रकृति से जोड़ने की आवश्यकता है। सांस्कृतिक विरासत तभी जीवित रहेगी, जब समाज स्वयं उसके संरक्षण की जिम्मेदारी उठाएगा। उन्होंने करम पर्व को भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक बताते हुए झारखंड की कला, संस्कृति और प्रकृति पर्वों को संरक्षित रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में पदाश्री महावीर नायक, आजसू के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय सचिव मोहसिन खान, केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान, जिलाध्यक्ष संजय कुमार महतो, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी समेत कई लोग मौजूद रहे। आयोजन समिति की ओर से पारंपरिक गीत-संगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कलाकारों, कलाप्रेमियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। मांदर की थाप और पारंपरिक नृत्य से पूरा मैदान झारखंडी संस्कृति के रंग में रंगा रहा।

## मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति जल्द हो, आयोग की सुनवाई शुरू कराएं : बाबूलाल मरांडी

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए संबंधित चयन समिति की बैठक तत्काल बुलाने और राज्य सूचना आयोग का कामकाज शुरू कराने की मांग की है। मरांडी ने पत्र में कहा कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में स्पष्ट रूप से सवाल उठाया था। उस समय मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया था कि नियुक्ति जल्द कर दी जाएगी। इसके बावजूद सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के बाद भी मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति लंबित है और आयोग में अपीलों एवं शिकायतों की सुनवाई शुरू नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आश्वासन पर विश्वास करके ही उन्होंने नियुक्ति संबंधी अनुशंसा पर अपनी सहमति और हस्ताक्षर किए थे। यदि उन्हें पहले पता होता कि मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति लंबित रहेगी और आयोग का कामकाज शुरू नहीं होगा, तो वह उस समय हस्ताक्षर नहीं करते। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे में जनता को क्या जवाब दिया जाए। मरांडी ने कहा कि इस मामले में उच्च न्यायालय में चली जनहित याचिका भी सरकार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के आश्वासन के आधार पर निष्पादित हुई थी। ऐसे में सरकार का दायित्व है कि राज्य सूचना आयोग को पूरी तरह कार्यशील बनाए। उन्होंने कहा कि आयोग में सुनवाई नहीं होने से नागरिकों के सूचना के अधिकार का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है और समय पर सूचना नहीं मिलने से कई मामलों में उसका महत्व ही समाप्त हो जाता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि मुख्य सूचना आयुक्त के चयन के लिए संबंधित समिति की बैठक अविलंब बुलाकर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कराई जाए तथा राज्य सूचना आयोग में अपीलों और शिकायतों की नियमित सुनवाई शुरू कराई जाए। साथ ही उन्होंने पूरी प्रक्रिया की स्पष्ट समयसीमा से अवगत कराने की मांग की।

# पात्र नागरिकों को SIR में अनावश्यक परेशानी न हो : के. रवि कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**गुमला।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को गुमला जिले में SIR-2026 की जमीनी स्थिति का जायजा लेने के बाद जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि SIR प्रक्रिया के दौरान पात्र भारतीय नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो और मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी स्तर पर गंभीरता से काम किया जाए। उन्होंने ERO और AERO को बूथवार प्रगति, लंबित मामलों और समस्याओं की नियमित समीक्षा करने तथा BLO के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया। BLO की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को भी कहा। के. रवि कुमार ने कहा कि नागरिकता अथवा पात्रता को लेकर पर्याप्त संदेह वाले मामलों की विधिवत जांच की जाए। जांच के आधार पर प्रत्येक संदिग्ध मामले में स्पीकिंग ऑर्डर पारित कर उसका निष्पादन किया जाए। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में जन्म स्थान, माता-पिता, भाई-बहन और अन्य पारिवारिक अभिलेखों के माध्यम से तथ्यों का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय स्तर पर घर जाकर भी जानकारी जुटाने को कहा गया। विवाह के बाद महिलाओं के मामलों में मायके के खतियान, पारिवारिक विवरण और अन्य वैध दस्तावेजों को भी सत्यापन का आधार बनाने की बात कही गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि SIR के नाम पर कोई नया प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया जाता है। उन्होंने नए एवं युवा पात्र भारतीय नागरिकों द्वारा भरे गए फॉर्म-6 के डिजिटाइजेशन में तेजी लाने के साथ डेटा की शुद्धता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

## राजमहल से मां वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा बस रवाना

नई सोच एक्सप्रेस



**राजमहल।** मां वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा के लिए राजमहल से जय माता दी ट्रैवल्स के माध्यम से विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर बस को राजमहल रेलवे स्टेशन चौक से रवाना किया गया है। पंडितों ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना किया। वहीं अतिथि विधायक प्रतिनिधि सह नपं उपाध्यक्ष मो मारूफ उर्फ गुड्डू, नपं अध्यक्ष केतावुद्दीन शेख, पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन, स्टेशन अधीक्षक डीके साहा, अग्निशमन पदाधिकारी सुमन कुमार ने झंडा दिखाकर बस को रवाना किया। ट्रेवल्स के संचालक जनार्दन कुमार ने कहा कि यह बस राजगीर कुंड स्नान ,काशी ,प्रयागराज संगम,अक्षय बट,लेटा हनुमान, मैहर देवी, सीहोर कांबेश्वर धाम,उज्जैन महाकाल, वृंदावन, मथुरा कंस्कारा, गोवर्धन पर्वत, चामुंडा देवी, इस्कॉन मंदिर, पंजाब अमृतसर ,स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग,होते हुए जम्मू कटरा मां वैष्णो देवी को पहुंचेगी इसके उपरांत हरिद्वार गंगा स्नान, मनसा देवी पूजा अर्चना, काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन कराया जाएगा। मौके पर दर्जनों भक्तजन मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 20 सितंबर को नई दिल्ली में मिलेगा सम्मान, सुपुत्री कमला कुंदर करेंगी ग्रहण

**भागलपुर।** राष्ट्रकवि गोपाल सिंह 'नेपाली' को मरणोपरांत लाइफ एचीवमेंट अवार्ड के तहत 'ह्याो गौरव सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा। 20 सितंबर को नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में आयोजित हरतालिका तीज महोत्सव-2026 के दौरान 'ह्याो स्वाभिमान न्यास', हरिद्वार की ओर से यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। उनकी सुपुत्री एवं 'शब्दयात्रा भागलपुर' की संरक्षिका कमला कुंदर यह सम्मान ग्रहण करेंगी। आयोजकों के अनुसार महोत्सव योग ऋषि स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। सम्मान के लिए न्यास की ओर से कमला कुंदर को आमंत्रित किया गया है। बताया गया कि सम्मान पत्र में गोपाल सिंह 'नेपाली' को प्रथम श्रेणी का कवि और देशभक्त बताते हुए राष्ट्रसेवा के लिए उनके योगदान का उल्लेख किया गया है। इस सम्मान की जानकारी से साहित्य जगत में प्रसन्नता व्यक्त की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि होंगी। दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा और भारत में नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी वरिष्ठ पत्रकार एवं कवि पारस कुंज तथा 'शब्दयात्रा भागलपुर' के मीडिया प्रभारी डॉ. जयंत जलद ने दी।

### बिहार सरकार का सोन का पानी फल्गु में पहुँचाने की योजना

**फतुहा।** बिहार मंत्रिमंडल ने 15 सितंबर 2026 को गया के विष्णुपद मंदिर क्षेत्र के विकास तथा सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना सहित 17 प्रस्तावों को मंजूरी दी। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार विष्णुपद क्षेत्र के विकास के लिए 2,520 करोड़ तथा सोन-फल्गु परियोजना के लिए 996.05 करोड़, यानी कुल 3,516.05 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। सोन नदी से पानी उठाकर पाइपलाइन और नहर के माध्यम से फल्गु तक पहुंचाने की योजना है। The Times of India +1 भाजपा मीडिया प्रभारी डा. लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने इस परियोजना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सोन नदी का पानी फल्गु नदी में पहुंचाने की योजना निश्चित रूप से गंभीर सार्वजनिक परियोजना है, इसलिए इसके हर पहलू की जानकारी जनता के सामने होनी चाहिए। उनके अनुसार विकास योजनाओं पर केवल राजनीतिक बयानबाजी करने के बजाय यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि परियोजना से कितने क्षेत्रों को पानी मिलेगा, इसका पर्यावरणीय प्रभाव क्या होगा और भविष्य में इसका रखरखाव कैसे होगा। उन्होंने कहा कि उपलब्ध सरकारी विवरण के अनुसार सोन नदी से पानी लेने के लिए इंद्रपुरी बैराज से लगभग 23 किलोमीटर ऊपर इंटेक वेल और लगभग 11 किलोमीटर की पाइपलाइन का प्रावधान है। The Times of India +1 "जनता को लागत और लाभ का पूरा हिसाब मिले" डा. पटेल ने कहा कि लगभग 996 करोड़ की नदी जोड़ परियोजना में सरकार को सार्वजनिक रूप से यह बताना चाहिए कि परियोजना की क्षमता कितनी होगी, प्रतिवर्ष कितनी मात्रा में पानी फल्गु तक पहुंचेगा और इससे गया तथा आसपास के क्षेत्रों को सिंचाई, पेयजल, धार्मिक पर्यटन और पर्यावरण के क्षेत्र में क्या लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि नदी जोड़ने जैसी बड़ी परियोजना में जल उपलब्धता, किसानों के हित, पर्यावरणीय प्रभाव और भविष्य के संचालन खर्च की जानकारी सार्वजनिक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि "विकास का असली पैमाना केवल बड़ी राशि खर्च होना नहीं, बल्कि उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है।"

### लाल गाड़ी के टिकट चेकिंग अभियान में 338 बिना टिकट यात्री पकड़े गए
### 282120 रू.जुर्माना वसूल किया गया



**पटना।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट,प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट,उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक शुक्रवार को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के निर्देशनुसार दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के पुनपुन एवं तारेगना स्टेशनों पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाड़ी) के साथ एक सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान इन स्टेशनों से गुजरने वाली लगभग सभी ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव लेकर प्रमुखता से चेक किया गया। इस विशेष लाल गाड़ी टिकट चेकिंग अभियान में 338 बिना टिकट,अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 282120 रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया ।

### जब शिखर साथ हो तो फ़िक्र कैसी : रोहित शर्मा



**पटना।** फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा में रोहित शर्मा ने अपने पुराने दोस्त और पूर्व ओपनिंग पार्टनर शिखर धवन का गर्मजोशी और नॉस्टैल्जिया के साथ स्वागत किया। रोहित ने शिखर को अपना "जिगरी दोस्त" बताते हुए कहा कि उन्होंने साथ में ड्रेसिंग रूम, जीत, नाकामी, प्रेशर और ओपनिंग शेयर की है। उन्होंने अपनी दोस्ती को याद करते हुए कहा, हमारी जो पार्टनरशिप रही है, वो बिल्कुल टेंशन फ्री रह रही है। मैं हमेशा यही सोचता था कि जब उसके साथ खेलूंगा, तो मेरा प्रेशर पूरा निकल जाएगा, क्योंकि वो प्रेशर लेता था और मेरे पे आने नहीं देता था। इसी के लिए मैं हमेशा सोचता हूँ कि, 'जब मेरे पास शिखर है तो फिकर क्यों। रोहित ने कहा कि शुरुआती क्रिकेटिंग दिनों से शिखर के साथ उनकी बॉन्डिंग अलग रही है और दोनों ने कम उम्र में ही कॉम्पिटिटिव लेवल पर साथ खेलना शुरू किया था। 19 सितंबर से रात 9:30 बजे फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा देखें, केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न और सोनी लिव पर।

### पूर्व मुखिया प्रभु नारायण सिंह का जनता के बीच लगातार जन सम्पर्क अभियान जारी

» जनता के सुख-दुख में सदैव शामिल रहना मेरी पहली प्राथमिकता,पूर्व मुखिया प्रभु नारायण सिंह



**कैमूर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मदुरना पंचायत के पूर्व मुखिया प्रभु नारायण सिंह की लोकप्रियता आज भी पंचायत के जनता के दिल में बसती है आज भी पूर्व मुखिया प्रभु नारायण सिंह जनता के सुख-दुख में अपना अमूल्य समय देते हैं।एक बातचीत के दौरान पूर्व मुखिया प्रभु नारायण सिंह ने कहा की जैसा जनता का आदेश मिलेगा वैसा पालन किया जाएगा।उन्होंने बीते दिनों नगर पंचायत हाटा स्थित मुस्कान मेडिकल स्टोर के उद्घाटन में मुखिया प्रभु नारायण सिंह ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज की।वह लगातार पंचायत नहीं चैनपुर प्रखंड एवं कैमूर जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी उपस्थिति देते हैं जिससे समाज में उनकी लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती चली जा रही है।आपको बता दें की पूर्व मुखिया प्रभु नारायण सिंह द्वारा लगातार क्षेत्र में जनता के बीच जनता के सुख दुख में एवं समाज की सेवा में जनसंपर्क अभियान जारी रहता है।वह हमेशा जनता के बीच अपना अमूल्य समय देते हैं।इसलिए उनकी लोकप्रियता आज भी पंचायत ही नहीं क्षेत्र के लोगों के बीच देखने एवं सुनने को मिलती हैं।वह पूरे चैनपुर प्रखंड सहित कैमूर जिला में अपनी कर्मठता एवं लोकप्रियता के बल हमेशा चर्चा में बने रहते हैं।

## माउंट आबू से गरजे प्रेम जी - पत्रकारों पर हमला बर्दाश्त नहीं, सुरक्षा कानून लागू करो

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** माउंट आबू में चल रहे अंतरराष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन में देश भर से आए पत्रकारों ने पत्रकारों पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की है। बिहार के पत्रकारों के दल का नेतृत्व कर रहे बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पटना के महासचिव गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि पत्रकार पर हमला पूरे लोकतंत्र पर हमला है, इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सम्मेलन में मौजूद देश विदेश से आये पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि आज ग्रामीण और छोटे शहरों के पत्रकार सबसे ज्यादा खतरे में हैं। उन्हें सच लिखने पर धमकाया जाता है, झूठे केस में फंसाया जाता है। **प्रेम जी का बड़ा बयान:** प्रेम जी ने कहा कि गांधी जी ने कहा था पत्रकारिता का पहला कर्तव्य है निर्भय होकर सत्य बोलना। जब पत्रकार पर हमला होता है, तो समाज का सच मर जाता है। सरकार को पत्रकार सुरक्षा कानून तुरंत लागू करना चाहिए। हम माउंट आबू की इस पावन धरती से मांग करते हैं कि पत्रकारों को सुरक्षा, सम्मान और बीमा मिले। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में भी कई पत्रकारों पर हुए हमले की वे कड़ी निंदा करते हैं और यूनियन हर पीड़ित पत्रकार के साथ खड़ा है। सम्मेलन में उपस्थित सभी पत्रकारों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे निडर होकर जनहित की पत्रकारिता जारी रखेंगे और एक-दूसरे की रक्षा के लिए हमेशा एकजुट रहेंगे। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार डॉ राजीव नयन, अशोक कुमार, पीयूष कुमार, आरजू असलम, काजल कुमारी, अनन्ता कुमारी, भारती कुमारी, मो सुहेल, मो आफताब आलम, प्रत्य अमृत, अनिमेश, सन्नी, मन्नी,प्रियांशु, सूरज,रंजन,ओम प्रकाश,नितिन,अंकित,रमाकांत,मधुकर,कुणाल समेत देश भर से दो हजार पत्रकार मौजूद रहे ।

## दानापुर मंडल में शुरू हुआ स्वच्छता ही सेवा अभियान

नई सोच एक्सप्रेस

**खगौल।** स्वच्छ एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए दानापुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान का मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस वर्ष इस अभियान का थीम है - स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत – विकसित भारत। 17.09.2026 से 02.10.2026 तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान का शुभारंभ हुआ I इस उपलक्ष्य पर स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाते हुए, दानापुर मंडल में रेल प्रबंधक के नेतृत्व में मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन विभाग के द्वारा स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,



दानापुर के प्रांगण में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता जागरूकता हेतु स्वच्छता शपथ दिलायी गयी तथा सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक,इंफ्रा राजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक ओपी वीरेंद्र कुमार सहित मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। साथ ही साथ दानापुर मंडल के प्रमुख

» मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार ने दिलाई स्वच्छता शपथ

स्टेशनों पटना जंक्शन, दानापुर , पाटलिपुत्र, राजेंद्रनगर टर्मिनल, पटना साहिब सहित लगभग सभी स्टेशनों पर स्वच्छता शपथ लिया गया ताकि अपने दैनिक जीवन के साथ-साथ रेल यात्रियों एवं आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके। स्वच्छता शपथ की प्रति संलग्न की जा रही है

## ज्वेलरी दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के आभूषणों की चोरी

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** फुलवारी शरीफ में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। खगौल मुख्य मार्ग पर सबजपुरा मोड़ के सामने स्थित 'अनमोल ज्वेलरी' दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दुकान के मालिक अनमोल कुमार ने बताया कि वह रोज की तरह रात में अपनी दुकान बंद करके घर गए थे, लेकिन सुबह उन्हें दुकान का ताला टूटे होने की सूचना मिली। जब वह मौके पर पहुंचे, तो अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था और कई कीमती जेवरात गायब थे। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, चोर सोने और चांदी के आभूषणों के साथ-साथ दुकान में रखी नकदी भी ले गए हैं, जिनकी कुल कीमत चार लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। हालांकि, सभी सामान और नकदी का मिलान होने के बाद ही नुकसान के सही आंकड़े सामने आ पाएंगे। घटना की सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और



लिखित शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। चोरों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इसके अलावा, एफएसएल टीम की मदद से वैज्ञानिक साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं ताकि यह पता चल सके कि इस वारदात में कितने अपराधी शामिल थे और वे किस रास्ते से आए-गए थे। अकसर दिन-दहाड़े और रात में इस तरह की वारदातों से स्थानीय व्यापारियों में भारी चिंता और डर का माहौल है। व्यापारियों ने प्रशासन से बाजार और मुख्य मार्ग पर रात के समय पुलिस गश्त (पेट्रोलिंग) बढ़ाने की पुरजोर मांग की है।

## बलभद्र देव पूजनोत्सव की तैयारी पूरी, उत्सव कुंज में आज जुटेगा कलवार समाज



नई सोच एक्सप्रेस

**मोतिहारी।** कलवार सेवा समिति ट्रस्ट, सुगौली के तत्वावधान में आयोजित भगवान बलभद्र देव पूजनोत्सव समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर के उत्सव कुंज में आयोजित होने वाले समारोह को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों में खासा उत्साह है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। समारोह में राज्य के विभिन्न हिस्सों से कलवार समाज के लोग, जनप्रतिनिधि और प्रबुद्धजन शामिल होंगे। समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि सुगौली में पिछले 46 वर्षों से भगवान बलभद्र जी महाराज का पूजनोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर समाज के डॉक्टर, इंजीनियर तथा मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के आचार्य आदित्य झा होंगे, जबकि यजमान कुणाल एवं पल्लवी गुप्ता रहेंगे। सुबह नौ बजे पूजा-अर्चना, 11 बजे अतिथि परिचय और दोपहर दो बजे महाप्रसाद का आयोजन होगा। शाम सात बजे संध्या पूजन तथा रात आठ बजे संध्या आरती होगी। अगले दिन सुबह सात बजे पूजा-अर्चना, आठ बजे हवन और नौ बजे प्रातः आरती के बाद दोपहर एक बजे प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। पूजनोत्सव को सफल बनाने में कलवार सेवा समिति ट्रस्ट एवं आयोजन समिति के सदस्य पूरी तत्परता से जुटे हैं।

## एडवोकेट दीपक द्रविड़ को 'यंग लॉयर ऑफ द ईयर' के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** शहर के जाने-माने अधिवक्ता एडवोकेट दीपक द्रविड़ को हाल ही में कानून और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'यंग लॉयर ऑफ द ईयर' के पुरस्कार से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें पटना के ताज होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में मशहूर फिल्म अभिनेत्री सारा अली खान के हाथों प्रदान किया गया। एडवोकेट दीपक द्रविड़ को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उनकी कानूनी विशेषज्ञता, न्याय दिलाने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले उनके सामाजिक कार्यों के लिए दिया गया है। वे भीम आर्मी जैसे सामाजिक संगठनों से जुड़कर लगातार लोगों को न्याय दिलाने और उनकी मदद करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर एडवोकेट दीपक द्रविड़ ने कहा, "यह पुरस्कार मेरे लिए बेहद खास है। मैं इसे उन सभी लोगों को समर्पित करता हूँ जिन्होंने मुझे हमेशा न्याय दिलाने और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रेरित किया।"

## पटना सिटी में भव्य रूप से संपन्न हुई विश्वकर्मा शोभा यात्रा, हजारों लोग हुए शामिल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना सिटी।** भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के तत्वावधान में विश्वकर्मा शोभा यात्रा भव्य रूप से संपन्न हुई। यह यात्रा गुरु के बाग यमुना पैलेस से प्रारंभ होकर गुड़ की मंडी स्थित विश्वकर्मा मंदिर तक निकाली गई। यात्रा का उद्घाटन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने किया। पारंपरिक झांकी, बैंड-बाजे और शिल्प उपकरणों की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने कहा कि आज की शोभा यात्रा ऐतिहासिक रही। विश्वकर्मा समाज ने एकता और अनुशासन का अद्भुत परिचय दिया है। यह सिर्फ जुलूस नहीं, हमारे शिल्प और कर्म के गौरव का उत्सव था। जब तक समाज में एकता की चेतना नहीं जागेगी, तब तक हम अपने अधिकार और सम्मान को प्राप्त नहीं कर सकते। वहीं सुजाता शर्मा ने कहा कि जिस संख्या में माताएं-बहनें पारंपरिक वेशभूषा में शामिल



हुईं, वह देखने लायक था। राष्ट्रीय प्रवक्ता दिवाकर शर्मा ने कहा कि यह यात्रा न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि यह भी संदेश देती है कि विश्वकर्मा समाज संगठित है और अपने हक के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने को तैयार है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुखदेव विश्वकर्मा ने कहा कि हमारा आयोजन पूरी तरह सफल रहा। गुरु के बाग से गुड़ की मंडी तक पूरे मार्ग में लोगों ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया। यह अपार जनसमर्थन समाज की एकजुटता को दर्शाता है। यात्रा का समापन विश्वकर्मा मंदिर में आरती और भंडारे के साथ हुआ। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता अनिता शर्मा, वार्ड पार्षद बिनोद शर्मा, महासंघ के महासचिव आशीष आनंद, भिखारी शर्मा, विद्या भूषण शर्मा, राकेश शर्मा, सतीश कुमार, अभिषेक कुमार, गौरी शर्मा, राखी विश्वकर्मा, नीलू देवी, कौशल विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में बसपा का सेक्टर स्तरीय में बैठक लगातार जारी,बसपा प्रदेश महासचिव अब्दुल करीम अंसारी

नई सोच एक्सप्रेस

**कैमूर।** चैनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चांद प्रखंड के चौरी,कुड्डी,दुल्ही पंचायत सेक्टर में बहुजन समाज पार्टी की ओर से एक बैठक कर संगठन को मजबूत करने के लिए संकल्प लिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव अब्दुल कलाम अंसारी साहब ने भाग लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामचंद्र भारती पूर्व जिलाध्यक्ष,सुरेंद्र राम प्रखंड अध्यक्ष चांद आदि शामिल रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष चौरी विनोद राम संचालन सुदामा राम ने किया।इस मौके पर बसपा प्रदेश महासचिव अब्दुल करीम अंसारी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को कहा



की आगामी लोकसभा,उत्तर प्रदेश विधानसभा एवं पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। जिसको लेकर

» बसपा कार्यकर्ताओं के हौसला को बुलंद कर रहे प्रदेश महासचिव अब्दुल करीम अंसारी

चैनपुर विधानसभा सहित पूरे कैमूर रोहतास जिले के विभिन्न सेक्टरों में बैठक पर विभिन्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया जा रहा है।ताकि बहुजन समाज पार्टी को मजबूत बनाया जा सके।तथा आगामी चुनाव में जीत दर्ज कर बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती जी के हाथों को मजबूत बनाया जा सके।इस मौके पर जोखू राम सेक्टर अध्यक्ष कुडी,बबलू जायसवाल,नारद राम, ओमप्रकाश राम,प्रमोद राम, बलदेव,भरत राम सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## समान अवसर की राह में आरक्षण और सामाजिक न्याय पर आत्ममंथन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** स्वतंत्रता के 80 वर्षों बाद भी समान अवसर और सामाजिक न्याय को लेकर कई सवाल कायम हैं। प्रस्तुत विचार में यह सवाल उठाया गया है कि क्या संसाधन, शिक्षा, संपर्क और अवसरों से संपन्न वर्ग कमजोर वर्ग के अवसरों को प्रभावित कर रहा है। लेख में 'बड़ी मछली' और 'छोटी मछली' को किसी जाति या समुदाय के बजाय सामाजिक-आर्थिक स्थिति के प्रतीक के रूप में देखा गया है। लेख के अनुसार, सामाजिक समानता केवल कानून बनाने से संभव नहीं है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल, रोजगार और सम्मानजनक अवसरों की उपलब्धता भी जरूरी है। आरक्षण को ऐतिहासिक रूप से वंचित समूहों की भागीदारी बढ़ाने का संवैधानिक माध्यम बताते हुए इसके प्रभाव और लाभ की पहुंच की समय-समय पर समीक्षा की आवश्यकता पर बल दिया गया है। लेख में 2024 के सर्वोच्च न्यायालय के अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण संबंधी



फैसले का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि नीतिगत निर्णयों का आधार अनुभवजन्य आंकड़े और वास्तविक सामाजिक परिस्थितियां होनी चाहिए। साथ ही, ऐतिहासिक वंचना को नजरअंदाज करने और पूरे समुदाय को एक समान मानने, दोनों से बचने की बात कही गई है। लेख का निष्कर्ष है कि आरक्षण सामाजिक न्याय का साधन, शिक्षा उसका आधार, कौशल उसका विस्तार और आत्मनिर्भरता अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। समानता का अर्थ सबको एक जैसा मानना नहीं, बल्कि हर व्यक्ति को अपनी क्षमता तक पहुंचने का न्यायपूर्ण अवसर देना है।

## प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, 10 छात्र-छात्राएं हुए पुरस्कृत

नई सोच एक्सप्रेस

**खगौल।** प्रतिष्ठा स्किल एकेडमी के तत्वावधान में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के पांच विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शिशु विद्या ज्ञान मंदिर सरारी गुमटी, आदर्श विकास विद्यालय मोहम्मदपुर बाबूचक, एमएनपी पब्लिक स्कूल खगौल, शिशु विद्या ज्ञान मंदिर बिहटा तथा शिशु विद्या ज्ञान मंदिर बहुपुरा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में शिशु विद्या ज्ञान मंदिर सरारी गुमटी के विद्यार्थियों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में शिखा कुमारी ने प्रथम, शिवम कुमार ने द्वितीय तथा शिशु विद्या ज्ञान मंदिर सरारी गुमटी की खुशी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा काव्या कुमारी, आदर्श विकास विद्यालय मोहम्मदपुर बाबूचक की संध्या कुमारी, शिशु विद्या ज्ञान मंदिर बेदौली बिहटा की नेहा कुमारी और रिया कुमारी, शिशु विद्या ज्ञान मंदिर सरारी गुमटी के



वैभव सिंह एवं नंदनी कुमारी तथा शिशु विद्या ज्ञान मंदिर बहुपुरा के अंकित कुमार सहित अन्य बच्चों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुल 10 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठा स्किल एकेडमी के किशन सिंह गोपी, शिशु विद्या ज्ञान मंदिर के निदेशक विष्णु कुमार उर्फ कन्हाई यादव, विद्यालय के प्राचार्य धीरज कुमार तथा आदर्श विकास विद्यालय के शिक्षक उत्तम कुमार मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए लालू यादव, ललन प्रसाद, प्रमोद पासवान सहित कई गणमान्य लोग एवं शिक्षक उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## अपराध नियंत्रण और आम लोगों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता:- थानाध्यक्ष बम बम कुमार

नई सोच एक्सप्रेस


**पुनपुन।** पुनपुन थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में 2018 बैच के पुलिस अवर निरीक्षक बम बम कुमार ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों की सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताया।इसी क्रम में नई सोच एक्सप्रेस के संवाददाता रणविजय कुमार ने पुनपुन थाना पहुंचकर थानाध्यक्ष बम बम कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की तथा उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। बातचीत के दौरान थानाध्यक्ष बम बम कुमार ने कहा कि पुनपुन थाना क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस पूरी गंभीरता के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान पुलिस की पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध मिट्टी खनन, जुआ सहित अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कानून के



दायरे में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा।थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना आने वाले लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को आम लोगों के साथ सम्मानजनक एवं उचित व्यवहार करने पर भी जोर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ढोल नगाड़ों के साथ कालोनीवासियों ने की गणपति की विदाई



**बरेली।**सचिव कॉलोनी वेलफेयर सोसाइटी बदायूं रोड बरेली के निवासियों ने गणेश चतुर्थी के पांचवे दिन गणपति को धूम धाम से विदा किया और विधि विधान से पूजन के उपरांत रामगंगा में उनका विसर्जन किया गया इस दौरान रास्ते भर महिलाएं भजन कीर्तन करती रहीं। इस अवसर पर डॉ सुबोध अस्थाना, अखिलेश शंखधार, डॉ अवनीश,उमा शंकर ,यश यादव, राहुल शर्मा,वैभव अस्थाना,रुचि अस्थाना, ऋतु मिश्रा, शिल्पी तोमर, प्रतीक्षा मिश्रा,महिमा अस्थाना,सोनी, आरव, निखिल, आदर्श अभय, शिवा,मिष्ठी आदि उपस्थित रहे।

### विश्वकर्मा पूजा का अवकाश न होने से समाज में सरकार के प्रति आक्रोश, विधानसभा चुनाव में होगा हिसाब- अशोक विश्वकर्मा



**चन्दौली।**ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वकर्मा पूजा दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित न किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वकर्मा समाज के साथ सरकार का रवैया भेदभावपूर्ण है जिससे समाज में गहरा आक्रोश है | उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवकाश की मांग को अनदेखा किया जाना प्रदेश के लगभग पांच करोड़ विश्वकर्मा वंशियों के गौरव,सम्मान,श्रद्धा और आस्था पर सीधा प्रहार है | भगवान विश्वकर्मा केवल एक समाज के नहीं,सम्पूर्ण सृष्टि के प्रथम शिल्पी,यंत्र-तंत्र और विज्ञान के जनक हैं | अयोध्या के भव्य मंदिर से लेकर चंद्रयान तक,हर निर्माण में विश्वकर्मा वंशजों का महत्वपूर्ण योगदान है | जब बिहार, झारखंड,कर्नाटक सहित कई राज्यों में विश्वकर्मा पूजा पर राजकीय अवकाश है तो उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में इस उपेक्षा का क्या कारण है? उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज प्रदेश के विकास की रीढ़ है प्रदेश की 90 फीसदी एमएसएमई, फर्नीचर,औजार,मूर्ति कला,भवन निर्माण, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग इनकी कारीगरी और हुनर पर टिकी है | महासभा सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये का घोर विरोध करती है और मांग करती है कि(1)- तत्काल प्रभाव से 17 सितंबर को श्री विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए | (2)- विश्वकर्मा समाज के शिल्प,कला और योगदान को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए | (3)- विश्वकर्मा शिल्प श्रम सम्मान बोर्ड का गठन किया जाए | उन्होंने कहा कि यदि हमारी मांग नहीं मानी गई तो महासभा प्रदेश के हर जनपद में ज्ञापन,धरना और विशाल महासम्मेलन के माध्यम से लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाएगी | उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा पूजा का पर्व विश्वकर्मा वंशियों की श्रद्धा और आस्था है विश्वकर्मा पूजा का अवकाश न होना करोड़ों लोगों की श्रद्धा और आस्था पर आघात है | ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा सरकार से मांग करती है कि विश्वकर्मा पूजा पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए ||

### ब्रज क्षेत्र के इतिहास,संस्कृति एवं पुरातत्व के समग्र अध्ययन,संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल



**वाराणसी।**डिस्कवरिंग ब्रज' एक बहुआयामी शोध परियोजना है जिसका उद्देश्य ब्रज क्षेत्र की समृद्ध पुरातात्विक, ऐतिहासिक,धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का व्यापक अध्ययन,सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण एवं संरक्षण करना है यह परियोजना भारतीय पुरातत्त्व परिषद एवं ब्रिसेक चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रीसेक सीसीआइ )के संयुक्त प्रयास से संचालित की जा रही है | परियोजना के अंतर्गत मथुरा तथा उत्तर प्रदेश,हरियाणा और राजस्थान से जुड़े ब्रज क्षेत्र का अध्ययन किया जाएगा | ब्रज का संबंध प्राचीन शूरसेन महाजनपद से रहा है और यह भारतीय इतिहास,कला,धर्म एवं संस्कृति की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है | परियोजना में वृंदावन,गोवर्धन, गोकुल,बरसाना,नंदगाँव,राधाकुंड,महावन और बलदेव जैसे प्रमुख स्थलों का सर्वेक्षण एवं अध्ययन किया जाएगा | इसके अंतर्गत मंदिरों,मूर्तियों,अभिलेखों, पुरास्थलों तथा अन्य सांस्कृतिक अवशेषों का वैज्ञानिक ढंग से दस्तावेजीकरण किया जाएगा | आधुनिक तकनीकों,विशेषकर जीआईएस आधारित मानचित्रण एवं वैज्ञानिक अध्ययन का भी उपयोग किया जाएगा | परियोजना में पुरातत्त्व,इतिहास,विज्ञान और अन्य संबंधित विषयों के विशेषज्ञों की सहभागिता होगी | इसका उद्देश्य ब्रज की विरासत को वैज्ञानिक रूप से समझना,संरक्षित करना और भावी पीढ़ियों तक पहुँचाना है | परियोजना के परिणामों के आधार पर ब्रज क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत पर एक व्यापक मोनोग्राफ तैयार किया जाएगा जो इस महत्वपूर्ण सांस्कृतिक क्षेत्र के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार में उपयोगी योगदान देगा | परियोजना में प्रमुख रूप से प्रो.मुरली मनोहर जोशी,प्रो.बी.आर.मणि,डॉ. हर्षवर्धन चावला,अशोक कुमार सिंह,प्रो. शंकर सन्याल,डॉ.राजीव द्विवेदी,डॉ. अजय भामी,रविंद्र कुमार सिंह,अजीत कुमार मिश्रा,श्री विक्रम,डॉ. विनय कुमार गुप्ता एवं अर्श अली के मार्गदर्शन एवं सहभागिता से संचालित हो रही है ||

### सेवा संकल्प अभियान स्टैंड-अप इंडिया के लाभार्थियों ने जलाया 'आशीर्वाद का दिया',सुनाई आत्मनिर्भर बनने की प्रेरक कहानी

**वाराणसी।** सेवा दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर 2026 से शुरू हुए 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत बुधवार शाम काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू )परिसर में "आशीर्वाद का दिया" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया | इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी उपस्थित रहे यह विशेष कार्यक्रम स्टैंड-अप इंडिया योजना के लाभार्थियों को समर्पित रहा | काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में 500 से अधिक सफल उद्यमियों ने हिस्सा लिया | कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ | कार्यक्रम का स्वागत संबोधन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक ललित त्यागी ने किया | उन्होंने सभी अतिथियों और लाभार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि बीएचयू जैसी ज्ञान की नगरी में ऐसे प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन गर्व की बात है उन्होंने बताया कि बैंक स्टैंड-अप इंडिया के तहत उद्यमियों को न सिर्फ लोन,बल्कि उनके सपनों को पूरा करने का हौसला दे रहे है इसके बाद लाभार्थियों ने मंच से अपनी सफलता की कहानी साझा की | लाभार्थियों ने बताया कि कैसे स्टैंड-अप इंडिया के तहत मिले लोन से उन्होंने अपने व्यवसाय को गति प्रदान की | हर कहानी में संघर्ष से सफलता तक का सफर और सरकार व बैंक के प्रति कृतज्ञता का भाव था | मुख्य अतिथि केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि काशी नगरी से सेवा का यह संदेश पूरे देश में जाएगा | स्टैंड-अप इंडिया ने लोगो को सिर्फ लोन नहीं,बल्कि मालिक बनने का हौसला दिया है आपके जलाए हुए आशीर्वाद के ये दिये ही विकसित भारत की रोशनी हैं | इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भाजपा दिलीप पटेल,काशी क्षेत्र अध्यक्ष अशोक चौरसिया और महानगर अध्यक्ष वाराणसी प्रदीप अग्रहरि उपस्थित रहे | कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और लाभार्थियों ने एक साथ दीप प्रज्वलित कर सेवा संकल्प दोहराया ||

## गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के सान्निध्य में राधाष्टमी पर्व की पूर्व संध्या पर निकाली शोभायात्रा

नई सोच एक्सप्रेस



**कुरुक्षेत्र।**गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सान्निध्य में राधाष्टमी पर्व की पूर्व संध्या तथा श्री कृपा बिहारी जी के पाटोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ गीता ज्ञान संस्थानम् से हुआ। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी, श्रीमहंत बंसीपुरी जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. गणेश दास जी अयोध्या धाम, भगवताचार्य राकेश कृष्ण जी, स्वामी हरिओम ओम परिव्राजक जी, सुश्री स्वामी दिव्य गिरी जी, महंत लक्ष्मी नारायण पुरी तथा महंत महेश पुरी जी बनारस वाले समेत अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने श्री कृपा बिहारी जी के मंदिर में जाकर प्रणाम किया तथा पीली झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। इससे पूर्व गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी सहित सभी महंतों ने जीओ गीता द्वारा शुरू की गई अंतरराष्ट्रीय गीता निबंध एवं गीता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगता का विमोचन किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने आर्शी वचन देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की धरती का संबंध भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराधा के प्रेम से भी जुड़ा है। कुरुक्षेत्र में भगवान श्रीराधा-कृष्ण कृपा बिहारी के रूप में विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि आज के दिन गीता ज्ञान संस्थानम् में श्री कृपा बिहारी जी के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। यहां राधाष्टमी का पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम और भाव के व्यापक स्वरूप की अभिव्यक्ति के रूप में माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार राधा ऐसा तत्व हैं, जहां केवल प्रेम और भाव है। श्रीकृष्ण और राधा को अंतरंग रूप से एक ही स्वरूप माना जाता है। लीला की दृष्टि से दोनों अलग-अलग दिखाई देते हैं, लेकिन प्रेम और भाव के स्तर पर उनमें कोई भिन्नता या द्वैत नहीं है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि राधा ऐसा तत्व हैं, जहां केवल प्रेम और भाव है। कथा के अनुसार लंबे अंतराल के बाद भगवान श्रीकृष्ण द्वारका से सूर्यग्रहण के अवसर पर कुरुक्षेत्र पहुंचे। इसी दौरान श्रीकृष्ण का श्रीराधा, ब्रज की गोपियों और यशोदा मैया से पुनर्मिलन हुआ। धार्मिक परंपरा में इस मिलन को कुरुक्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण घटना माना जाता है। इसी वजह से राधाष्टमी के अवसर पर कुरुक्षेत्र में राधा-कृष्ण के प्रेम, भक्ति और समर्पण को विशेष रूप से याद किया जाता है।

## आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के अंतर्गत 10,000 दीप प्रज्वलित



नई सोच एक्सप्रेस

**आगरा।**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर अटल आवासीय विद्यालय, कोरई, आगरा, उत्तर प्रदेश में "आशीर्वाद का दिया" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में 10,000 दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर आगरा के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चाहर व उप श्रम आयुक्त श्री सियाराम जी , प्रशासनिक अधिकारी श्री अशोक कुमार,शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रात्रिभोज के साथ हुआ। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## भाजपा नेता तरुण चौधरी का पार्टी कार्यालय में जन्मदिन का केक काटकर धूमधाम से बनाया गया --चंदेल

नई सोच एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के नेता तरुण चौधरी का जन्मदिन पार्टी कार्यालय में के काटकर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया इस मौके पर वाल्मीकि रत्न महंत राजू नाथ चंदेल, मुख्य रूप से उपस्थित थे उसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के मंत्री मनोज कुमार , अनुसूचित जाति मोर्चा दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष रुपेश मेहरा, राज्य सचिव राज्य उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका जैन , दिल्ली युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष सागर त्यागी जी, एससी मोर्चा के राज्य महासचिव लीला सिंह , एससी मोर्चा के राज्य उपाध्यक्ष रविंदर सिंह कश्यप , शिवा टांक, रिपु दमन राठौर, सागर कुमार मरोठिया , कैलाश कश्यप , नरेश कायम मेहंदी, दिनेश माथुर सहित गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे इस मौके पर पूर्व विधायक व भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के मंत्री मनोज कुमार ने बोलते हुए कहा कि हमारे तरुण चौधरी बहुत ही मजबूत और ईमानदार नेता हैं वह हमेशा पार्टी के हित में दिन-रात कार्य करते रहते हैं ऐसे कार्यकर्ता का जन्मदिन मना कर हम उनका सम्मान हो और गौरव बढ़ाने का कार्य करते हैं इस मौके पर महंत राजू नाथ चंदेल ने बोलते हुए कहा की तरुण चौधरी अनुसूचित जाति मोर्चा के ईमानदार मजबूत सिपाही हैं और वह बड़ी मेहनत के साथ पार्टी के प्रत्येक कार्य बड़ी जिम्मेवारी के साथ करते हैं उन्होंने विस्तार के रूप में भी अच्छा बेहतरीन कार्य किया है दिल्ली विधानसभा चुनाव में आज उनका जन्मदिन बनाकर हम उन्हें लंबी आयु और कामयाबी का आशीर्वाद देते हैं

» प्रदेश मंत्री मनोज बोले तरुण चौधरी हमारे पार्टी के मजबूत कार्यकर्ता हैं

## देसरी में रेलवे ओवरब्रिज समेत अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

नई सोच एक्सप्रेस




**देसरी।**रेलवे ओवरब्रिज निर्माण, एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव, रेलवे स्टेडियम के सौंदर्यीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर देसरी के कृष्णा चौक पर कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रंजीत पंडित, प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक कुमार और अनीश कुमार अनशन पर बैठे हैं। जिला अध्यक्ष रंजीत पंडित ने कहा कि वर्ष 2023 से इन मांगों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी से लेकर रेल मंत्री तक विभिन्न माध्यमों से ध्यान आकृष्ट कराया जाता रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि देसरी में रेलवे फ्लाईओवर निर्माण के लिए रेलवे द्वारा राज्य सरकार से रिपोर्ट नहीं मिलने की बात कही जा रही है। इससे जनता राज्य सरकार और रेलवे के बीच फंसी हुई है। उन्होंने एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की अनुशंसा के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। अनशनकारियों ने मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही। राजद नेता पुलिस राय ने आंदोलन को समर्थन दिया। सीवान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील कुमार एवं अशोक कुमार सिंह ने कहा कि मांगों पर विचार नहीं होने पर आंदोलन को जिला से प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा। मौके पर मो. रुस्तम, उत्तम कुमार ठाकुर, उत्कर्ष महराज, अजीत कुमार यादव, जिया खान, राजबल्लभ सिंह सहित कई स्थानीय प्रतिनिधि एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर सोनिया वार्ड में 76 किलो लड्डू का वितरण,धूमधाम से मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी।**देश के प्रधानमंत्री एवं वाराणसी के सांसद नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर सिगरा स्थित सोनिया वार्ड नंबर 77 में कार्यकर्ताओं की ओर से हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया | इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को उत्सव के रूप में मनाते हुए 76 किलो लड्डू का वितरण कर अपनी खुशी का इजहार किया | कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक सौरभ श्रीवास्तव उपस्थित रहे | कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यक्रम संयोजक सोना मौर्या ने विधायक सौरभ श्रीवास्तव को तिलक कर और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया जबकि विजय मौर्या ने अंगवस्त्र भेंटकर उन्हें सम्मानित किया | इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं | कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी और आमजन के बीच 76 किलो लड्डू वितरित किए | आयोजन में कार्यकर्ताओं की सहभागिता से उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा | कार्यक्रम के संयोजक विजय मौर्य एवं सोना मौर्या रहे | इस अवसर पर राजेश कुशवाहा,अभिषेक गोपाल वर्मा,सौरभ सिंह मुन्ना,सुधीर जायसवाल,अशोक बिंद, कुशाग्र श्रीवास्तव,पन्नू लाल बिंद,विशाल सोनकर,विजय विश्वकर्मा,राहुल जायसवाल,राजेश शर्मा,नीतिश सिंह, कृष्णा गौड,शैलेश सेठ,कन्हैया सेठ, अंकित प्रजापति,रामलाल प्रजापति,राजू यादव,सीता गुप्ता,वंदना चौरसिया,पूनम गुप्ता,सान्या यादव,सुलोचना गुप्ता,रंजना देवी,रेनू सिंह एवं लक्ष्मी चौरसिया,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे | समारोह का समापन हर्षोल्लास एवं उत्साह के वातावरण में हुआ ||

» सोना मौर्या ने तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा कर विधायक सौरभ श्रीवास्तव का किया स्वागत,विजय मौर्या ने अंगवस्त्र भेंटकर किया सम्मानित

## तिब्बती विश्वविद्यालय के डॉ.प्रशांत मौर्य ने बिहार के प्रशिक्षु अधिकारियों को किया प्रशिक्षित



नई सोच एक्सप्रेस

**वाराणसी।**बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (BIPARD),गया में 70वें बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 16 सितंबर से 18 सितंबर 2026 तक कुल नौ सत्रों में केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सारनाथ वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.प्रशांत कुमार मौर्य ने 'लोक वित्त एवं इसके संवैधानिक सिद्धांत' (Public Finance and Its Constitutional Principles) विषय पर (बीपीएससी के प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया |इस प्रशिक्षण के दौरान डॉ.मौर्य ने ने प्रशिक्षु अधिकारियों को लोक वित्त उसके संवैधानिक ढाँचे जिसके अंतर्गत राजस्व वितरण,कराधान शक्तियों और वित्त आयोग की भूमिका को नियंत्रित करने वाले अनुच्छेद 265 से 281 तक के प्रावधान के बारे बताया इसके साथ ही साथ बजटीय प्रक्रिया,संचित निधि, आकस्मिकता निधि,लोक लेखा और राज्य बजट निर्माण के दौरान प्रक्रियात्मक अनुपालन के साथ साथ राजकोषीय अनुशासन,एफआरबीएम (FRBM) दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन,घाटा प्रबंधन और सार्वजनिक ऋण स्थिरता एवं संसाधन आवंटन को लेकर केंद्र और राज्यों के बीच वित्तीय संबंध,कर हस्तांतरण और क्षेत्रीय स्तर पर राजस्व संग्रह को बेहतर बनाने के संबंध में एवं इन सब विषयों से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों के साथ साथ इनसे संबंधित केस स्टडीज़ के माध्यम से उक्त विषयों की बारीकियों से अवगत कराया ||

## राजवर्धन फाउंडेशन की मुहिम रंग लाई, साकेत सेंगर का संघर्ष जीता - टिकरा-सुरार खूनी सड़क के निर्माण का आदेश जारी, ग्रामीणों में जश्न

नई सोच एक्सप्रेस



**कानपुर नगर।**वर्षों से खूनी सड़क बनी टिकरा-सुरार मार्ग के लिए ग्रामीणों की ऐतिहासिक लड़ाई आखिरकार जीत में बदल गई। राजवर्धन फाउंडेशन के संस्थापक साकेत सेंगर की अगुवाई में चले शांतिपूर्ण जन आंदोलन, सड़क जाम और चूल्हा-चौका सत्याग्रह के बाद आखिरकार प्रशासन झुका और लोक निर्माण विभाग ने सड़क निर्माण का आदेश जारी कर दिया। कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड-1, लोनिवि, कानपुर नगर द्वारा दिनांक 16.09.2026 को जारी पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है। राजवर्धन फाउंडेशन के संस्थापक साकेत सेगर के द्वारा किए गए जन आंदोलन को देखते हुए अधिशासी अभियंता इं० नीलम देवी ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि तत्काल मोटरेबल बनाते हुए यातायात को सुगम बनाया जाए ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। यदि मरम्मत कार्य नहीं कराया जाता है तो अनुबंध की शर्तों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। वही साकेत सेंगर ने कहा यह जीत मेरी नहीं, पूरे टिकरा-सुरार के ग्रामीणों की है। हमने किसी पर आरोप नहीं लगाया, बस गांधीवादी तरीके से रघुपति राघव गाते हुए अपनी मांग रखी। आज साबित हो गया कि शांति से लड़ी गई लड़ाई जरूर जीतती है। मैं प्रशासन, लोनिवि और पुलिस का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने हमारी पीड़ा को समझा। वही इस ऐतिहासिक जीत के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने कहा कि साकेत सेंगर ने जो वादा किया था, वह निभाया। वर्षों बाद हमारी खूनी सड़क अब जीवन की सड़क बनेगी।

## सर्दियों से पहले प्रदूषण नियंत्रण के उपाय मिशन मोड में लागू हों : भूपेंद्र यादव

नई सोच एक्सप्रेस



**लखनऊ।**केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए चल रहे उपायों की समीक्षा की। उन्होंने सर्दियों से पहले प्रदूषण रोकने के उपायों को तेजी से लागू करने, विभागों के बीच बेहतर समन्वय और नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने सड़क की धूल रोकने के लिए सड़कों की मरम्मत, सफाई, हरियाली बढ़ाने और मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की निगरानी के लिए उन्हें जियो-टैग करने का सुझाव दिया। एनसीआर में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने, पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को वैज्ञानिक तरीके से स्क्रैप करने तथा 'नो पीयूसीसी, नो फ्यूल' व्यवस्था के लिए ईंधन स्टेशनों पर एएनपीआर कैमरे लगाने पर भी जोर दिया। औद्योगिक प्रदूषण, निर्माण एवं विध्वंस कचरा, नगरपालिका कचरा और बायोमास जलाने की समस्या पर भी प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पराली जलाने पर रोक के लिए फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी, कस्टम हायरिंग सेंटर और किसान प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की बात कही गई। यादव ने कहा कि वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सरकार के साथ समाज की भागीदारी और विभिन्न संस्थाओं के बीच समन्वय जरूरी है। बैठक में केंद्रीय एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड समेत संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनपुर मंडल में वर्ष 2026 की तृतीय पेंशन अदालत का सफल आयोजन




**पटना।** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में आज दिनांक 18 सितंबर 2026 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में वर्ष 2026 की तृतीय पेंशन अदालत का सफल आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन के मार्गदर्शन में आयोजित इस पेंशन अदालत में कुल 11 परिवाद प्राप्त हुए। ये परिवाद मुख्यतः वार्षिक वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट), चिकित्सा भत्ता तथा एरियर भुगतान से संबंधित थे। सभी मामलों की विस्तृत सुनवाई कर उनका त्वरित एवं संतोषजनक निष्पादन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मंडल लेखा अधिकारी, सहायक कार्मिक अधिकारी सहित पेंशनर्स एसोसिएशन एवं विभिन्न यूनियन,एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### डीटीओ से मिले शांति मुकुल, दिव्यांगजनों को वाहन सुविधाएं देने पर चर्चा



**मुजफ्फरपुर।** नवपदस्थापित जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) प्रियंका सिन्हा से श्री शांति मुकुल ने शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस दौरान दिव्यांगजनों को वाहन खरीद में मिलने वाली सुविधाओं, टैक्स छूट और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा हुई। डीटीओ ने जिले के वाहन डीलरों को निर्देश दिया है कि दिव्यांग ग्राहकों को टैक्स छूट की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और अन्य सुविधाओं की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएं। सभी शोरूम में इससे संबंधित सूचना बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। बताया गया कि कई मामलों में दिव्यांगजन के नाम वाहन पंजीकरण होने के बावजूद आरसी में ओनरशिप टाइप में 'दिव्यांगजन' दर्ज नहीं किया जा रहा है। इस पर डीटीओ ने आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि पात्र दिव्यांगजनों को नियमानुसार टैक्स छूट और अन्य सुविधाओं का पूरा लाभ मिल सके।

### आर्म्स एक्ट के दोषी को आठ साल के कठोर कारावास की सजा

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र के सोसोकुटी गांव में हथियार बरामदगी से जुड़े एक मामले में अपर जिला व सत्र न्यायाधीश-3 प्राची मिश्र की अदालत ने दिवाकर पातर मुंडा उर्फ देव को दोषी करार देते हुए आठ वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनायी है। इस मामले में अदालत ने सजा सुनाते हुए अभियुक्त पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना नहीं देने पर छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। उल्लेखनीय है कि 14 जून 2015 को सोसोकुटी गांव में पुलिस ने हथियार के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से एक राइफल, एक देसी कट्टा व एक देसी पिस्टल बरामद किया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से कुल 12 गवाहों की गवाही करायी गयी। जब्त हथियार सहित अन्य जब्ती प्रदर्श भी न्यायालय में प्रस्तुत किये गये। साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर अदालत ने 14 सितंबर को दिवाकर पातर मुंडा को दोषी करार दिया था। इसके बाद अदालत ने सजा सुनायी।

### अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ की 31वीं वर्षगांठ मनी

**खूंटी।** खूंटी स्थित रॉयल सिंह पैलेस में अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ की 31वीं वर्षगांठ शुक्रवार को समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् गायन से हुई। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन कुमार घोष का पगड़ी, शॉल व माला पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह में केक काटकर संगठन की वर्षगांठ मनाई गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन कुमार घोष ने कहा कि महासंघ का गठन 17 सितंबर 1995 को हुआ था। 31 वर्षों में संगठन ने विस्तार करते हुए राष्ट्रीय स्वरूप हासिल किया है। झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र व ओडिशा सहित कई राज्यों में प्रदेश शाखाओं का गठन किया जा चुका है। इस अवसर पर राष्ट्रीय व झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की गई। मार्शल बारला सहित चार लोगों को राष्ट्रीय महासचिव, डॉ. पीके विश्वास व अनिल कुमार उम्मीद को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व डॉ. दीपक कुमार घोष को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी बनाया गया। गोपीनाथ सिंह मुंडा को जनजातीय भाषा प्रभारी व अशोक सूत शास्त्री को राष्ट्रीय विधि सलाहकार नियुक्त किया गया। झारखंड प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष पंकज पांडेय, प्रदेश महासचिव बिरसा लोहरा व जितेंद्र कुमार पांडेय सहित अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा हुई। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों व प्रदेशों के पदाधिकारी मौजूद थे।

### यूपीआई लेनदेन पर शुल्क की संभावना का एफजेसीसीआई ने किया विरोध

» आकाश पांडेय ने प्रेस वार्ता कर व्यापारियों व उपभोक्ताओं पर संभावित प्रभाव पर जताई चिंता

**साहिबगंज।** यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाए जाने की संभावनाओं के विरोध में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) ने आवाज उठाई है। शुक्रवार को एफजेसीसीआई के संथाल परगना क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आकाश पांडेय ने जिला परिषद बैंक्वेट हाल में प्रेस वार्ता कर इस मुद्दे पर चिंता जताई। आकाश पांडेय ने कहा कि यूपीआई आज छोटे दुकानदारों, व्यापारियों व आम उपभोक्ताओं के लिए डिजिटल भुगतान का प्रमुख माध्यम बन चुका है। ऐसे में शुल्क लगाए जाने से छोटे व्यापारियों व आम लोगों पर आर्थिक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि व्यापारिक समुदाय सरल व सुगम डिजिटल भुगतान व्यवस्था के पक्ष में है तथा व्यापारियों की चिंताओं को उचित मंच पर मजबूती से उठाया जाएगा। एफजेसीसीआई अध्यक्ष नवीन भगत ने कहा कि डिजिटल भुगतान ने लेनदेन को आसान व तेज बनाया है। इसलिए किसी भी शुल्क के निर्णय से पहले उसके व्यापक प्रभावों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। मौके पर उपाध्यक्ष अनूप सिंह व संजय दीवान, सचिव जाहिद खान, कोषाध्यक्ष शुभम कुमार पोद्दार, संरक्षक सज्जन पोद्दार व सुनील भरतीया सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# ब्रेक फेल होने से स्कूल वैन डिवाइडर पर चढ़ी, 10 छात्र घायल

नई सोच एक्सप्रेस



**जमशेदपुर।** टेल्को थाना क्षेत्र के प्लाजा स्थित भुवनेश्वर मंदिर के पास शुक्रवार सुबह बच्चों को लेकर जा रही एक स्कूल वैन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में वैन में सवार करीब 10 बच्चे घायल हो गए। इनमें तीन बच्चों को गंभीर चोट लगने की सूचना है। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार व अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की तत्परता से वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला गया व सभी घायलों को इलाज के लिए टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल वैन संख्या (जेएच 05 बीसी 7076) शुक्रवार सुबह बच्चों को लेकर जा रही थी। भुवनेश्वर मंदिर के पास अचानक वैन का ब्रेक फेल हो गया। चालक ने वाहन को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन वैन बेकाबू होकर सड़क के डिवाइडर पर चढ़ गई। टक्कर के बाद वैन रुक गई। हादसे के दौरान वैन में बैठे बच्चों में अफरा-तफरी मच गई व कई बच्चे घायल हो गए। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे व राहत व बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने वैन का दरवाजा खोलकर घायल बच्चों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही टेल्को थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची व दुर्घटनाग्रस्त वाहन का जायजा लिया। इस बीच बच्चों के घायल होने की खबर मिलते ही उनके परिजन भी टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचने लगे। घायल बच्चों में दियांश चौधरी, आकाश, आयुष, रुद्रांश, आभान, अगिस, तृष्टी व ज्याद समेत अन्य बच्चे शामिल बताए गए हैं। अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में सभी बच्चों का इलाज व चिकित्सकीय परीक्षण किया जा रहा है। इनमें तीन बच्चों को अधिक चोटें आने की बात सामने आई है। हालांकि उनकी स्थिति को लेकर अस्पताल की ओर से विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने वैन को कब्जे में लेकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी में ब्रेक फेल होने की बात सामने आई है, लेकिन पुलिस वाहन की तकनीकी स्थिति, फिटनेस प्रमाणपत्र, जरूरी कागजात, चालक की स्थिति व दुर्घटना के समय वाहन की गति सहित अन्य बिंदुओं की जांच कर रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि वैन में निर्धारित क्षमता के अनुरूप कितने बच्चे सवार थे।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

नई सोच एक्सप्रेस



**खूंटी।** जिला के केरसई थाना कांड से संबंधित मामले के प्राथमिकी अभियुक्त पंचम कच्छप के फरार रहने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की है। न्यायालय से अभियुक्त के विरुद्ध इश्तेहार जारी किए जाने के बाद शुक्रवार को पुलिस ने अभियुक्त के घर पर चिपकाकर तामिला कराया। इस दौरान स्थानीय लोगों को भी इसकी जानकारी दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों के माध्यम से अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा। साथ ही स्पष्ट किया गया कि यदि अभियुक्त निर्धारित प्रक्रिया के तहत आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध न्यायालय के आदेशानुसार कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## 19 सितंबर को बादशाहपुर में गूंजेगा 'जय श्री श्याम'

नई सोच एक्सप्रेस

**गुरुग्राम।** श्री श्याम परिवार मंडल बादशाहपुर (रजि.), गुरुग्राम की ओर से चतुर्थ विशाल श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन शनिवार, 19 सितंबर 2026 को विनार गार्डन, बादशाहपुर, गुरुग्राम में किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम 6:15 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा। महोत्सव में प्रसिद्ध कलाकार मुखी मनोहर शरण, अमन गुप्ता, विक्की मस्ताना एवं पूजा तिवारी अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को श्याम भक्ति के रंग में रंगेंगे। कार्यक्रम में भव्य श्री श्याम दरबार सजाया जाएगा। आयोजन के तहत शुक्रवार, 18 सितंबर 2026 को सुबह 11:15 बजे श्री राधा कृष्ण मंदिर से श्री खाटू श्याम बाबा की द्वितीय भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर परिक्रमा करेगी। इसके अलावा शनिवार को दोपहर 2:15 बजे वाटिका चौक, गुरुग्राम पर खाटू धाम से बाबा की दिव्य ज्योति का आगमन होगा। महोत्सव के दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। संस्था के सदस्य दीपक कुमार ने समाजसेवी ई आरके जायसवाल से बातचीत में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष भंडारे में करीब 15 हजार श्रद्धालु शामिल हुए थे। इस बार इससे भी अधिक, लगभग 20 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया। वहीं, जागरण के कार्यक्रम में जाने-माने कलाकार मुरली मनोहर शरण, अमन गुप्ता, विक्की मस्ताना, पूजा तिवारी इत्यादि के भी शामिल होने की पुष्टि हो चुकी है।



» चतुर्थ विशाल श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव एवं भंडारे में उमड़ेंगे हजारों श्रद्धालु

## काशीवासियों को सुखी रहने का मंत्र देंगी राजेश्वरी मोदी 'राज दीदी' - अनीता भालोटिया

नई सोच एक्सप्रेस




**वाराणसी।** विश्वविख्यात अभिप्रेरक वक्ता एवं नारीरत्न राजेश्वरी मोदी 'राज दीदी' तीन दिवसीय प्रवास पर 19 से 21 सितंबर तक काशी में रहेंगी। नारायण रेकी सत्संग परिवार वाराणसी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों में वह विभिन्न आयुवर्ग के लोगों से संवाद कर उन्हें खुशहाल जीवन,सकारात्मक सोच और लक्ष्य प्राप्ति के सूत्र बताएंगी। कार्यक्रम संयोजक एवं वाराणसी केंद्र प्रमुख अनीता भालोटिया ने लक्सा स्थित मारवाड़ी समाज भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि मुख्य कार्यक्रम 20 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में होगा। इसमें राज दीदी जीवन में खुशहाली और सकारात्मकता के साथ 'कुबेर का खजाना' प्राप्त करने का मूलमंत्र देंगी इसके बाद शाम 5:30 बजे से वरदान रेकी का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 19 सितंबर को दोपहर 2:30 बजे रवींद्रपुरी लेन नंबर 12 स्थित अवेकस इंस्टीट्यूट में 7 से 17 वर्ष के बच्चों के लिए 'स्पार्किंग स्टार' सत्र होगा वहीं शाम तीन बजे रवींद्रपुरी स्थित गोपीराधा बालिका इंटर कॉलेज में 17 से 30 वर्ष के युवाओं के लिए 'रेडियंट स्टार' सत्र आयोजित किया जाएगा। इन सत्रों में एकाग्रता,लक्ष्य प्राप्ति,कठिन परिस्थितियों का सामना करने और तनावमुक्त जीवन जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। पत्रकार वार्ता में सुनीता जालान,सारिका प्रकाश,समता डिडवानिया,सीमा सोनी, रागिनी अग्रवाल,अनीता जरपुरिया, पल्लवी अग्रवाल,रीना डिडवानिया,इशाक साह,अजू रस्तोगी,अनुज डिडवानिया, राजेंद्र मोहन साह,अरविंद अग्रवाल सहित नारायण रेकी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

» 19 सितंबर को मुंबई से आएंगी काशी, 20 को रुद्राक्ष में होगा 'कुबेर का खजाना' कार्यक्रम

# यूजीसी के नियमों से संबंधित मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करेगा मंच

नई सोच एक्सप्रेस



**पलामू।** यूजीसी के नए नियमों, आरक्षण नीति में सुधार व एससी-एसटी एक्ट में संशोधन की मांग को लेकर शुक्रवार को जिले के हरिहरगंज प्रखंड मुख्यालय में स्वर्ण एकता मंच के बैनर तले जनसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अविनाश कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन फुदुक सिंह ने किया। जनसभा से पूर्व स्वर्ण समाज के सैकड़ों लोग दोपहिया व चारपहिया वाहनों के काफिले के साथ सुल्तानी गांव से निकले व एनएच-139 होते हुए हरिहरगंज प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद वाहन जुलूस जनसभा में तब्दील हो गया। कार्यक्रम में हरिहरगंज, पीपरा सहित सीमावर्ती क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ नेता रामाधार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। अतिथियों के सम्मान के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि यूजीसी के नए नियमों व अन्य नीतिगत प्रावधानों से सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों व समाज के हित प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने यूजीसी के 2026 नियमों को लेकर तत्काल पुनर्विचार व रोलबैक की मांग की। आरक्षण नीति में सुधार व एससी-एसटी एक्ट में संशोधन कर स्वर्ण समाज के अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई। उन्होंने समाज के लोगों से अपने अधिकारों के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। रामाधार ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर सरकार की ओर से उचित पहल नहीं की गई तो आंदोलन को व्यापक किया जाएगा। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र सरकार के खिलाफ राजनीतिक रूप से विरोध करने की चेतावनी भी दी। जनसभा को संबोधित करने वाले अन्य वक्ताओं ने भी यूजीसी नियमों, आरक्षण नीति व सामाजिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे व स्वर्ण समाज से एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति के नाम बीडीओ कार्यालय में मांग पत्र सौंपा गया।

## झारखंड में ठेकेदार संजय डालमिया के घर ईडी की छापेमारी

नई सोच एक्सप्रेस



**सरायकेला।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सरायकेला में शुक्रवार सुबह ठेकेदार संजय डालमिया के पटनायक टोला स्थित आवास पर छापेमारी की। तीन वाहनों से पहुंची ईडी की टीम ने घर को अपने कब्जे में लेते हुए जांच शुरू की। टीम घर के अंदर विभिन्न स्थानों पर दस्तावेजों व अन्य सामानों की जांच कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई सहकारिता बैंक से करीब 35 करोड़ रुपये का लोन लेने व उसके भुगतान नहीं किए जाने से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में की जा रही है। ईडी की टीम मामले से संबंधित वित्तीय लेन-देन व दस्तावेजों की जांच कर रही है। छापेमारी के दौरान घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था भी देखी गई। टीम की कार्यवाही जारी है। जांच पूरी होने के बाद मामले में आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। लोन मामले में कारोबारी संजय डालमिया फिलहाल जमानत पर बाहर है।

## अंतरजिला बाइक चोरी गिरोह का भंडाफोड़, आठ आरोपी गिरफ्तार, चोरी की 19 बाइक बरामद

नई सोच एक्सप्रेस



**खूंटी।** खूंटी जिले के सायको थाना क्षेत्र में अंतरजिला बाइक चोरी कर फर्जी नंबर प्लेट के जरिए खरीद-बिक्री करने वाले संगठित गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी की 19 बाइक, एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप, आठ मोबाइल फोन व दो मास्टर चाबी बरामद की गई हैं। पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गिरोह के कुछ सदस्य चोरी की बाइक में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उनकी खरीद-बिक्री के लिए एकत्र हुए हैं। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मंगल सिंह जामुदा के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। टीम ने सायको व अड़की थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरुदयाल मुंडा उर्फ पनसउ मुंडा (26), इसराएल पूर्ति (24), मनमसीह पूर्ति उर्फ डेरो (19), मसीह मुंडा (19), मोहन लोहार (32), एतवा मुंडा (19), समराय होरो (26) व जयराम मुंडा उर्फ जावरा के रूप में हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरोह के सदस्य चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उनकी खरीद-बिक्री करते थे। बरामद 19 बाइकों के संबंध में पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। इनके वास्तविक मालिकों व चोरी की घटनाओं का भी पता लगाया जा रहा है। इस संबंध में सायको थाना में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ मंगल सिंह जामुदा, खूंटी थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह, सायको थाना प्रभारी प्रभात रंजन पाण्डेय, अड़की थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी, मारंगहादा थाना प्रभारी जुगेश सिंह, कुचाई थाना प्रभारी रविन्द्र मुंडा, एसआई मुकेश कुमार व मंटु कुमार सहित सायको थाना सैट बल के हवलदार भुनेश्वर उरांव, आरक्षी धर्मेंद्र भगत तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

## इंजीनियरिंग कॉलेज मेस में घटिया खाने पर छात्रों का हंगामा

नई सोच एक्सप्रेस



**पलामू।** पलामू जिले के नीलांबर-पितांबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड के बसौरा स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के मेस में भोजन की खराब गुणवत्ता व रसोई में फैली गंदगी को लेकर छात्रों ने गुरुवार रात जमकर हंगामा किया। छात्रों का आरोप है कि परोसे जाने वाले खाने में लगातार कीड़े, कांच के टुकड़े, बाल व लोहे के तार मिलते हैं। खाना बनाने की जगह व बर्तनों की सफाई की स्थिति भी बेहद खराब है। मामले की जानकारी मिलते ही सदर मेदिनीनगर एसडीओ संजय पांडे, अंचलाधिकारी जागो महतो व फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने कॉलेज परिसर पहुंचकर मेस का औचक निरीक्षण किया व मौके से भोजन के सैंपल जब्त किए। छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि घटिया भोजन की शिकायत करने पर उनकी कोई नहीं सुनता। वे कॉलेज प्रबंधन व वेंडर के बीच पीसकर रह जाते हैं। ऐसे में उनकी पढ़ाई पर असर पड़ता है। वह अपनी पढ़ाई करें या व्यवस्था को सुधारें, यह समझ नहीं आता। वे सब लंबे समय से परेशान हैं। सदर एसडीओ संजय पांडे ने आक्रोशित छात्रों से वार्ता कर उन्हें शांत कराया। सदर एसडीओ ने बताया कि निरीक्षण में मेस में हाइजीन व साफ-सफाई का स्तर काफी खराब पाया गया है। बर्तनों की कमी, बैठने की व्यवस्था व सैनिटाइजेशन समेत करीब 10 से 12 बिंदुओं पर गंभीर कमियां मिली हैं, जिसके लिए संबंधित पक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। मेस से चावल, दाल व लाल मिर्च के सैंपल सील करके जांच के लिए स्टेट फूड लैब, नामकुम (रांची) भेजे जा रहे हैं, जिसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की उचित कार्रवाई की जाएगी। छात्रों ने वर्तमान मेस वेंडर को हटाने की मांग की है। ऐसे में उसके बकाया भुगतान को निपटाने के लिए 30 सितंबर तक की समय-सीमा तय की गई है। प्रशासन ने छात्रों को पूरा भरोसा दिया है कि यदि तय समय के भीतर पाई गई कमियों का निवारण नहीं किया जाता है, तो सरकारी नियमों के तहत सख्त कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।





# सिद्धार्थ-तमन्ना की फिल्म द वन का ट्रेलर जारी, जंगल का खौफनाक रहस्य उड़ा देगा होश




सिद्धार्थ मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म द वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। बालाजी मोशन पिक्चर्स और द वायरल फीवर द्वारा निर्मित, यह एक अलौकिक लोककथा और पौराणिक-थ्रिलर है, जिसमें तमन्ना भाटिया भी मुख्य किरदार में नजर आएंगी। निर्देशन दीपक कुमार मिश्रा ने किया है। सुनील ग्रोवर, मनीष पॉल, श्वेता तिवारी और अपून सोनी भी इसका हिस्सा हैं। फिल्म की कहानी बिहार में स्थित 16वीं सदी के वन देवी मंदिर की लोककथाओं से प्रेरित है। ट्रेलर भारतीय लोककथाओं से प्रभावित एक ऐसी दुनिया की झलक दिखाता है, जहां मानवीय संघर्ष अलौकिक शक्तियों और प्राचीन मान्यताओं से टकरा सकते हैं। फिल्म 'द वन का ट्रेलर की शुरुआत एक दमदार लाइन के साथ हुई है. ट्रेलर में सुनाई देता है कि अगर कोई रात में इस वन में प्रवेश करता है तो उसकी लाश भी नहीं मिलती है. वन के विजुअल्स काफी शानदार हैं और भयावह भी. इसके बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा की एंट्री होती है, वो कहते हैं कि, अब मुझे समझ आ रहा है कि यहां जो भी हो रहा हैज्सब एक नंबर की बकवास है. यानी फिल्म में सिद्धार्थ एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं, जिसे देवी में और वन की शक्तियों पर बिल्कुल भरोसा नहीं है. वो नास्तिक हैं. लेकिन वहीं, उनकी पत्नी बनी तमन्ना इन सब में काफी भरोसा रखती हैं. ट्रेलर में दिखाया गया है, कि कैसे सिद्धार्थ धीरे-धीरे उन शक्तियों और देवी पर भरोसा बना लेते हैं. अब ये कैसे होगा ये तो फिल्म देखने को बाद ही पता चलेगा. लेकिन इतना तो है कि ट्रेलर काफी दमदार है. पहली बार सिद्धार्थ और तमन्ना ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं, जो धार्मिक आस्था से जुड़ी हुई है. सिद्धार्थ ऐसे किरदार में है, जो जंगल की डरावनी मान्यताओं को न मानकर वहां प्रवेश करता है। इसके बाद पूरे गांव पर प्रकृति का भयंकर प्रकोप टूटने पड़ता है। इसमें सिद्धार्थ के पुनर्जन्म का संकेत भी दिया गया है। वहीं, तमन्ना उनकी पत्नी बनी हैं। बता दें, फिल्म 25 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# विजय सेतुपति की महाराजा ने बनाया महा-रिकॉर्ड, बनी हॉलीवुड रीमेक पाने वाली पहली तमिल फिल्म

निथिलन स्वामीनाथन की महाराजा साल 2024 में रिलीज हुई थी. विजय सेतुपति और अनुराग कश्यप की इस फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से अच्छे रिव्यूज मिले थे और इसी के साथ इसने बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार परफॉर्म किया था. वहीं अब ये तमिल फिल्म एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करने जा रही है. बता दें कि विजय सेतुपति और अनुराग कश्यप स्टारर महाराजा का अब हॉलीवुड में रीमेक बनने जा रहा है और ऐसा करने वाली ये तमिल की फिल्म होगी. महाराजा के प्रोड्यूसर्स ने अपने सोशल मीडिया पर इसके हॉलीवुड रीमेक की पुष्टि की. उन्होंने लिखा, एक ऐतिहासिक उपलब्धि! महाराजा हॉलीवुड के एक बड़े स्टूडियो द्वारा बनाई जाने वाली पहली तमिल फिल्म बन गई है. वहीं एक तमिल फिल्म के हॉलीवुड रीमेक की खबर ने फैंस को काफी एक्साइटेड कर दिया है. एक ने कमेंट में लिखा , पूरी टीम के लिए गर्व का पल, खासकर डायरेक्टर निथिलन सर और एक्टर विजय सेतुपति के लिए, प्राउड है, कॉलीवुड हमेशा. एक और ने लिखा, यह उपलब्धि सिर्फ डायरेक्टर की वजह से मिली है. वहीं अब कई लोगों ये भी कयास लगा रहे हैं कि महाराजा का सीक्वल भी आ सकता है. ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक महाराजा ने भारत में 72.43 करोड़ की नेट कमाई की थी और दुनिया भर में 199.20 करोड़ का कलेक्शन किया थी. यह 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्मों में से एक थी. महाराजा को क्रिटिक्स से भी तारीफ़ मिली थी. कई लोगों ने सेतुपति और अनुराग की एक्टिंग के साथ-साथ फिल्म की कहानी की भी तारीफ़ की थी. बता दें कि ये फिल्म ओटीटी पर नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करने के लिए अवेलेबल हैं. कई ख़बरों के मुताबिक, आमिर खान ने भी इस फिल्म के हिंदी रीमेक के राइट्स हासिल कर लिए हैं. हालांकि इस बारे में अभी कुछ भी ऑफिशियली कंफर्म नहीं हुआ है. नियो-नॉयर फिल्म महाराजा का निर्देशन निथिलन स्वामीनाथन ने किया है और इसे द रूट, थिंक स्टूडियोज़ और पैशन स्टूडियोज़ ने प्रोड्यूस किया है. इसमें सेतुपति, अनुराग, सचना नमिदास, नट्टी सुब्रमण्यम, ममता मोहनदास और अन्य कलाकार हैं. जून 2024 में रिलीज हुई यह फिल्म एक ऐसे पिता की कहानी थी जो लक्ष्मी नाम के एक चोरी हुए डस्टबिन के बारे में पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराता है. बाद में पुलिस को पता चलता है कि वह असल में किसी बहुत ज्यादा गंभीर मामले को लेकर उनके पास आया है.

# वेंकटेश की 'आदर्श कुटुंबम-एके-47 का टीजर जारी
## पारिवारिक कहानी में दिखेगा एक्शन का तड़का

दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती की आगामी फिल्म 'आदर्श कुटुंबम-एके-47 का टीजर जारी कर दिया गया है। फिल्म में वेंकटेश और श्रीनिधि शेट्टी एक ऐसे दंपती की भूमिका में नजर आ रहे हैं, जो आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। टीजर में उनकी संघर्षपूर्ण जिंदगी के साथ-साथ कहानी में आने वाले रोमांच और एक्शन की झलक देखने को मिलती है। फिल्म की कहानी एक ऐसे दंपती के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी जिंदगी पैसों की कमी के कारण मुश्किलों से भरी हुई है। इसी बीच उन्हें एक शानदार नए घर में रहने का मौका मिलता है। दोनों को लगता है कि यह उनके जीवन में एक नई शुरुआत लेकर आएगा, लेकिन जल्द ही परिस्थितियां बदल जाती हैं और यह नई शुरुआत गंभीर मोड़ ले लेती है। कहानी में अप्रत्याशित चुनौतियां सामने आने के बाद वेंकटेश का किरदार भी पूरी तरह बदलता दिखाई देता है। एक सामान्य पारिवारिक व्यक्ति से वह एक्शन से भरपूर नायक के रूप में सामने आता है। टीजर में पारिवारिक भावनाओं के साथ-साथ रोमांच और मारधाड़ वाले दृश्यों को भी प्रमुखता दी गई है। फिल्म का निर्देशन त्रिविक्रम श्रीनिवास ने किया है। वेंकटेश और श्रीनिधि शेट्टी के अलावा नारा रोहित, निवेथा पेथुराज और राव रमेश भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के संगीत की जिम्मेदारी थमन एस ने संभाली है। वहीं, रवि के. चंद्रन ने छायांकन किया है और नवीन नूली ने फिल्म का संपादन किया है। एस. राधा कृष्णा ने हारिका एंड हासिने क्रिएशंस के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया है। 'आदर्श कुटुंबम-एके-47 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टीजर सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ गई है। दक्षिण भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आदर्श कुटुंबम-एके-47' का आधिकारिक टीजर रिलीज़ कर दिया गया है। टीजर जारी होते ही दर्शकों और फैंस के बीच फिल्म को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस फिल्म में वेंकटेश और अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी पहली बार एक साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी एक मध्यमवर्गीय दंपती के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो आर्थिक तंगी और जीवन की कठिनाइयों से संघर्ष कर रहा है। उनकी जिंदगी में नया मोड़ तब आता है जब उन्हें एक आलीशान घर में रहने का अवसर मिलता है। हालांकि, यह नई शुरुआत उनके लिए राहत की जगह कई अप्रत्याशित मुसीबतें और गंभीर चुनौतियां लेकर आती है। टीजर में दिखाया गया है कि कैसे एक सीधे-सादे पारिवारिक व्यक्ति के रूप में दिख रहे वेंकटेश परिस्थितियों के दबाव में एक खूंखार और एक्शन से भरपूर नायक के रूप में ढल जाते हैं। त्रिविक्रम श्रीनिवास के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पारिवारिक ड्रामा के साथ-साथ थ्रिल और एक्शन का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। फिल्म में नारा रोहित, निवेथा पेथुराज और राव रमेश भी अहम भूमिकाओं में हैं। थमन एस का बैकग्राउंड म्यूजिक और रवि के. चंद्रन की सिनेमैटोग्राफी फिल्म के रोमांच को और बढ़ाती है। हारिका एंड हासिने क्रिएशंस के बैनर तले एस. राधा कृष्णा द्वारा निर्मित यह फिल्म 2 अक्टूबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।




# फिल्म इंडस्ट्री में पार्वती थिरुवोथु ने किए अपने 20 साल पूरे



हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री पार्वती थिरुवोथु ने अपने 20 साल पूरे किए हैं। इस दौरान पार्वती ने 'बैंगलोर डेज', 'एन्नु निंटे मोइदीन', 'चार्ली', 'टेक ऑफ', 'उयारे', 'वायरस', 'पुझु' और 'करीब करीब सिंगल' जैसी फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर अपनी अभिनय क्षमता साबित की है। दो दशक के लंबे करियर में उन्होंने अपनी गहरी और प्रभावशाली अदाकारी से अलग पहचान बनाई है। अब वह फिल्म 'प्रधामा दृष्टि कुट्टक्कर' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर सामने आ रही शुरुआती दर्शक प्रतिक्रियाओं में इसकी जांच-पड़ताल आधारित कहानी और रोमांचक प्रस्तुति की तारीफ की जा रही है। हालांकि, सबसे ज्यादा चर्चा पार्वती थिरुवोथु के अभिनय को लेकर हो रही है। फिल्म में उन्होंने अलीना अब्राहम का किरदार निभाया है, जो पति की मौत के बाद सहानुभूति के आधार पर पुलिस बल में नियुक्त होती है। अलीना एक मां होने के साथ अपेक्षाकृत अनुभवहीन पुलिस अधिकारी भी है। उसकी जिंदगी उस समय जटिल मोड़ ले लेती है, जब एक हिरासत में मौत का मामला सामने आता है। अलीना को किसी सामान्य फिल्मी पुलिस अधिकारी की तरह बेहद ताकतवर या बड़े-बड़े संवाद बोलने वाले किरदार के रूप में पेश नहीं किया गया है। वह संवेदनशील, सतर्क और शांत स्वभाव की महिला है, जो अपनी समझदारी के जरिए परिस्थितियों को परखने की कोशिश करती है। पार्वती ने इस किरदार को बेहद संयमित और परतदार अंदाज में निभाया है, जिसे दर्शकों की ओर से खूब सराहना मिल रही है। सोशल मीडिया पर कई प्रशंसकों ने अलीना अब्राहम के रूप में पार्वती के अभिनय को शानदार बताया है। एक प्रशंसक ने लिखा कि 20 साल के करियर के बाद पार्वती की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक यह है कि दर्शक उनके अभिनय को देखते हुए अभिनेत्री को भूल जाते हैं और सिर्फ किरदार नजर आता है। एक अन्य प्रशंसक ने उनके अभिनय की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें पार्वती का यह नया अंदाज देखने की उम्मीद नहीं थी। एक अन्य दर्शक ने पार्वती को फिल्म की 'आत्मा' बताते हुए उनके अलग तरह के पर्दे पर प्रभाव की सराहना की। कुछ प्रशंसकों ने अलीना अब्राहम की तुलना मलयालम सिनेमा के चर्चित जासूसी और अपराध-आधारित किरदारों से भी की है। उनका कहना है कि पार्वती जैसी सक्षम अभिनेत्री को इतना जटिल किरदार मिलना फिल्म के लिए बड़ी ताकत साबित हुआ है। पार्वती के करियर की बात करें तो आने वाले समय में भी उनके पास कई दिलचस्प परियोजनाएं हैं। 'दायरा' में वह करीना कपूर खान के किरदार के लिए अपनी आवाज देती नजर आएंगी। इसके अलावा वह ऋतिक रोशन की प्रोडक्शन फिल्म 'तूफान' और हॉरर-मिस्ट्री थ्रिलर 'धूर्त 2' का भी हिस्सा हैं।



# हर रविवार फुटबॉल के रंग में रंगा नजर आएगा प्रियंका का घर

फुटबॉल सीजन की शुरुआत को लेकर ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस ने एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आने वाले करीब चार महीनों तक उनके घर में हर रविवार का माहौल फुटबॉल के रंग में रंगा नजर आएगा। प्रियंका की इस मजेदार टिप्पणी पर उनके पति निक जोनस ने भी हंसने वाले इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी। प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि अगले चार महीनों तक उनके घर में हर रविवार का माहौल ऐसा ही रहने वाला है। उन्होंने फुटबॉल की वापसी पर खुशी भी जाहिर की। प्रियंका के पोस्ट में जिस तरह रविवार और चार महीने की अवधि का जिक्र किया गया है, उससे माना जा रहा है कि वह अमेरिकन फुटबॉल और नेशनल फुटबॉल लीग के सीजन की बात कर रही हैं। वर्ष 2026 का एनएफएल नियमित सत्र सितंबर में शुरू हुआ है और जनवरी 2027 तक चलने वाला है। प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया के जरिए अक्सर प्रशंसकों को अपनी पारिवारिक जिंदगी की झलक दिखाती रहती हैं। वह कभी पति निक जोनस के साथ बिताए पलों को साझा करती हैं तो कभी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ तस्वीरें पोस्ट करती हैं। हाल ही में उन्होंने मां-बेटी के रिश्ते की एक प्यारी तस्वीर साझा की थी, जिसमें वह अपनी बेटी के साथ एक जैसे चेरी प्रिंट वाले कपड़ों में नजर आई थीं। उन्होंने बेटी को अपनी 'मिनी मी' बताते हुए लिखा था कि घर वहीं है, जहां दिल होता है। अभिनेत्री इन दिनों अपने अंतरराष्ट्रीय पेशेवर दायित्वों और भारत में चल रहे काम के बीच संतुलन बना रही हैं। अपने प्रोजेक्ट्स के सिलसिले में वह अमेरिका और भारत के बीच लगातार यात्रा करती रहती हैं।



# ऑनलाइन हेयर स्ट्रेटनर खरीदने जा रहे हैं तो इन 5 बातों का रखें खास ध्यान

अगर आप अपने बालों को सीधा करने के लिए ऑनलाइन हेयर स्ट्रेटनर खरीदने की योजना बना रहे हैं तो आपको कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए। सही हेयर स्ट्रेटनर का चयन करना न केवल आपके बालों को सुंदर बनाएगा, बल्कि उन्हें सुरक्षित भी रखेगा। इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी टिप्स देंगे, जिनसे आप अपने लिए सही हेयर स्ट्रेटनर चुन सकते हैं और बालों को नुकसान से बचा सकते हैं। हेयर स्ट्रेटनर खरीदते समय सबसे पहले उसके प्लेट्स के मटेरियल पर ध्यान दें। टाइटेनियम, सिरेमिक और टूरमलाइन जैसे मटेरियल सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि ये गर्मी को समान रूप से फैलाते हैं और बालों को जलने से बचाते हैं। सिरेमिक प्लेट्स बालों को चिकना रखने में मदद करते हैं, जबकि टाइटेनियम प्लेट्स जल्दी गर्म होते हैं और लंबे समय तक गर्म रहते हैं। टूरमलाइन प्लेट्स भी अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये बालों को चमकदार बनाते हैं। सही तापमान नियंत्रण वाला हेयर स्ट्रेटनर आपके बालों की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। ऐसे स्ट्रेटनर चुनें, जिनमें तापमान सेटिंग्स हों ताकि आप अपने बालों के प्रकार और जरूरतों के अनुसार तापमान सेट कर सकें। कम तापमान पर हल्के और पतले बालों के लिए, जबकि ज्यादा तापमान पर घने और कड़े बालों के लिए काम करना चाहिए। इससे आपके बालों को नुकसान नहीं होगा और वे स्वस्थ रहेंगे। बालों को सीधा करते समय सुरक्षा सुविधाएं बहुत अहम होती हैं। ऐसे हेयर स्ट्रेटनर चुनें, जिनमें ऑटोमैटिक बंद होने का फीचर हो ताकि लंबे समय तक उपयोग न करने पर यह अपने आप बंद हो जाएं। इससे आग लगने जैसी घटनाओं से बचाव होता है। इसके अलावा हीट-प्रूफ टिप्स भी होनी चाहिए ताकि आप आसानी से इसे पकड़ सकें बिना जलने के खतरे के। इन सुविधाओं से आपका अनुभव सुरक्षित और आरामदायक रहेगा। जब आप ऑनलाइन हेयर स्ट्रेटनर खरीद रहे हों तो ब्रांड का चयन सोच-समझकर करें। अच्छे ब्रांड्स आमतौर पर गुणवत्ता और सेवा में बेहतर होते हैं। साथ ही ग्राहकों द्वारा लिखे गए रिव्यूज पढ़ें ताकि आपको उत्पाद की वास्तविकता पता चल सके।

### प्लेट्स का आकार देखें

हेयर स्ट्रेटनर का आकार भी महत्वपूर्ण होता है। अगर आपके बाल मोटे और घने हैं तो चौड़े प्लेट्स वाला स्ट्रेटनर लें ताकि एक बार में ज्यादा बाल स्ट्रेटन हो सकें, वहीं अगर आपके बाल पतले या बारीक हैं तो पतले प्लेट्स वाला स्ट्रेटनर बेहतर रहेगा क्योंकि इससे छोटे हिस्सों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा छोटे और मध्यम आकार के बालों के लिए भी अलग-अलग आकार के स्ट्रेटनर उपलब्ध होते हैं।

# भारत-अफगानिस्तान 'द फ्रेंडशिप कप' पर रोहन जेटली ने जताया उत्साह, कहा- क्रिकेट ने दोनों देशों को करीब लाने में निभाई अहम भूमिका

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने भारत और अफगानिस्तान के बीच खेली गई 'द फ्रेंडशिप कप' टी-20 श्रृंखला के सफल आयोजन पर खुशी जताई है। उन्होंने भारत को तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह श्रृंखला क्रिकेट के शानदार उत्सव के साथ-साथ दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्तों की भी अभिव्यक्ति बनी। रोहन जेटली ने कहा, "भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ यादगार 3-0 की श्रृंखला जीत के लिए बधाई। 'द फ्रेंडशिप कप' क्रिकेट का शानदार उत्सव रहा। अरुण जेटली स्टेडियम में तीनों मैचों के दौरान 85 हजार से अधिक दर्शकों की भारी मौजूदगी देखकर बेहद खुशी हुई। अफगानिस्तान से भी हजारों प्रशंसक इस अवसर का हिस्सा बनने के लिए दिल्ली पहुंचे। पूरी श्रृंखला के दौरान स्टेडियम में नजर आया शानदार माहौल दिल्ली में क्रिकेट के प्रति लोगों के जुनून को दर्शाता है।" उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ अपनी घरेलू श्रृंखला दिल्ली में खेलना दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों और लोगों को करीब लाने में खेल की भूमिका का बेहतरीन उदाहरण रहा। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पड़ोसी देशों के साथ मजबूत संबंधों के दृष्टिकोण के अनुरूप भी बताया। डीडीसीए अध्यक्ष ने कहा, "हम अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और आईसीसी अध्यक्ष जय शाह के सहयोग और प्रयासों के लिए आभारी हैं, जिनकी वजह से यह श्रृंखला संभव हो सकी और दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इस यादगार अध्याय का हिस्सा बनने का अवसर मिला।" उन्होंने कहा, "हमें गर्व है कि डीडीसीए और दिल्ली भारत तथा अफगानिस्तान के बीच तीन रोमांचक मुकाबलों की मेजबानी में अपनी भूमिका निभा सके। इससे प्रशंसकों को दोनों टीमों के बीच शानदार और उच्च स्तर का क्रिकेट देखने का अवसर मिला।"

## न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के कोच बेन सॉयर का चार साल बाद कार्यकाल समाप्त

**एजेंसी, वेलिंगटन**



न्यूजीलैंड क्रिकेट ने महिला टीम की मुख्य कोच बेन सॉयर के अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। चार साल तक टीम की जिम्मेदारी संभालने वाले सॉयर का कार्यकाल दिसंबर 2026 तक था, लेकिन महिला क्रिकेट की उच्च प्रदर्शन संरचना की व्यापक समीक्षा के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बदलाव का निर्णय लिया। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार, समीक्षा में महिला टीम के लिए एक नई 'परफॉर्मेंस लीड' भूमिका की जरूरत सामने आई है। इसके अलावा, रैचल पेटिट के पास मौजूद मैनेजर का पद भी समाप्त कर दिया गया है। अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए अंतरिम मुख्य कोच और टीम मैनेजर टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। स्थायी मुख्य कोच और परफॉर्मेंस लीड के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए न्यूजीलैंड की टीम की घोषणा अक्टूबर की शुरुआत में की जाएगी। सॉयर ने जून 2022 में न्यूजीलैंड महिला टीम की जिम्मेदारी संभाली थी। उनके कार्यकाल में टीम ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता और सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में 2024 आईसीसी महिला टी20 विश्व कप का ऐतिहासिक खिताब अपने नाम किया। जॉर्जिया प्लिमर, ईडन कार्सन और इज्जी गेज जैसी युवा खिलाड़ियों ने भी सॉयर के कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई और विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा बनीं। सॉयर ने न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के हवाले से कहा, "व्हाइट फर्न्स की कोचिंग करना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा और मैं इस टीम का नेतृत्व करने का अवसर मिलने के लिए बेहद आभारी हूं। यह टीम मेरे लिए बहुत मायने रखती है और मुझे पिछले चार वर्षों में हमने जो हासिल किया, उस पर बेहद गर्व है। हालांकि टीम से अलग होने को लेकर मैं निराश हूं, लेकिन मैं टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।" न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट अधिकारी डेरिल गिब्सन ने सॉयर के योगदान की सराहना करते हुए कहा, "बेन ने व्हाइट फर्न्स के लिए बदलाव और प्रगति के महत्वपूर्ण दौर का नेतृत्व किया।

## डॉसन और बेंटन के दम पर इंग्लैंड ने दूसरे टी20 में श्रीलंका को छह विकेट से हराया

**एजेंसी, कार्डिफ**



लियाम डॉसन और टॉम बेंटन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में गुरुवार देर रात श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने आक्रामक शुरुआत की। पाथुम निसांका ने जोफ्रा आर्चर के पहले ही ओवर में तीन चौके जड़ दिए, जबकि लाहिरू उदारा ने भी बाद में तेजी पकड़ी। श्रीलंका ने पांचवें ओवर के आधे पड़ाव तक 50 रन पूरे कर लिए। इंग्लैंड के कप्तान ने पावरप्ले के अंतिम ओवर में लियाम डॉसन को गेंद सौंपी और बाएं हाथ के स्पिनर ने लगातार दो गेंदों पर विकेट लेकर श्रीलंका की रफ्तार पर अंकुश लगा दिया। निसांका 37 रन बनाकर जेमी ओवरटन का शिकार बने। ओवरटन ने इसके बाद कामिंदु मेंडिस को बोल्ड किया, जबकि डॉसन ने दासुन शनाका को आउट कर श्रीलंका की मुश्किलें बढ़ा दीं। कप्तान चरिथ असलंका और वानिंदु हसरंगा ने 44 रन की साझेदारी कर श्रीलंका की पारी को संभाला। डॉसन के अंतिम ओवर में 18 रन आए, जिससे श्रीलंका ने 170 के आसपास पहुंचने की उम्मीद जगाई। हालांकि अंतिम तीन ओवरों में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने शानदार वापसी की। हैरी ब्रूक का आदिल राशिद को गेंद सौंपने का फैसला कारगर रहा और राशिद ने असलंका को आउट कर दिया।

### शतरंज ओलंपियाडः भारत ने इंडोनेशिया को 2.5-1.5 से हराया, महिला टीम ने फिनलैंड को दी मात

**एजेंसी, समरकंद** । शतरंज ओलंपियाड के दूसरे दौर में गुरुवार को भारत ने ओपन और महिला दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। ओपन वर्ग में भारत को इंडोनेशिया के खिलाफ 2.5-1.5 की जीत के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, जबकि महिला टीम ने फिनलैंड को 3.5-0.5 से हराकर आसान जीत दर्ज की। पहले दौर में आराम दिए जाने के बाद वापसी कर रहे आर. प्रज्ञानानंद ने शीर्ष बोर्ड पर काले मोहरों से इंडोनेशिया के सुशांतो मेगारांतो के खिलाफ लंबा मुकाबला खेला। खेल एंडगेम तक पहुंचा और 79 चालों के बाद दोनों खिलाड़ियों ने ड्रॉ पर सहमति जताई। निहाल सरीन ने भारत को पहली सफलता दिलाई। सफेद मोहरों से आईएम आरिफ अब्दुल हाफिज के खिलाफ खेलते हुए निहाल ने धीरे-धीरे दबाव बढ़ाया और अंतिम चरण में सामरिक बढ़त हासिल कर ली। हाफिज ने 37.एनसी5+ के बाद बाजी छोड़ दी। यह ओलंपियाड में निहाल की लगातार दूसरी जीत रही। डी. गुकेश को काले मोहरों से आईएम सात्रिया दुटा चहाया के खिलाफ जीत का रास्ता नहीं मिला। स्थिति सरल होने के बाद गुकेश ने लगातार क्वीन चेक के जरिए मुकाबला बराबर रखा और 51.क्यूडी1+ के बाद ड्रॉ हुआ। विदित गुजराती और आईएम नायका बुधिधर्मा के बीच मुकाबला भी बराबरी पर समाप्त हुआ।

## एशियाई खेलः मनु भाकर और तजिंदरपाल सिंह तूर होंगे उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक

**एजेंसी, नई दिल्ली**





जापान के आइची-नागोया में शनिवार को होने वाले एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में निशानेबाज मनु भाकर और गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर भारत के ध्वजवाहक होंगे। एशियाई खेलों के 20वें संस्करण में 500 से अधिक भारतीय खिलाड़ी 37 खेलों में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का समापन 4 अक्टूबर को होगा। भारत के शेफ-डी-मिशन सहदेव यादव ने एक बयान में कहा, "मनु भाकर ध्वजवाहकों में से एक होंगी।" इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने तजिंदरपाल सिंह तूर को दूसरा ध्वजवाहक बनाए जाने की पुष्टि की। 24 वर्षीय मनु भाकर दो बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं। वह जापान में 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। 31 वर्षीय तजिंदरपाल सिंह तूर एशियाई खेलों में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे। उन्होंने 2018 जकार्ता और 2023 हांगझोउ एशियाई खेलों में गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीता था। पिछले संस्करण में भारत ने चीन के हांगझोउ में कुल 106 पदक जीते थे, जिसमें 28 स्वर्ण पदक शामिल थे।

# बिजनेस

## स्टॉक मार्केट में जबरदस्त गिरावट के साथ पंचत्व भारत की एंट्री, जबरदस्त नुकसान में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



डेनिम फैब्रिक का उत्पादन और थोक वितरण का काम करने वाली कंपनी पंचत्व भारत लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने कमजोर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को झटका दे दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 140 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 7.89 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 128.95 रुपये के स्तर पर हुई। कमजोर लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये शेयर और गिरता चला गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये शेयर कुछ देर में ही गिर कर 122.55 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में लोअर सर्किट लगने के कारण कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 17.45 रुपये यानी 12.46 प्रतिशत का नुकसान हो गया। आईपीओ के तहत 1,000 शेयर का एक लॉट बनाया गया है। इस तरह से आज पहले दिन ही आईपीओ निवेशकों को प्रति लॉट 17,450 रुपये तक का नुकसान हो गया। इस कंपनी का 24.58 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.40 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.39 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.41 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 17.56 लाख शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ में शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, आईपीओ से जुड़े खर्चों की भरपाई करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। पंचत्व भारत की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 2.02 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 2.83 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 4.03 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 39.31 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 48.99 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 56.87 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर 7.66 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 7.74 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो इस दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ उछल कर 14.18 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस अवधि में कंपनी के नेटवर्थ में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का नेटवर्थ 3.39 करोड़ रुपये के स्तर पर था। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का नेटवर्थ बढ़ कर 9.05 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में ये उछल कर 12.62 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

### रक्सन ट्रांसफॉर्मर्स की स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री

### शुरुआती गिरावट के बाद लिवाली के सपोर्ट मजबूत हुए शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली** । इलेक्ट्रिक ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली कंपनी रक्सन ट्रांसफॉर्मर्स लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को शुरुआती झटका दे दिया। हालांकि, लिस्टिंग के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर यह शेयर मुनाफे की स्थिति में आ गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 273 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी उतार चढाव के 273 रुपये के स्तर पर ही हुई।

फ्लैट लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर लुढ़क कर 261.30 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी। लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर कुछ देर में ही रिकवरी कर हरे निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दोपहर 1:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद ये शेयर 285.90 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## ओम गैलेक्सी ने आईपीओ निवेशकों को किया निराश, सांकेतिक बढ़त के साथ एंट्री के बाद शेयर के भाव में आई गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पाइप फिटिंग, इंडस्ट्रियल मोल्ड और ऑटोमोटिव मोल्ड बनाने वाली कंपनी ओम गैलेक्सी लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने सांकेतिक बढ़त के साथ एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 90 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 0.22 प्रतिशत के सांकेतिक प्रीमियम के साथ 90.20 रुपये के स्तर पर हुई। लगभग सपाट स्तर पर हुई इस लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर लुढ़क कर 85.75 रुपये के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण कंपनी के शेयरों के भाव में सुधार होने लगा। दोपहर 1:45 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 90 रुपये के स्तर पर बने हुए थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों कोई न तो कोई नुकसान था और न ही कोई फायदा। कंपनी का 105 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.84 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 2.93 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.07 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.61 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फेस वैल्यू वाले 1,16,67,200 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट सेटअप करने, पुराने कर्ज को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, आईपीओ से जुड़े खर्चों की भरपाई करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। ओम गैलेक्सी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 12.04 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 15.92 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 16.64 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 105.12 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 113.13 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 124.68 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर 32.07 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में घट कर 25.13 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो इस दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ उछल कर 37.79 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## स्टॉक मार्केट में प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लुढ़के वीगालैंड डेवलपर्स के शेयर, लोअर सर्किट के बावजूद मुनाफे में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केरल की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी वीगालैंड डेवलपर्स लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूती के साथ एंट्री की। हालांकि लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी देर में ही इस शेयर पर लोअर सर्किट लग गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 140 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 7.86 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 151 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 10 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 154 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस शेयर की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण थोड़ी देर में ही ये शेयर गिरकर बीएसई पर 143.45 रुपये और एनएसई पर 146.30 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह प्रीमियम लिस्टिंग होने के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशकों के मुनाफे में गिरावट आ गई। इस तरह अभी तक के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशक प्रति शेयर अधिकतम 6.30 रुपये यानी 4.50 प्रतिशत के फायदे में थे। इस कंपनी का 210 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 14.60 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 19.13 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 19.41 गुना सब्सक्रिप्शन आया था।

### सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में लगातार पांचवें दिन बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली** । घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 570 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 620 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। वहीं, चांदी के भाव में आज लगातार पांचवें दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। ये चमकीली धातु आज भी शुरुआती कारोबार के दौरान सोमवार के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। कीमत में हुए इस बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,52,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,40,090 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,52,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

## स्टॉक मार्केट में महाराजा एंड स्पीडेक्स इंडिया की धमाकेदार शुरुआत, प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**एजेंसी, नई दिल्ली**




स्पीडेक्स ब्रैंड नेम से स्टेनलेस स्टील की सिंगल वॉल बोतल, डबल वॉल वैक्यूम इंसूलेटेड बोतल और अन्य स्टेनलेस स्टील उत्पाद बनाने वाली कंपनी महाराजा एंड स्पीडेक्स इंडिया लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त मजबूती के साथ एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 186 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर पर इसकी लिस्टिंग 34.40 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 250 रुपये के स्तर पर हुई। जोरदार लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली की वजह से ये शेयल गिर कर 240 रुपये के स्तर पर आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस शेयर की स्थिति में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदीरी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 262.50 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 76.50 रुपये यानी 41.13 प्रतिशत का फायदा हो गया। इस कंपनी का 80.13 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 23.06 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 20.51 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 39.53 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 19.65 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।